Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 13 । अंक 79
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com



आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10
शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करेगा


## जलगांव में ट्रेन हादसा, 12 की मौत

**पीटीआई ।** जलगांव

**उत्तर** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार शाम को एक ट्रेन में आग की अफवाह के बाद पटरी पर उतर गए कुछ यात्री पास की पटरी पर विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए और इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री गिरीश महाजन ने जिलाधिकारी द्वारा दी गई सूचना के हवाले से कहा कि इस दुर्घटना में 10 से 12 लोगों की मौत हो गई, वहीं जलगांव निवासी केंद्रीय मंत्री रक्षा खड़से ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार मरने वाले लोगों की संख्या 40 तक पहुंच सकती है। यह दुर्घटना मुंबई से 400 किलोमीटर से भी अधिक दूर स्थित पचोरा के निकट माहेजी और परधाडे स्टेशनों के बीच हुई जहां शाम करीब पांच बजे लखनऊ-पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के कारण किसी ने चेन खींच दी और ट्रेन रुक गई। मध्य रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी और उन्होंने मृतक संख्या की पुष्टि नहीं की।

मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के कुछ यात्री नीचे उतर गए और बेंगलुरु से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। घटनास्थल के कुछ वीडियो में कुछ लोगों के शव और क्षत-विक्षत अंग देखे जा सकते हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना पर दुख जताया और कहा कि जलगांव जनरल अस्पताल और आसपास के अस्पतालों को हादसे में घायल यात्रियों के उपचार के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। दावोस गए फडणवीस ने एक्स पर लिखा, जलगांव जिले में पचोरा के पास बहुत दुर्भाग्यपूर्ण

(शेष पृष्ठ 9)



महाराष्ट्र के जलगांव जिले में हादसे के बाद घटना स्थल पर उपस्थित लोग

### कर्नाटक में दो हादसो में 14 गई जान

**पीटीआई ।** एल्लापुरा/रायचूर (कर्नाटक)

**उत्तर कन्नड़** और रायचूर जिलों में बुधवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में 14 लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायलों की हालत खतरे से बाहर है, लेकिन वह उपचाराधीन है। हादसों पर शोक जताते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि मृतकों के परिवारों को उचित अनुग्रह राशि दी जाएगी। सिद्धरमैया ने एक बयान में कहा, उत्तर कन्नड़ जिले के एल्लापुर और रायचूर जिले के सिंधनूर में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में 14 लोगों की मौत की खबर हृदय विदारक है। मैं मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा, मृतकों के परिवारों को सरकार द्वारा उचित अनुग्रह राशि दी जाएगी। पुलिस ने बताया कि एल्लापुर में 29 फल विक्रेताओं को ले जा रहा एक ट्रक बुधवार सुबह सावनूर-हुबली रोड पर वन क्षेत्र में 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एम नारायण ने बताया कि हावेरी जिले के सावनूर के निवासी पीड़ित फल बेचने के लिए एल्लापुर मेले जा रहे थे। नारायण ने पीटीआई-भाषा को बताया, सुबह करीब साढ़े पांच बजे ट्रक चालक दूसरे वाहन को रास्ता देने के प्रयास में बाईं ओर मुड़ गया और 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। उन्होंने बताया कि वहां कोई

(शेष पृष्ठ 9)



उत्तर कन्नड़ के येल्लापुर में पलटी हुई लॉरी को क्रेन से उठाया गया।

# मध्यम वर्ग को साधने में लगे भाजपा-आप

## प्रधानमंत्री ने आप पर साधा निशाना

**सौम्या शुक्ला ।** नई दिल्ली

**दिल्ली विधानसभा** चुनाव से पहले माहौल गरमाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को पानी जैसी बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने धन शोधन से जुड़े आबकारी नीति घोटाले का हवाला देते हुए कहा कि 'शराब उपलब्ध है, लेकिन पानी नहीं है।' प्रधानमंत्री ने ये टिप्पणियां 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के दौरान कीं। इस दौरान उन्होंने राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों से विधानसभा चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक बूथ जीतने का लक्ष्य रखने का आग्रह किया। विधानसभा चुनावों में भारी जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं से दो लक्ष्य निर्धारित करने को कहा - मतदान के सभी रिकॉर्ड तोड़ना और यह सुनिश्चित करना कि भाजपा को प्रत्येक बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिलें। उन्होंने कहा कि आप रोज नई घोषणाएं कर रही है क्योंकि उन्हें रोज हार की नई खबर मिल रही है। उन्होंने कहा, 'ये आप-दा वाले अब हर दिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब यह है कि उन्हें हर दिन हार की नई खबरें मिल रही हैं। वे इतने डरे हुए हैं कि उन्हें हर सुबह एक नई घोषणा करनी पड़ती है, लेकिन अब दिल्ली की जनता उनका खेल समझ चुकी है। उन्होंने कहा, 'आजकल ये आप लोग नारे लगा रहे हैं कि 'फिर आएंगे, फिर आएंगे'। मोदी ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर आप पर हमला करते हुए कहा, 'लेकिन जनता उन्हें जवाब दे रही है कि 'ये फिर खाएंगे, फिर खाएंगे।'

मोदी ने दावा किया कि जनता में आप सरकार के खिलाफ काफी गुस्सा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी कह रहा है कि 'हम आप को हटाएंगे और भाजपा को सत्ता में लाएंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि आप नेता अपनी विचारधारा से विमुख हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'इस पार्टी का गठन जन लोकपाल के नाम पर हुआ था। लेकिन आज यह न तो दिल्ली में है, न पंजाब में और न ही लोग इसके नाम पर बोलते हैं। उन्होंने कहा, ''वे दिल्ली में बहाने बनाते हैं, लेकिन पंजाब में उनकी सरकार है और वे वहां भी ऐसा नहीं कर रहे हैं।'उन्होंने कहा, 'भाजपा ने राम मंदिर, अनुच्छेद 370, यूसीसी को अपनी विचारधारा के मूल में रखा और पूरी ईमानदारी से उन पर काम किया। उन्होंने कहा, 'हमारी विचारधारा का केवल एक ही केंद्र बिंदु है राष्ट्र प्रथम।' उन्होंने महिलाओं से किये गये वादे पूरे न करने के लिए आप और कांग्रेस दोनों की आलोचना की। उन्होंने कहा, हिमाचल की लाखों बहनें आज भी कांग्रेस के वादे पूरे होने का इंतजार कर रही हैं। पहले हरियाणा की बहनों को और फिर महाराष्ट्र की बहनों को भी कांग्रेस ने झूठी घोषणाएं करके गुमराह किया। उन्होंने कहा कि आप कांग्रेस से दो कदम आगे है। उन्होंने कहा, आप दा ने पंजाब की बहनों को हर महीने 1,000 रुपये देने का वादा किया था। तीन साल हो गए लेकिन उन्होंने अभी तक एक पैसा भी नहीं दिया। दिल्ली में भी काफी समय पहले घोषणा की गई थी कि हर महिला को 1,000 रुपये दिए जाएंगे; वह पैसा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। लेकिन अब वे इसमें वृद्धि की घोषणा कर रहे हैं। यह दुनिया का पहला ऐसा आप-दा मॉडल है, जो सिर्फ हवा में घोषणाएं करता है, झूठ बोलता है और धोखा देता है।

(शेष पृष्ठ 9)








दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले घोषणापत्र जारी करने के दौरान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाषण दिया।

## केजरीवाल ने की वेतनभोगी वर्ग की पैरवी

**राजेश कुमार ।** नई दिल्ली

**मध्यम वर्ग** को करआतंकवाद का शिकार तथा सरकार के एटीएम तक सीमित रह जाने का दावा करते हुए, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरवाल ने बुधवार को आगामी दिल्ली चुनाव के लिए अपनी पार्टी के घोषणापत्र को जारी किया। इसमें सात केंद्रीय बजट 2025 के लिए मांगे शामिल की गई है जिसे उनके सांसद मध्यम वर्ग के हित के लिए संसद में उठाएंगे। केजरीवाल ने अन्य राजनीतिक दलों पर मध्यम वर्ग को 'सिर्फ गरीब लोगों के लिए एटीएम' समझने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक महाशक्ति है, लेकिन इसे लंबे समय से नजरअंदाज किया गया है तथा केवल कर संग्रह के लिए इसका शोषण किया जाता रहा है। पार्टी की केंद्र से प्रमुख मांगों में शिक्षा बजट को 2 फीसदी से बढ़ाकर 10 फीसदी करना, उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना, स्वास्थ्य बजट में वृद्धि करना, आवश्यक वस्तुओं पर कर हटाना, वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन योजना शुरू करना और 50 फीसदी रियायत देना शामिल है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेलवे टिकट पर छूट आदि शामिल है। यह पहली बार है कि दिल्ली में किसी राजनीतिक दल ने मध्यम वर्ग के मुद्दों को संबोधित करने का प्रयास किया है। दिल्ली का मध्यम वर्ग, जो कि इसकी कुल आबादी का 45 प्रतिशत है, आगामी

(शेष पृष्ठ 9)

### केजरीवाल की सात मांगें

- देश भर में निजी स्कूलों की फीस पर विनियमन।
- उच्च शिक्षा में सब्सिडी और छात्रवृत्ति।
- स्वास्थ्य बजट को 10 फीसदी तक बढ़ाना; कर मुक्त स्वास्थ्य बीमा।
- आयकर छूट सीमा बढ़ाकर 10 लाख की जाए।
- आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी समाप्त करें।
- मजबूत सेवानिवृत्ति योजनाएं और पेंशन।
- रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50 फीसदी रियायत बहाल की जाए।

## रहस्यमय मौतों के बीच जम्मू का गांव सील

**मोहित कंधारी ।** जम्मू

**जिला** मजिस्ट्रेट राजौरी ने बधाल गांव को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है, जहां 7 दिसंबर, 2024 से अब तक रहस्यमय बीमारी के कारण 17 मौतें हुई हैं। आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया। बीएनएसएस की धारा 163 मजिस्ट्रेटों को आपातकालीन स्थितियों में लिखित आदेश जारी करने की शक्ति प्रदान करती है। जिला मजिस्ट्रेट, राजौरी के कार्यालय द्वारा 21 जनवरी, 2025 को जारी आदेश के अनुसार, बधाल क्षेत्र में हाल की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निम्नलिखित आदेश जारी किए जाते हैं।

इस बीच, पिछले 24 घंटों में तीन बहनों समेत चार ग्रामीणों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को 25 वर्षीय युवक ऐजाज अहमद में रहस्यमय बीमारी के कुछ लक्षण दिखे, जिसके बाद उसे जीएमसी जम्मू ले जाया गया, जहां से उसे विशेष व्यवस्था के तहत पीजीआई चंडीगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया। बुधवार सुबह तीन बहनें जीएमसी राजौरी पहुंचीं। डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रख रहे हैं; यदि आवश्यकता हुई तो तीनों को जीएमसी, जम्मू स्थानांतरित कर दिया जाएगा। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (राजौरी) राजीव कुमार खजूरिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार, गांव को तीन नियंत्रण क्षेत्रों में विभाजित किया गया है - पहले में वे सभी परिवार शामिल हैं जहां मौतें हुई हैं।

प्रभावित परिवारों के घरों को सील कर दिया जाएगा और उनके परिवार के सदस्यों सहित सभी व्यक्तियों के लिए प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा, जब तक कि नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अन्यथा अधिकृत न किया जाए। आदेश में कहा गया है कि नियंत्रण क्षेत्र 2 में प्रभावित व्यक्तियों के निकट संपर्क में आए सभी परिवारों के सदस्यों को निरंतर स्वास्थ्य निगरानी के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज, राजौरी में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जो अनिवार्य है। आदेश में कहा गया है कि सभी घरों को नियंत्रण क्षेत्र-3 के अंतर्गत लाया जाएगा और खाद्य उपभोग की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा, अनुपालन को लागू करने के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा और लॉग बुक बनाए रखने के लिए नामित अधिकारी तैनात किए जाएंगे। आदेश में कहा गया है, संक्रमण को और फैलने से रोकने के लिए इन नियंत्रण क्षेत्रों के अधिकार क्षेत्र में सभी सार्वजनिक और निजी समारोहों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि नामित अधिकारी कंटेनमेंट जोन में परिवारों को दिए जाने वाले सभी भोजन की निगरानी के लिए

(शेष पृष्ठ 9)



जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुदूर बधाल गांव को निषिद्ध क्षेत्र घोषित किए जाने और सभी सार्वजनिक एवं निजी समारोहों पर रोक लगा दी गई है

## दिल्ली चुनाव के लिए नहीं मिली ताहिर हुसैन को बेल

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर विभाजित फैसला सुनाया। हुसैन ने इस याचिका में विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल ने हुसैन की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह कोई मामला नहीं बनता, जबकि न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जा सकता है। इस मुद्दे पर फैसला करने के वास्ते नई पीठ के गठन के लिए मामला प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के समक्ष रखा जाएगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी 2020 को हिंसा भड़क उठी थी जिसमें 53 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। हुसैन फरवरी 2020 में हुए दंगों के एक मामले में आरोपी हैं जो खुफिया ब्यूरो के कर्मचारी अंकित शर्मा की मौत से जुड़ा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 26 फरवरी, 2020 को शिकायतकर्ता रविंदर कुमार ने दयालपुर पुलिस स्टेशन को सूचित किया कि उनका बेटा अंकित शर्मा 25 फरवरी, 2020 से लापता है। दंगा प्रभावित क्षेत्र के खजूरी खास नाले से शर्मा का शव बरामद किया गया और उनके शरीर पर चोटों के 51 निशान थे।

## गैंगरेप के बाद किशोरी समेत तीन की हत्या में पांच को मौत की सजा

**कोरबा ।** पीटीआई

**छत्तीसगढ़** के कोरबा जिले की अदालत ने पहाड़ी कोरबा जनजाति की 16 वर्षीय बालिका से सामूहिक बलात्कार और उसके समेत परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के आरोप में पांच लोगों को फांसी और एक व्यक्ति कोआजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इस वारदात से संपूर्ण समाज की सामूहिक चेतना को आघात पहुंचा है। कोरबा जिले में विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश डॉक्टर ममता भोजवानी की अदालत ने 16 वर्षीय बालिका से सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के अलावा उसके परिवार के दो अन्य सदस्यों (पीड़िता के लगभग 60 वर्षीय पिता और उसकी करीब चार वर्षीय भतीजी) की हत्या करने के आरोप में संतराम मंझवार (45), अनिल कुमार सारथी (20), आनंदराम पनिका (26), परदेशी राम (35) तथा अब्दुल जब्बार (21) को फांसी की सजा सुनाई है।

अदालत ने इस मामले के अन्य आरोपी उमाशंकर यादव (22) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक ने ॅबताया कि अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपियों का यह अमानवीय एवं निर्दयता पूर्वक किया गया कृत्य अत्यधिक विकृत, वीभत्स, पाशविक एवं कायरतापूर्ण है। मिश्रा ने बताया कि अदालत ने आरोपियों को भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो)अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया और उन्हें सजा सुनाई। 208 पन्नों के आदेश की प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई। लोक अभियोजक ने बताया कि उन्होंने सभी छह आरोपियों के लिए मौत की सजा की मांग की थी, लेकिन यादव को चिकित्सा आधार पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यादव की मेडिकल जांच से पता चला था कि एक दुर्घटना के बाद उसकी सर्जरी हुई थी जिसमें उसका प्राइवेट पार्ट क्षतिग्रस्त हो गया था। मिश्रा ने बताया कि बलात्कार में यादव की संलिप्तता स्थापित नहीं हुई थी, लेकिन साजिश और हत्या में उसकी भूमिका पाई गई, जिसके बाद उसे धारा 302 के तहत दोषी ठहराया गया। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी 2021 को जिले के लेमरू थाना क्षेत्र के अंतर्गत गढ़-उपरोडा गांव में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के अंतर्गत आने वाले पहाड़ी कोरवा परिवार के तीन सदस्यों की हत्या का मामला सामने आया था।

मिश्रा ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपियों ने परिवार की 16 वर्षीय बालिका, उसके 60 वर्षीय पिता और उनकी लगभग चार वर्षीय पोती (दुष्कर्म पीड़िता की भतीजी) को जंगल में ले जाकर पत्थरों से कुचलकर मार डाला था। इससे पहले उन्होंने 16 वर्षीय बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। मिश्रा ने बताया कि पुलिस की जांच में यह भी खुलासा हुआ था कि मुख्य आरोपी संतराम मंझवार, जो पीड़ित परिवार को अपने यहां काम पर रखा था, ने 16 वर्षीय बालिका को अपनी दूसरी पत्नी बनाने के लिए दबाव डाल रहा था। जब बालिका के परिवार ने इसका विरोध किया तब संतराम ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर तीन लोगों की हत्या कर दी। घटना से पहले उन्होंने बालिका के साथ सामूहिक बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि पुलिस की जांच में जानकारी मिली कि बरपानी गांव निवासी बालिका का पिता जुलाई 2020 से मुख्य आरोपी मंझवार के घर पर मवेशी चराने का काम कर रहा था। 29 जनवरी, 2021 को मंझवार ने उस व्यक्ति, उसकी बेटी (16) और पोती (चार) को अपनी मोटरसाइकिल से उनके गांव तक पहुंचाने की पेशकश की।

रास्ते में वे कोराई गांव में रुके और मंझवार ने शराब पी, जिसके बाद अन्य आरोपी भी उसके साथ शामिल हो गए। आरोपी तीनों पीड़ितों को गढ़-उपरोड़ा गांव के करीब जंगल से घिरी एक पहाड़ी की तलहटी में ले गए, जहां आरोपियों ने कथित तौर पर 16 वर्षीय लड़की के साथ उसके पिता के सामने बलात्कार किया। लोक अभियोजक ने बताया कि बाद में आरोपियों ने पिता, बेटी और पोती को पत्थरों तथा डंडों से पीटा और उन्हें जंगल में फेंक दिया। बाद में सभी आरोपी वहां से भाग गए। उन्होंने बताया कि घटना के चार दिन बाद, जब मृतक के बेटे ने लेमरू पुलिस थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, तब पुलिस ने कार्वाई की और दो फरवरी को छह आरोपियों को पकड़ लिया। मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के बयानों के आधार पर पुलिस दो फरवरी को घटनास्थल पर पहुंची, जहां उन्होंने घायल बलात्कार पीड़ित बालिका को

(शेष पृष्ठ 9)



## मुठभेड़ में घायल इंस्पेक्टर शहीद

**पायनियर समाचार सेवा ।** गुरुग्राम

**मेरठ के** शामली में बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में घायल मेरठ एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार का गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी में इलाज के दौरान बुधवार को निधन हो गया। उन्हें यहां गंभीर घायलावस्था में भर्ती कराया गया था। बता दें कि यूपी एसटीएफ की मेरठ टीम ने शामली के झिंझाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब 2:30 बजे मुस्तफा कग्गा गैंग के बदमाशों की घेराबंदी की थी। मुस्तफा कग्गा गैंग के सदस्य अरशद निवासी थाना गंगोह जिला सहारनपुर व उसके तीन साथी मंजीत, सतीश व एक अन्य के साथ मुठभेड़ हो गई थी थी। आमने सामने की फायरिंग में एसटीएफ ने चार बदमाशों को ढेर कर दिया था।

# प्रधानमंत्री मोदी 5 फरवरी को कुंभ का दौरा करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा ।** महाकुंभ नगर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले का दौरा करने वाले हैं। यह जानकारी सूत्रों से मिली है। इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन में पहले ही लाखों श्रद्धालु शामिल हो चुके हैं और प्रधानमंत्री के दौरे से इस ऐतिहासिक समागम की ओर और अधिक ध्यान आकर्षित होने की उम्मीद है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 जनवरी को महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले हैं। अपनी यात्रा के दौरान, शाह के संगम में पवित्र डुबकी लगाने, गंगा पूजा करने और आयोजन की देखरेख करने वाले अधिकारियों के साथ चर्चा करने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी एक फरवरी को मेले का दौरा करने वाले हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित शीर्ष गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी की पुष्टि की थी। योगी ने कहा, 'उनकी उपस्थिति महाकुंभ मेले के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करती है, जो भारत की विरासत का गौरवपूर्ण प्रतीक है।' प्रशासन इन उच्चस्तरीय नेताओं की यात्राओं के दौरान सुचारू रसद और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहा है। इन तिथियों के दौरान श्रद्धालुओं की अपेक्षित भीड़ और मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। मोदी, शाह और धनखड़ जैसे नेताओं के शामिल होने से महाकुंभ मेला एक स्मारकीय आयोजन बनने की ओर अग्रसर है, जिसमें आध्यात्मिकता, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव का सम्मिश्रण होगा।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पवित्र संगम में अपने मंत्रिमंडल सहित उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया स्नान

## पटौदी परिवार की संपत्ति शत्रु संपत्ति के रूप में चिन्हित

**पायनियर समाचार सेवा ।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** उच्च न्यायालय ने अभिनेता सैफ अली खान को झटका देते हुए केंद्र सरकार के उस आदेश के खिलाफ अपीलीय प्राधिकरण में जाने को कहा है, जिसमें भोपाल में पटौदी परिवार की 15,000 करोड़ रुपये की अनुमानित कीमत वाली ऐतिहासिक संपत्तियों को 'शत्रु संपत्ति' के रूप मेंअवैध घोषित किया गया है। जिन संपत्तियों पर सवाल उठाए जा रहे हैं उनमें फ्लैग स्टाफ हाउस, जहां सैफ ने अपना बचपन बिताया, लक्जरी होटल नूर-उस-सबा पैलेस, दार-उस-सलाम, हबीबी का बंगला, अहमदाबाद पैलेस और कोएफिजा प्रॉपर्टी शामिल हैं। अदालत 2015 से खान की चुनौती पर सुनवाई कर रही थी। पिछले साल 13 दिसंबर को, जब सरकार को अदालत से पता चला कि शत्रु संपत्ति के संबंध में विवादों के निपटारे के लिए एक अपीलीय प्राधिकरण का गठन किया गया है, तो न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने कहा कि पक्षकार अपील दायर कर सकते हैं। 1947 में भोपाल रियासत पर नवाब हमीदुल्लाह खान का शासन था। उनकी तीन बेटियाँ थीं, जिनमें से सबसे बड़ी, आबिदा सुल्तान, 1950 में पाकिस्तान चली गईं। दूसरी बेटी, साजिदा सुल्तान,

(शेष पृष्ठ 9)

# मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब परियोजना निर्माण में देरी

## अगले साल तक शुरू होगा काम, चयन की प्रक्रिया मई 2025 तक पूरी हो जाएगी

● 2028 में इसका संचालन शुरू हो जाएगा, विकासकर्ता को 45 साल की अवधि के लिए लाइसेंस दिया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कारिडोर व इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप (आइआइटीजीएनएल) से जुड़ी मल्टी माडल लाजिस्टिक हब परियोजना का निर्माण अगले साल अप्रैल तक शुरू होगा।

इसे पीपीपी माडल पर विकसित किया जाएगा। विकासकर्ता के चयन की प्रक्रिया मई तक पूरी हो जाएगी। निर्माण कार्य के लिए दो साल का समय दिया जाएगा। 2028 में इसका संचालन शुरू हो जाएगा। इसके निर्माण संचालन के लिए विकासकर्ता को 45 साल की अवधि के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। लाजिस्टिक हब के लिए 10 प्रतिशत जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कारिडोर के साथ मल्टी माडल लाजिस्टिक हब को 825 एकड़ में विकसित किया जाएगा। इसके विकास पर तकरीबन 8325 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें 5911 करोड़ रुपये विकासकर्ता निवेश करेगा। आइआइटीजीएनएल के अधिकारियों के अनुसार, लाजिस्टिक हब में वेयरहाउस, रेलवे कनेक्टिविटी, कोल्ड स्टोरेज, ट्रक पार्किंग, माल के पृष्कर, कस्टम संबंधित सेवाएं, अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इसे डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर से साढ़े तीन किमी लंबा रेलवे ट्रैक बनाकर जोड़ा जाएगा। इससे माल की ढुलाई आसानी से संभव होगी।परियोजना के लिए अगले माह तक सार्वजनिक-निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति की स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

इसके बाद विकासकर्ता चयन के लिए प्रस्ताव मांगे जाएंगे। आइआइटीजीएनएल ने परियोजना की निविदा एवं विकास कार्य की निगरानी के लिए ईएडंवाइ को नियुक्त किया है। मल्टी माडल लाजिस्टिक हब के साथ मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट हब भी विकसित होगा।

इसमें अंतरराज्यीय बस अड्डा, मेट्रो व रेल कनेक्टिविटी की सुविधा होगी। यमुना प्राधिकरण में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क (एमडीपी) में आधुनिक मशीन लगेगी। इनके लिए केंद्र सरकार से जल्द राशि जारी होने की उम्मीद है। यह मशीन कामन फैसेलिटी सेंटर में लगेगी। एमडीपी में स्थापित होने वाली इकाइयों को फायदा होगा। एमडीपी के लिए केंद्र सरकार ने 100 करोड़ का अनुदान दिया है।

इसमें अभी 30 करोड़ पहली किस्त जारी है। इससे प्रशासनिक भवन समेत टूल रूप समेत अन्य ढांचा विकसित है। पिछले दिनों केंद्रीय फार्मास्युटिकल विभाग के निदेशक हितेंद्र साहू ने एमडीपी में हुए कार्यों का निरीक्षण किया था ताकि अगली किस्त जारी हो सके।

एमडीपी में कामन टूलिंग रूम, उडी डिजाइनिंग, रैपिड प्रोटो टाइपिंग एंड टूलिंग, मेकाट्रोनिक जोन इलेक्ट्रानिक एसेंबली एक्सपोर्ट पेड प्रमोशन, इंक्यूबेशन सेंटर एंड सेंटर आफ एक्सीलेंस, कौशल विकास केंद्रीय वेयर हाउस आदि को विकसित किया जाएगा।

# तीन अलग हादसों में दो लोगों की मौत, तीन गभीर रूप से घायल

● तेज रफ्तार ट्रक से पिकअप को मारी टक्कर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




मोदीनगर के मुरादनगर थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला हादसा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास देर रात करीब दो बजे हुआ।

बदायूं जिले के उझानी थाना क्षेत्र के उलौहतापुर गांव निवासी जसवीर सिंह अपनी पिकअप में हरी मिर्च लेकर नोएडा से अंबाला जा रहे थे। रेवड़ा रेवड़ी के पास गाड़ी का टायर पंचर हो गया। जसवीर और उनके क्लीनर धर्मेंद्र टायर बदल रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप में टक्कर मार दी। इस हादसे में धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक मनोज कुमार, जो हरदोई जिले के पचदेवरा का रहने वाला है, घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। दूसरा हादसा रावली रोड पर हुआ, जहां एक अज्ञात वाहन ने 30 वर्षीय युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है। तीसरा हादसा पाइपलाइन मार्ग पर एनटीपीसी गोदाम के पास हुआ। यहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दिव्यांशू ढौडीयाल और शानू गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दिव्यांशू का हाथ का पंजा अलग हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# नोएडा कामर्शियल योजना में आए चार डेवलपर

● 3 हजार करोड़ का होगा निवेश , 1000 से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा प्राधिकरण की कामर्शियल प्लाट स्कीम के तहत चार डेवलपर्स को प्लाट आवंटित किए गए।

इस आवंटन से प्राधिकरण में करीब 3 हजार करोड़ का निवेश मिलेगा। इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। प्राधिकरण ने सेक्टर-62,96,97,98,105 में आठ कामर्शियल भूखंड की 20 हजार वर्गमीटर से बड़े भूखंडों की योजना 2024-25 (बिल्डर भूखंड -1) निकाली थी। योजना के तहत 26 सितंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक आवेदन किए। इसके अलावा सेक्टर-40,50,93बी , 94,135 में 20 हजार वर्गमीटर से छोटे 5 भूखंड की स्कीम 30 सितंबर से 9 दिसंबर 2024 तक रही। इसमें प्रतिभाग करने वाले डेवलपर्स में 21 और 22 जनवरी को ई ऑक्शन कराया गया। सर्वाधिक बोली लगाने वाले चार डेवलर्स को भूखंड आवंटन किया गया। जिन भूखंडों के लिए बोली नहीं लगी उनके लिए दोबारा से आवेदन प्रक्रिया को खोला जाएगा।

## रॉटवाइलर क़ुत्ते का महिला पर जानलेवा हमला

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र स्थित राजनगर एक्सटेंशन की गुलमोहर गार्डन सोसाइटी में एक खतरनाक रॉटवाइलर कुत्ते ने दो महिलाओं पर हमला कर दिया। घटना रात के समय की है, जब एक महिला सोसाइटी में जा रही थी और अचानक पालतू रॉटवाइलर ने उस पर हमला कर दिया।

सोसाइटी के एओए अध्यक्ष अभिषेक पांडे के अनुसार, कुत्ते ने लंबे समय तक महिला पर हमला किया, जिससे उसका बायां हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया। महिला की चीख-पुकार सुनकर जब दूसरी महिला उसे बचाने आई, तो कुत्ते ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गई।

# ग्रेटर नोएडा को गाजियाबाद से जोड़ेगा एक फ्लाईओवर

● विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने का काम शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी गांव को गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक से जोड़ने के लिए फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने का काम शुरू कर दिया गया है।

केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) की एक टीम पहले ही निर्माण स्थल का निरीक्षण और फिजिबिलिटी का अध्ययन कर चुकी है। एक बार फ्लाईओवर बनने से लाखों वाहन चालकों को फायदा होगा। प्राधिकरण ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शाहबेरी गांव से लेकर ग्रुप हाउसिंग कॉम्प्लेक्स क्रॉसिंग रिपब्लिक तक सड़क पर भारी ट्रैफिक रहता है। ऐसे में सड़क के दोनों साइड यहां जाम की समस्या रहती है। जिससे वाहन चालकों को जाम की सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सड़क पर फ्लाईओवर निर्माण के संबंध में सीआरआरआई के साथ संयुक्त रूप से फिजिकल निरीक्षण किया गया। सीआरआर आई द्वारा यातायात सर्वेक्षण कर एक फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की है। बतौर इसके लिए सीआरआरआई को 19 लाख रुपये का भुगतान किया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक (परियोजना) एके सिंह ने कहा कि सीआरआरआई ने अपनी रिपोर्ट में फ्लाईओवर के दो डिजाइन का सुझाव दिया। एक डिज़ाइन में यह 14 मीटर चौड़ी 800 मीटर लंबी और दूसरी डिज़ाइन में यह 16 मीटर चौड़ी 800 मीटर लंबा फ्लाईओवर हो सकता है। सीआरआरआई अगले एक महीने में एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। जिसमें बजट, फ्लाईओवर की लंबाई, निर्माण कार्य की समय सीमा शामिल होगी।

इसके बाद डीपीआर को प्राधिकरण बोर्ड में रखा जाएगा। वहां से पास करने के बाद इसे अंतिम मंजूरी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा । एक बार जब राज्य सरकार इसे मंजूरी दे देगी तो प्राधिकरण साइट पर निर्माण कार्य के लिए एक एजेंसी को नियुक्त करने के लिए टेंडर जारी करेगा।

# संक्षिप्त समाचार

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव में वैक्सीन कारगर



**नोएडा।** सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसर है, लेकिन शुरुआती चरण में इसकी पहचान नहीं होने से कई महिलाएं जान गंवा देती है। ग्रेटर नोएडा स्थित फोर्टिस अस्पताल की कैंसर रोग विशेषज्ञ की सर्जन डॉ. प्रिया बंसल के अनुसार अस्पताल में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह शुरू किया गया है। डॉ. प्रिया बंसल ने कहा, जागरूकता के आभाव में देश में सिर्फ एक फीसदी महिलाएं ही नियमित रूप से स्क्रीनिंग करवाती हैं। इससे बचाव के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी वैक्सीन उपलब्ध है। इसके अलावा, 25 से 65 वर्ष की उम्र की महिलाओं के लिए नियमित स्क्रीनिंग बहुत जरूरी है। उन्होंने 9 से 26 वर्ष की उम्र की लड़कियों को वैक्सीनेशन जरूर करवानी चाहिए। इसके साथ ही, 25 से 65 वर्ष की महिलाओं को नियमित पप स्मीयर टेस्ट कराना चाहिए।

### चंद सेकेंड में नोटों का बैग ले उड़े बदमाश

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 8 सेकेंड में ही बदमाश से साढ़े 3 लाख रुपये से भरा बैग लूट ले गए। सीसी टीवी फुटेज भी सामने आई है। जहां दो बाइकों पर सवार बदमाश पहले रेकी करते रहे। उसके बाद पीछे से बाइक पर आए बदमाशों ने दूल्हे के चाचा से बैग लूट लिया। पीड़ित ने पीछा किया लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस के अनुसार दिल्ली निवासी इंद्रपाल ठाकुर ने पुलिस को सूचना दी। जिसमें पीड़ित ने बताया कि मैने अपने बेटे की शादी गाजियाबाद के लोनी में तय की थी। रविवार को बेटे की बारात लोनी पहुंची थी। दुल्हन पक्ष ने बारात को रोकने का इंतजाम गाजियाबाद में बंथला फलाईओवर के पास कर रखा था। शादी की रस्म चल रही थी। रात में वह अपने भाई किरनपाल के साथ किसी काम से मैरिज होम के बाहर गेट पर आए। वह सभी एक दूसरे के साथ बात कर रहे थे। इस बीच पहले एक बाइक पर युवक पहुंचे, तभी दूसरी बाइक भी आ गई। जिसके बाद बदमाशों ने बैग में झपट्टा मार लिया। पीड़ित ने बताया कि बैग में साढ़े 3 लाख रुपये थे। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

### बेटी की शादी के लिए रखे गहने गायब

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक परिवार को बेटी की शादी से पहले बड़ा झटका लगा है। घर की पुताई के दौरान मजदूरों ने कथित तौर पर दहेज के लिए रखे 5 लाख रुपये के सोने के गहने चोरी कर लिए। ननुआ का राजपुर गांव के निवासी सरजीत ने बुधवार को दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की शादी मार्च में होनी है, जिसके लिए उन्होंने दहेज के गहने घर में सुरक्षित रखे थे। पिछले कुछ दिनों से उनके घर में कई मजदूर पुताई का काम कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान मजदूरों ने मौका देखकर संदूक से सारे गहने चुरा लिए। परिवार को चोरी का पता तब चला जब कुछ दिनों बाद उन्होंने संदूक की जांच की। तब तक मजदूर काम पूरा करके अपने गांव जा चुके थे। पीड़ित परिवार ने मजदूरों से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दनकौर कोतवाली पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 24 जनवरी से मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दुर्गावती देवी सभागार में डीएम दीपक मीणा ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका को लेकर बैठक की। जिसमें सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक भी की गई। डीएम दीपक मीणा द्वारा खराब रैंक लाने वाले विभागों को समझाते हुए खराब रैंक आने का कारण स्पष्ट कराया गया। साथ ही अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि केपीआई में कुछ परेशानियों आ रही थी, जिसे अब सही कर लिया गया है। डीएम ने स्पष्ट किया कि यदि पोर्टल से सम्बंधित कोई भी शिकायत या समस्या है तो मुझे अवगत करायें, आगामी माह में किसी रैंकिंग खराब नहीं आनी चाहिए। बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि 24 से 26 जनवरी 2025 को हिन्दी भवन लोहिया नगर गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें समस्त विभागों द्वारा इसी थीम पर प्रदर्शनियां, संगोष्ठियां, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, रोड शो, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व जिले की धरोहर की प्रदर्शनियों का आयोजन किया जायेगा।

## खड़ी बीएमडब्ल्यू में अचानक लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र स्थित होराइजन सोसाइटी में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। सोसाइटी में खड़ी एक बीएमडब्ल्यू कार में अचानक आग लग गई, जिससे महंगी कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना दोपहर के समय की है, जब कार का मालिक वाहन को पार्क करके सोसाइटी के एक फ्लैट में गया था। कुछ ही देर बाद कार के इंजन से धुआं निकलना शुरू हुआ, जो देखते ही देखते भीषण आग में बदल गया। आग की लपटें देख सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई। सोसाइटी के लोगों ने तुरंत फायर सिस्टम का उपयोग कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग काबू में नहीं आई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार, घटना सेक्टर पाई-2 की होराइजन सोसाइटी की है।



**वर्ल्ड ओलंपियाड गोल्ड मेडलिस्ट एवं एशियाई सिल्वर मेडलिस्ट अर्जुन अवार्डी वंतिका को पुरस्कृत होने पर बधाई देते नोएडा के जिलाधिकारी मनीष एम।**

# अंकुर विहार थाने में तैनात दरोगा रिश्वत लेता गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में मंगलवार रात एंटी करप्शन मेरठ की टीम ने गाजियाबाद के अंकुर विहार थाने के दरोगा को 20 हजार रुपये की घूस के साथ अरेस्ट किया है। पुलिस वर्दी में ही दरोगा ने एक केस के सम्बंध में यह रकम ली है। जहां यह रकम देने से मना किया तो दरोगा जेल भेजने का दबाव बना रहा था। दरोगा ने धमकाया था कि यह पुलिस कमिश्नरेट है। एंटी करप्शन मेरठ यूनिट में दरोगा मुन्ना सागर की लिखित में शिकायत की गई। जिसमें कहा था कि अंकुर विहार थाने में तैनात दरोगा मुन्ना सागर एक केस में पैसों की मांग कर रहे हैं। यह मांग पूरी न होने पर जेल भेजने की ही धमकी दी। जहां पीड़ित ने इसकी शिकायत की। दरोगा ने यह भी कहा था कि जो मैं कर दूंगा वही फाइनल है। मंगलवार देर शाम दरोगा ने 20 हजार रुपये लिए और अपनी जेब में रख लिए। जिसके बाद एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा को रंगे हाथ दबोच लिया। 20 हजार रुपये भी रंग लगे बरामद किए गए हैं।

# माता-पिता की हत्या करने वाली बेटी को आजीवन कारावास

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिला न्यायालय ने प्रेमी के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या करने वाली बेटी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 46 हजार का जुर्माना भी लगाया।

केस की सुनवाई न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने की। सहायक जिला शासकीय एडवोकेट (फौजदारी) रतन सिंह भाटी ने बताया कि अगस्त 2016 में बादलपुर के बंबावड़ गांव के रहने वाले वेदप्रकाश और उनकी पत्नी उकलेश की हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप वेदप्रकाश की नाबालिग बेटी कोमल और उसके प्रेमी प्रमोद पर लगा था। प्रमोद गांव में ही इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाता था। वेदप्रकाश की बेटी ने ही प्रेमी प्रमोद के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया था। कोमल ने अपने तीन भाई बहनों को भी जहर दिया था, लेकिन वह बच गईं थीं। कोमल ने अपने प्रेमी प्रमोद के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या कर शवों को नदी में बहा दिया था। कोमल ने लोगों को गुमराह करने के लिए गांव में फोन कर अपहरण की झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने कोमल को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे पर हुई बड़ी लूट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

आरोपी सुमित शर्मा उर्फ हन्नी शर्मा उर्फ हकला, सोनीपत (हरियाणा) का रहने वाला है। घटना 9 अगस्त 2021 की रात की है, जब बिहार निवासी इंद्रशेखर यादव शर्मा दिल्ली खेल गांव से धौलपुर, राजस्थान जा रहे थे।

दनकौर कोतवाली क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर पांच हथियारबंद बदमाशों ने उनकी क्रेटा कार को रोका और गन पॉइंट पर कार, मोबाइल फोन समेत अन्य सामान लूट लिया। बदमाशों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# विदेशी पक्षियों का ग्रेटर नोएडा में डेरा

● 30 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों ने वेटलैंड को अपना अस्थायी घर बना लिया है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा का धनौरी वेटलैंड इन दिनों विदेशी पक्षियों के लिए स्वर्ग बना हुआ है।

नवंबर से फरवरी तक चलने वाले प्रवासी मौसम में दुनिया भर से पक्षी यहां अपना डेरा जमा रहे हैं। रूस, मंगोलिया, आइसलैंड, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और यूरोप जैसे दूर-दराज के देशों से आए 30 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों ने वेटलैंड को अपना अस्थायी घर बना लिया है। इस वर्ष विशेष रूप से ब्लैक हेडेड, नॉर्दन शावलर और बार्न स्वॉलो प्रजाति के पक्षियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। सारस पक्षियों के लिए प्रसिद्ध इस वेटलैंड में मार्श हैरियर और साइबेरियन पक्षियों की भी अच्छी-खासी उपस्थिति दर्ज की गई है।

मौसम में बदलाव के साथ ही यहां देश के विभिन्न राज्यों से भी पक्षियों का आगमन हो रहा है। वेटलैंड की विशेष टीम इन प्रवासी पक्षियों की देखभाल में जुटी हुई है। सर्दी का मौसम इन पक्षियों के लिए विशेष महत्व रखता है, और जैसे-जैसे तापमान गिरता है।

पक्षियों की संख्या में भी वृद्धि होती जाती है। यह स्थल न केवल पक्षी प्रेमियों के लिए बल्कि पर्यटकों के लिए भी एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बन गया है, जहां लोग दूर-दूर से इन खूबसूरत पक्षियों को देखने आ रहे हैं।

# गाजियाबाद में तीन गो-तस्करों से मुठभेड़

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार देर रात एनकाउंटर में 3 गोतस्करों के पैर में गोली मारी। ट्रांस हिंडन जोन में थाना पुलिस और स्वाट टीम ने जब घेराबंदी की तो बदमाश फायरिंग करने लगे। जवाबी फायरिंग में तीनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने रात में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पूछताछ में बताया यह तीनों रात में गोकशी करने जा रहे थे, पूर्व की घटना में भी फरार चल रहे थे। तीनों के खिलाफ पुलिस की तरफ से एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। टीलामोड़ पुलिस व ट्रांस हिंडन, स्वाट टीम संयुक्त रूप से पुलिस टीम फरुखनगर से दबिश देकर आ रही थी। पुलिस को सूचना मिली की एक ट्रक एयरपोर्ट बाउंड्री की तरफ जंगल में खड़ा है। जिसमें कुछ लोग रात्रि में गाय चोरीकर ले जाने की फिराक में हैं।

पुलिस ने ट्रक के पास पहुंचकर तो देखा कि 3-4 व्यक्ति जंगल में बैठी गायों को बांधने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस द्वारा टोकने पर बदमाशों द्वारा पुलिस को निशाना बनाते हुए जान से मारने की नियत से फायर कर दिया गया। जिसके बाद चारों बदमाश भागने लगे।

इस बीच भागते समय 3 बदमाशों को अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने बताया कि घायल बदमाश ने अपना नाम परवेज पुत्र रफ़ीकुद्दीन निवासी लक्खीपुरा थाना लिसाड़ीगेट जिला मेरठ बताया।

परवेज मेरठ व गाजियाबाद में लगातार गोकशी करता रहा है। जिसने 30 दिसंबर की रात अपने साथियों के साथ मिलकर काका फार्म हाउस के पीछे गोकशी की घटना को अंजाम दिया था। उसके बाद फायरिंग कर फरार हो गया। पुलिस ने मेहताब पुत्र कलुआ निवासी शाहजहांपुर थाना किठौर जिला मेरठ और शमशेर पुत्र पप्पू निवासी मोहल्ला तुरावली का पुरवा थाना ज्वालागंज जनपद फतेहपुर को अरेस्ट किया है। पुलिस ने ट्रक, एक तमंचा, रस्सी, छुरा व अन्य सामान बरामद किया है।

# नोएडा में बदमाश के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

● लूट के मामले में पुलिस को थी तलाश

**नोएडा।** थाना फेस 2 पुलिस और मोबाइल स्नैचर के बीच मुठभेड़ हो गई है। जिसमें पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया। उसे गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लूट के 5 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। 22 जनवरी की सुबह थाना फेस 2 पुलिस सुपरटेक तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। चेंकिंग के दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया। लेकिन वह नहीं रुका और तेजी से एटीएस सोसाइटी की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने को बाइक सवार व्यक्ति का 900 मीटर तक पीछा किया। बाइक सवार हाईवे की तरफ भागने लगा। अपने आप को पुलिस टीम से घिरता देख बदमाश ने एक्सप्रेस वे से जेपी फ्लाई ओवर पर चढ़ने वाले कट के पास बाइक को वही गिराकर अपने हाथ में लिये हथियार से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दिया। फायरिंग के बाद वो तेजी से भगने लगा। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्यवाही की। जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगने के कारण वह घायल हो गया। जिसकी पहचान फैजान (23) निवासी थाना मुरादनगर जिला गाजियाबाद के रूप में हुई है। घायल बदमाश के कब्जे से स्नैचिंग के 5 स्मार्ट फोन, 1 देशी तमंचा .315 बोर, नाल में फंसा 1 खोखा कारतूस 315 बोर, 1 जिन्दा कारतूस .315 बोर और 1 बिना नंबर की बाइक बरामद की गई है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि फैजान शातिर किस्म का मोबाइल स्नैचर और चोर है। इसके खिलाफ एनसीआर क्षेत्र में कई मुकदमे दर्ज हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 जनवरी , 2025



# कैग की रिपोर्ट दबा रहे केजरीवाल : सचदेवा

● कहा, आप प्रमुख सच छुपाने के लिए संवैधानिक व्यवस्थाओं की हत्या करने से भी नहीं डरते

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कैग की रिपोर्ट को लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आप नेता एक झूठ गढ़ने की मशीन हैं जो मनगढ़त सवाल पूछने में झूठ फैलाने में माहिर हैं। वह सच को छुपाने के लिए संवैधानिक व्यवस्थाओं की हत्या करने में भी नहीं डरते, जो उन्होंने वर्ष 2022 से अब तक सीएजी की रिपोर्ट को दबा कर रखा है।

सचदेवा ने कहा, आम आदमी पार्टी के प्रमुख एक संविधान विरोधी शासक हैं जो विपक्ष के सवाल का जवाब देने में यकीन नहीं करते।



कैग की रिपोर्ट को लेकर प्रेस वार्ता करते प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व अन्य नेता।

गत दो महीने से सीएजी की मीडिया में लीक रिपोर्टस के आधार पर शराब घोटाले एवं शीशमहल निर्माण घोटाले को लेकर केजरीवाल से सवाल पूछे पर वह जवाब देने की जगह इधर-उधर की बात करते हैं। दिल्ली वाले जानते हैं कि कोविड काल में उनकी सरकार पूरी तरह विफल हो गई थी। तब हजारों अस्थाई अस्पताल बेड, दवा, आक्सीजन आदि की व्यवस्था प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने किया था। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा 8 फरवरी को भाजपा दिल्ली चुनाव जीतेगी और विधानसभा के सत्र के पहले कार्य दिवस को वह सीएजी की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दिल्ली के जनधन की चोरी की दोषी केजरीवाल सरकार को कटघरे में खड़ा करेंगे।

# आप सरकार में अस्पतालों के निर्माण में 382 करोड़ रुपये का हुआ घोटाला : अजय माकन

● कहा, इंदिरा गांधी अस्पताल बनाने में 314 करोड़, बुराड़ी अस्पताल में 41 करोड़, मौलाना आजाद डेंटल अस्पताल में 26 करोड़ फलतू में खर्च किए गए




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने बुधवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए दिल्ली की पूर्व की अरविंद केजरीवाल सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और दावा किया कि तीन अस्पतालों के निर्माण में 382 करोड़ रुपए अधिक का घोटाला हुआ।

उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि इसी घोटाले के कारण कैग की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश नहीं करने दिया गया। विधानसभा चुनाव के कुछ दो सप्ताह पहले माकन द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) और उसके संयोजक तथा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल पर लगाए गए आरोपों पर फिलहाल दिल्ली के सत्तारूढ़ दल की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दिल्ली में सभी 70 विधानसभा सीटों पर आगामी पांच फरवरी को मतदान होगा। मतगणना आठ फरवरी को होगी। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष माकन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज वह सबके सामने आप के पाप की पहली कड़ी रखना चाहता हूं।

दिल्ली में एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने अपनी पार्टी इसलिए बनाई थी, ताकि वो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ सकें। उस जमाने में केजरीवाल कैग रिपोर्ट के आधार पर ही कांग्रेस पर आरोप लगाते थे। उन्होंने दावा किया कि इस वक्त कैग की 14 ऐसी रिपोर्ट हैं, जिसमें पूर्व की केजरीवाल सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं, लेकिन अब वो रिपोर्ट सामने नहीं आ रहीं। माकन ने कहा ऐसे में हम केजरीवाल जी से पूछना चाहते हैं कि इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य से जुड़े मामले में 382 करोड़ का घोटाला कैसे है। उन्होंने कहा, कैग की रिपोर्ट कहती है कि दिल्ली में पिछले 10 साल में सिर्फ तीन अस्पताल बनकर तैयार हुए। इन अस्तपाल को बनाने की शुरुआत कांग्रेस के समय हुई थी। लेकिन आप की सरकार के आने के बाद इन अस्पताल को बनने में समय तो ज्यादा लगा ही, बल्कि जितने की निविदा था, उससे ज्यादा

पैसा खर्च हुआ। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष ने कहा, इंदिरा गांधी अस्पताल बनाने में 314 करोड़ रुपए, बुराड़ी अस्पताल बनाने में 41 करोड़ रुपए और मौलाना आजाद डेंटल अस्पताल बनाने में 26 करोड़ रुपए से अधिक फालतू में खर्च किए गए।

उन्होंने कहा, कैग की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2007-15 के बीच 15 प्लॉट दिल्ली सरकार ने अधिग्रहित किए, लेकिन कहीं भी काम शुरू नहीं हुआ। 2016-17 से लेकर 2021-22 तक अवसंरचना परियोजना में जितने पैसे मिले, उनमें से 2,623 करोड़ रुपए खर्च ही नहीं हो पाए। माकन के अनुसार, कोरोना के दौरान केजरीवाल सरकार को केंद्र सरकार से 635 करोड़ रुपए मिले और इसमें 360 करोड़ रुपए खर्च नहीं किए जा सके, जबकि उस समय दिल्ली में लोग ऑक्सीजन और अस्पतालों में बेड के लिए तरस रहे थे। उन्होंने दावा किया कि आप ने चार अलग-अलग बजट में कहा कि उसकी सरकार दिल्ली में 32,000 बेड के अस्पताल बनाएगी, लेकिन सिर्फ 1,235 बेड के अस्पताल बनाए गए। दावा किया, इन्हीं आंकड़ो के चलते केजरीवाल नहीं चाहते कि कैग की रिपोर्ट दिल्ली की जनता के सामने आए। इसीलिए मैं कहता हूं कि यह केजरीवाल नहीं, फर्जीवाल हैं।

# प्रवेश ने 100 करोड़ का मानहानि मुकदमा ठोका

● आप प्रमुख केजरीवाल और पंजाब मुख्यमंत्री मान पर झूठे आरोप लगाने का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा के नई दिल्ली से प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि मुकदमा दायर किया है।

वर्मा ने कहा कि उनके खिलाफ झूठे और बेबुनियाद बयान देकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। केजरीवाल ने प्रवेश वर्मा पर पंजाबियों को देश के लिए खतरा बताने का जो दावा किया गया, उसे वर्मा ने पूरी तरह से खारिज किया। उन्होंने कहा, मैंने और मेरे परिवार ने सिख समुदाय के लिए जो योगदान दिया है, वह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। यह दावा पूरी तरह झूठा और राजनीति से प्रेरित है। प्रवेश वर्मा ने चुनाव आयोग और दिल्ली पुलिस को ठोस सबूत सौंपे हैं, जिसमें दिखाया गया है कि पंजाब से हजारों गाड़ियां दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए लाई गई हैं। इनमें आम आदमी पार्टी के मंत्री, विधायक और खुद मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हैं। इन गाड़ियों के जरिए चीन में बने सीसीटीवी कैमरे, शराब और पैसे बांटे जा रहे हैं, ताकि मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके। इन गतिविधियों के खिलाफ उन्होंने चुनाव आयोग और पुलिस को विधिवत शिकायतें दी हैं।

वर्मा ने केजरीवाल पर हिंदू भावनाओं को आहत करने के लिए भगवान राम और हनुमान पर की गई टिप्पणी को भी मुद्दा बनाया है। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी न केवल असंवेदनशील है, बल्कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली भी है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि यदि वह यह मानहानि मुकदमा जीतते हैं, तो उससे मिलने वाली पूरी राशि का उपयोग नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में किया जाएगा। चुनाव में जनता के फैसले का इंतजार है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा, दिल्ली की जनता सच्चाई का साथ देगी।

## आप का किसी से मुकाबला नहीं : मान

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को नरेला, तिमारपुर और बुराड़ी में विधानसभा में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में मेगा रोड शो किया। इस दौरान भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली वाले एक बार फिर बिजली, पानी और शिक्षा की बात करने वाले अरविंद केजरीवाल को चुनेंगे। भाजपा और कांग्रेस वालों से मिलने के बाद लोग अपनी उंगलियां देखते हैं कि कहीं वो गायब तो नहीं कर दी। उन्होंने कहा कि चारों तरफ लोग कह रहे हैं कि 5 फरवरी को झाड़ू के सफाई करेंगे और फिर केजरीवाल को लाएंगे। आम आदमी पार्टी का किसी से मुकाबला नहीं है। भाजपा के पास कोई एजेंडा नहीं है और कांग्रेस दो बार से जीरो पर है।

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सीएम धामी ने किया रोड शो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा के पक्ष में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के चुनाव कार्यालय का भी शुभारंभ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग सीएम धामी को सुनने के लिए पहुंचे। लोगों ने जगह-जगह फूलों और मालाओं के साथ सीएम धामी का स्वागत किया।

धामी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में पूरी तरह से फेल हो गई है। केजरीवाल सरकार ने नए अस्पताल और स्कूल खोलने के नाम पर जनता को ठगने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिन राज्यों में डबल इंजन सरकार है। वे राज्य आज तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है। उन राज्यों में एक रुपये का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है, जबकि दिल्ली मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री से लेकर विधायक तक को भ्रष्टाचार के आरोप में जेल



जाना पड़ा है। ये जनता को निर्धारित करना है कि उन्हें दिल्ली को नई नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली डबल इंजन सरकार चाहिए या फिर भ्रष्टाचार में संलिप्त सरकार।

धामी ने कहा कि दिल्ली सरकार की यह नाकामी है कि जो यमुना उत्तराखण्ड में एक स्वच्छ और निर्मल बहती है वो दिल्ली पहुंचते ही नाले में तब्दील हो जाती है। माँ यमुना का पानी आचमन तो दूर सिंचाई के भी लायक नहीं बचा है। आम आदमी पार्टी ने आयुष्मान योजना तक को लागू नहीं किया। जिस कारण लोगों को सस्ती दरों पर इलाज तक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जनता से दिल्ली में डबल इंजन सरकार बनाने का आह्वान किया।

# संक्षिप्त समाचार

## परेड में दिखेगी संस्कृति मंत्रालय की रचनात्मकता



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड के लिए केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय की झांकी भारत की सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मकता का उदाहरण पेश करेगी। यह झांकी प्रधानमंत्री के 'विरासत भी, विकास भी' मूलमंत्र से प्रेरित है। यह देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और सतत विकास की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित करने के साथ 'विज़न 2047' में संस्कृति और रचनात्मकता के योगदान को रेखांकित करती है। संस्कृति सचिव अरुणीश चावला ने कहा, संस्कृति मंत्रालय की यह झांकी हमारे देश की अद्वितीय सांस्कृतिक विविधता, रचनात्मकता और सतत विकास की झलक है।

## स्वरांजलि में झलकी शास्त्रीय संगीत की परंपरा



**नई दिल्ली।** राजधानी में स्वरांजलि द्वारा आयोजित घराना फेस्टिवल 2025 भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा की झलक दिखी। दो दिवसीय संगीत महोत्सव भारतीय शास्त्रीय संगीत की उत्कृष्टता से श्रोता साम्मोहित हो गए। इस इस शास्त्रीय संगीत उत्सव में पंडित जयतीर्थ मेवुंडी, पंडित सत्यजीत तालवलकर, अनुपमा भगवत, गौरी पाठारे ने अपने गायन व वादन से दर्शकों का दिल जीत लिया और वातावरण को संगीतमय बना दिया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा शर्मा ने किया।श

## उच्च न्यायालय ने जामिया से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने सिविल सेवा अभ्यर्थियों के लिए आवासीय कोचिंग अकादमी में अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) छात्रों के प्रवेश को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को जामिया मिलिया इस्लामिया से जवाब मांगा। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने विधि स्नातक सत्यम सिंह की जनहित याचिका पर जामिया मिलिया इस्लामिया और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को नोटिस जारी किया। सिंह ने यूजीसी के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि जामिया मुफ्त कोचिंग को केवल छात्राओं और अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यक समुदायों तक सीमित नहीं कर सकता, उसका दायित्व ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) दोनों को लाभ प्रदान करना है। अदालत ने जिक्र किया कि यूजीसी के दिशा-निर्देशों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए कोई प्रावधान नहीं है, जिसपर याचिकाकर्ता ने अपनी राहत केवल ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) तक ही सीमित रखी।

# बादली है कांग्रेस के संग : यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एवं बादली विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव ने अपने क्षेत्र के आई जे ब्लॉक में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की, अगर आप लोग बादली में सुधार, सफाई और क्षेत्र में विकास कराना चाहते है तो 5 फरवरी को हाथ का बटन दबाकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें। चुनाव प्रचार के दौरान यादव को जनता पूरा समर्थन दे रही है और बादली में बदलाव का मन बना चुकी है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि वह आप लोगों से पूछना चाहते हैं कि क्या गलियों में, सड़कों पर किसी कर्मचारी को झाड़ू लगाते हुए देखा है, कूड़े उठाते हुए देखा है। पिछले 10 वर्षों में क्षेत्र में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं, जगह-



जगह कूड़े के ढेर पड़े हैं। दिल्ली नगर निगम का कोई कर्मचारी सफाई करने नहीं आता है। यह सब केजरीवाल की नाकामी है क्योंकि भ्रष्टाचार और कुशासन के चलते उन्होंने लोगां के लिए नही बल्कि अपने और अपनी पार्टी के विकास के लिए काम किया है। केजरीवाल ने अनैतिक शराब नीति को लागू करके जिस तरीके से हर कोने में शराब के ठेके खोल दिए थे और एक के साथ एक बोतल मुफ्त शराब बेचकर युवाओं को नशे की दलदल में धकेल दिया, जिससे हजारों घर बर्बाद हो गए।

# अस्वस्थ होने के चलते रैली में नहीं पहुंचे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अस्वस्थ होने के चलते बुधवार को सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में अपनी प्रस्तावित जनसभा को संबोधित नहीं कर सके। इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के निकट इस जनसभा को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और पार्टी के कुछ अन्य नेताओं ने संबोधित किया। सदर बाजार से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल भारद्वाज उम्मीदवार हैं। देवेंद्र यादव ने जनसभा में कहा, राहुल तबियत खराब होने के कारण यहां नहीं पहुंच सकेंगे। उन्होंने गांधी का संदेश पढ़ा जिसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि तबीयत ठीक होने के बाद वह लोगों से मिलेंगे तथा उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस का समर्थन करने का आह्वान किया। राहुल पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ हैं। इसके कारण नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा था और 21 जनवरी को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस की जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली में भी वह शामिल नहीं हो सके थे।

# नौसेना की झांकी में दिखेगा युद्धपोत आईएनएस

**गणतंत्र दिवस परेड**

● सूरत, नीलगिरि और वागशीर की झलक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय नौसेना में हाल में शामिल दो नए युद्धपोतों-आईएनएस सूरत और आईएनएस नीलगिरि तथा पनडुब्बी आईएनएस वागशीर की झलक कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की 76वीं परेड में शामिल झांकियों में दिखाई देगी।

नौसेना ने बुधवार को कोटा हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में झांकी के मॉडल का अनावरण किया जिसकी टैगलाइन आत्मनिर्भर नौसेना से राष्ट्र निर्माण थी। अधिकारियों ने कहा कि नौसेना की एक मिश्रित मार्चिंग टुकड़ी और एक बैंड भी परेड में शामिल होंगे।

वाइस एडमिरल विनीत मैककार्टी ने कहा कि झांकी में मुंबई में एक सप्ताह पहले ही शामिल तीनों युद्धपोतों को प्रदर्शित किया जाएगा और ए भारतीय नौसैन्य शक्ति तथा आत्मनिर्भरता की भावना को परिलक्षित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 15 जनवरी को मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीनों अग्रणी युद्धपोतों को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है।

आईएनएस नीलगिरि परियोजना 17ए स्टील्थ फ्रिगेट श्रेणी का शीर्ष जहाज है जो शिवालिक श्रेणी के युद्धपोतों में महत्वपूर्ण उन्नयन को दर्शाता है। भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किए गए और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित आईएनएस नीलगिरि में उन्नत विशेषताएं हैं।

यह आधुनिक विमानन सुविधाओं से परिपूर्ण है तथा एमएच-60 आर समेत विभिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टर का परिचालन कर सकता है। परियोजना 15 बी स्टील्थ विध्वंसक श्रेणी का चौथा और अंतिम युद्धपोत आईएनएस सूरत कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक पोतों की अगली पीढ़ी का सदस्य है। इसके डिजाइन और क्षमता में सुधार किए गए हैं और यह नौसेना के सतह पर रहने वाले बेड़े का महत्वपूर्ण सदस्य है।

इसे भी आईएनएस नीलगिरि की तरह वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है और एमडीएल में इसका विनिर्माण किया गया है। आईएनएस वाघशीर स्कॉर्पीन श्रेणी की परियोजना 75 के तहत छठा और अंतिम युद्धपोत है। यह बहुभूमिका वाला डीजल-विद्युत संचालित पोत है। तीनों युद्धपोतों का डिजाइन और निर्माण पूरी तरह भारत में हुआ है और इससे देश की रक्षा उत्पादन क्षेत्र में बढ़ती दक्षता रेखांकित होती है।


कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की 76वीं परेड की रिहर्सल करते सेना के जवान

# यातायात प्रभावित होने की संभावना : पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

*दिल्ली पुलिस ने यातायात परामर्श जारी कर लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि गणतंत्र दिवस परेड के फुल ड्रेस रिहर्सल के कारण बृहस्पतिवार को शहर के मध्य भाग में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। उसने लोगों से अपनी यात्रा योजना उसी के अनुसार बनाने और गंतव्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त समय लेकर घर से निकलने की सलाह दी है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार को आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल और गणतंत्र दिवस परेड का मार्ग एक ही होगा। परेड रिहर्सल सुबह 10.30 बजे विजय चौक से शुरू होगी और कर्तव्यपथ, सी-हेक्सागन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोल चक्कर, तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग से होते हुए लाल किला पहुंचेगी। परेड के सुचारू संचालन के लिए मार्ग पर विस्तृत यातायात प्रतिबंधों को लागू किया जाएगा।*

*परामर्श में कहा गया है कि परेड के मार्ग की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इसमें कहा गया है कि बुधवार शाम छह बजे से बृहस्पतिवार को रिहर्सल खत्म होने तक विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्य पथ पर किसी भी तरह के यातायात की अनुमति नहीं होगी। परामर्श में कहा गया है कि बृहस्पतिवार सुबह 9.15 बजे से परेड के तिलक मार्ग को पार करने तक सी-हेक्सागन -इंडिया गेट यातायात के लिए बंद रहेगा। बृहस्पतिवार सुबह 10.30 बजे से तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग पर दोनों तरफ से यातायात की अनुमति नहीं होगी। यातायात पुलिस ने परामर्श में लोगों से अनुरोध किया है कि वे अपनी यात्रा योजना यातायात प्रतिबंधों के अनुसार बनाएं और सुबह 9.30 बजे से दोपहर एक बजे तक परेड मार्ग से बचें।*

# आप प्रमुख ने मध्यमवर्ग को किया गुमराह : खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद कमलजीत सेहरावत और प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि आप प्रमुख यह जानते हैं कि समाज के हर वर्ग में उनकी पकड़ कमजोर हो रही है।

इसलिए, समाज के मध्यम वर्ग को अपने 11 वर्षों के पूर्ण बहुमत के शासन में पूरी तरह से नजरअंदाज करने के बाद, आज उन्होंने पहली बार मध्यम वर्ग के लिए कुछ शब्द बोले हैं। प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि मध्यम वर्ग, विशेषकर व्यापारी, सरकार को सबसे अधिक राजस्व देते हैं। इनमें छोटे व्यापारी भी शामिल हैं, इसके बाद भी पिछले एक दशक में आप सरकार ने उन्हें कुछ भी नहीं दिया है। वास्तव में, यह उनके कुशासन का नतीजा है कि व्यापारी सबसे ऊंची दर पर बिजली खरीदने को मजबूर हैं। सेहरावत ने कहा कि मेहनती युवा, जो अपना भविष्य उज्जवल बनाने के लिए प्रयासरत हैं, होटल, रेस्तरां और पर्यटन उद्योग के माध्यम से दिल्ली के राजस्व में बहुत योगदान देते हैं। केजरीवाल ने युवाओं के लिए बेहतर कामकाजी माहौल सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। बीजेपी ने कहा कि आज जब राजनीतिक रूप से अस्थिर केजरीवाल ने मध्यम वर्ग का घोषणापत्र लाने की बात कही, तो लोग चौंक गए।

## राम मंदिर की वर्षगांठ पर भव्य आयोजन

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में अयोध्या में राम मंदिर, की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली और मुम्बई के कई प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मनमोहक भजनों और रंगारंग प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जो दर्शकों को भक्ति और उत्साह से भर गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राम दरबार का जीवंत दर्शन था, जिसमें प्रभु राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। इस दृश्य ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे माहौल को भक्ति मय बना दिया। इस पावन अवसर पर कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने सभी का पुष्प वर्षा कर भावपूर्ण स्वागत किया।

# मेट्रो यात्रियों ने 40 लाख रुपये नकद 89 लैपटॉप व 193 मोबाइल फोन छोड़े

● कई वस्तुएं स्टेशन में एक्स-रे स्कैनर के पास भूलवश छोड़ दी गई थी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रो में वर्ष 2024 के दौरान यात्रियों द्वारा छोड़े गए सामान में 40 लाख रुपए से अधिक की नकदी, 89 लैपटॉप, 193 मोबाइल फोन और नौ मंगलसूत्र शामिल हैं। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा एकत्र सभी सामान को सत्यापन के बाद उनके मालिकों को लौटा दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 250 से अधिक स्टेशन और 350 किमी से ज्यादा रेल ट्रैक पर फैले सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क की सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल पर है। यात्रियों द्वारा कई वस्तुएं स्टेशन में एक्स-रे स्कैनर के पास भूलवश छोड़ दी गई थीं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 40.74 लाख रुपए नकद के अलावा, सीआईएसएफ कर्मियों ने 89 लैपटॉप,



40 घड़ियां और 193 मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद वस्तुओं में 13 जोड़ी पायल, अंगूठी और चूड़ियां भी हैं। सीआईएसएफ कर्मियों ने मेट्रो परिसर से विदेशी मुद्रा भी बरामद किए जिनमें अमेरिकी डॉलर, सऊदी रियाल और थाई बहत शामिल हैं। उन्हें भी उनके मालिकों को लौटा दिया गया है। एजेंसी ने पिछले साल दिल्ली मेट्रो नेटवर्क में आत्महत्या के प्रयास के 59 मामले दर्ज किए। इनमें से 23 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, तीन को बचा लिया गया और 33 लोग घायल हुए। सीआईएसएफ कर्मियों ने यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा जांच के दौरान 75 कारतूस और सात आग्नेयास्त्र भी बरामद किए।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 जनवरी, 2025



# न्यू कॉलोनी में 80 दुकानों के रैंप पर चला पीला पंजा

## नोडल अधिकारी आरएस बाट के नेतृत्व में अतिक्रमण के खिलाफ हुई कार्रवाई, कब्जे पर दी चेतावनी



गुरुग्राम की न्यू कालोनी में दुकानों के आगे रैंप तोड़ती निगम की जेसीबी।

● दोबारा अतिक्रमण होने पर सख्ती से हटाएंगे, निवासियों ने पहल की सराहना की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

एनफोर्समेंट टीम ने न्यू कॉलोनी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 80 दुकानों के बाहर बने अवैध रैंप को तोड़ दिया। यह अभियान नोडल अधिकारी आरएस बाट के नेतृत्व में चलाया, जिसमें कनिष्ठ अभियंता वरुण वशिष्ठ और हरिओम की टीम ने भाग लिया।

नोडल अधिकारी आरएस बाट ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में अगर दोबारा अतिक्रमण किया गया, तो इसे सख्ती से हटाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह के अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे। यह कार्रवाई शहर में चल रही अतिक्रमण विरोधी नीति के तहत की गई, जिसमें अवैध निर्माण और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने पर जोर दिया गया है। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की।

अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों और व्यापारियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सार्वजनिक संपत्ति पर अतिक्रमण करने से बचें। अतिक्रमण हटाने का यह अभियान पूरे शहर में लगातार जारी है और आगे भी चलता रहेगा।

# सार्वजनिक स्थान पर मलबा फेंकना दंडनीय अपराध: डॉ. बलप्रीत सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर मलबा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह ने इसे दंडनीय अपराध बताते हुए आगाह किया कि उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम की सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी रख रही है। सड़क किनारे, ग्रीन बेल्ट और खाली जमीनों पर मलबा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अब तक 105 वाहनों को पकड़ा गया है, जिन पर कुल 12.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। 28 वाहनों पर 24 एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि दोषियों के वाहनों को जब्त किया जा रहा है और उनकी शिकायत थानों में दर्ज कराई जा रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उन्हें मलबा हटवाना हो तो वे एमसीजी की हेल्पलाइन नंबर - 9015339966 पर संपर्क करें। व्हाट्सएप नंबर -836835661 पर मलबा संबंधी शिकायत फोटो व लोकेशन सहित भेजें। डॉ. सिंह ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर मलबा फेंकना पर्यावरण को नुकसान के साथ-साथ शहर की स्वच्छता और सौंदर्य को भी प्रभावित करता है।

# कृष्णपाल गुर्जर ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

● मंडल अध्यक्ष हरीश बैसला, राजेश चौधरी, गौरव चौधरी एवं मुकेश झा ने लिया केंद्रीय राज्यमंत्री का आशीर्वाद



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भाजपा तिलपत मंडल में मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद तिलपत मंडल के मंडल अध्यक्ष हरीश बैसला, सराय इंद्रप्रस्थ मंडल अध्यक्ष राजेश चौधरी, बसंतपुर मंडल अध्यक्ष गौरव चौधरी और सेहतपुर मंडल अध्यक्ष मुकेश झा ने केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेंद्र चौधरी जी से मुलाकात कर मंडल अध्यक्ष नियुक्त करने पर बुके देकर उनका आभार व्यक्त किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और देवेन्द्र चौधरी ने नवदायित्व के लिए उन्हें आशीर्वाद के साथ मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, निवर्तमान पार्षद जितेन्द्र यादव, अजय बैसला, तिलपत के पूर्व सरपंच उमेश शर्मा, पप्पी चेयरमैंन, आलोक मिश्रा, सुरेश महाजन, कपिल चौहान, अमित पंडित व उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। भाजपा फरीदाबाद द्वारा 29 संगठनात्मक मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई, तिगांव विधानसभा के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं हरीश बैसला को तिलपत मंडल का मंडल अध्यक्ष, राजेश चौधरी को सराय इन्द्रप्रस्थ मंडल अध्यक्ष, मुकेश झा को सेहतपुर मंडल अध्यक्ष और गौरव चौधरी को बसंतपुर से मंडल अध्यक्ष चुना गया। सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष काफी वर्षों से पार्टी पार्टी संगठन में कार्यरत हैं और मंडल में महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। संगठन पर्व के तहत बूथ अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से इन युवा कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

# पुलिस ने डकैती की योजना पर फेरा पानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम पुलिस द्वारा काबू किए गए डकैती की योजना बनाने के आरोपी।

स्थानीय पुलिस की सक्रियता ने एक कंपनी में अवैध हथियारबंद बदमाशों द्वारा की जाने वाली डकैती की योजना पर पानी फेर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी करके मौके से सात आरोपियों को काबू किया। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि आरोपियों के पास से अवैध हथियार भी बरामद किए गए हैं।

अपराध शाखा मानेसर की टीम को सूत्रों से जानकारी मिली कि पटौदी रोड सेक्टर-11 मानेसर में एक बंद पड़े खोखे के पीछे कुछ बदमाश डकैती की योजना बना रहे हैं। उन्होंने खोखे के सामने सीएनजी ऑटो व बाइक खड़ी कर रखी है। इस सूचना पर अपराध शाखा मानेसर के इंचार्ज उप-निरीक्षक ललित कुमार ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम सूचना में बताए गए स्थान पर टीम के साथ पहुंचे। वहां पर मौजूद व्यक्ति हथियार के बल पर आईएमटी मानेसर में एक बड़ी कम्पनी में डकैती डालते की योजना बना रहे थे। पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही सभी व्यक्तियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान रिंकू, सोनू, रिंकू उर्फ कालू, राजेंद्र कुमार व बादल, नानक चंद, रेशमपाल उर्फ गोलू के रूप में हुई। रिंकू, सोनू, रिंकू उर्फ कालू, राजेंद्र कुमार व बादल गांव जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़ के रहने वाले हैं। नानक चंद व रेशमपाल की पहचान गांव अमोखरी थाना हाथरस जंक्शन के रूप में हुई। ये सभी आरोपी अवैध हथियारों से लैस थे। इन्हें रंगे हाथों ही काबू किया गया।

# कंपनियों में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन धरे

● फरीदाबाद और पलवल में वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को खुफिया टीम ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




पुलिस हिरासत में पकड़े गए आरोपी।

जिला पुलिस की डिटेक्टिव टीम ने कंपनियों में दीवार तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पलवल और फरीदाबाद में दस कंपनियों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई कार और चोरी के औजार भी बरामद किए हैं।

डिटेक्टिव स्टाफ प्रभारी हनीश खान के अनुसार मामला 2 जनवरी को सामने आया, जब एक कंपनी के अधिकारी प्रशांत आजाद ने शिकायत दर्ज कराई थी। चोरों ने रात के समय कंपनी की दीवार तोड़कर लाखों रुपए का सामान चुरा लिया था। इसी तरह की कई अन्य वारदातें भी सामने आने के बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। गिरफ्तार आरोपियों में मंदपुरी गांव का आसिफ, पुठली गांव का तौफीक और सुवालीन शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पलवल और फरीदाबाद की दस कंपनियों में चोरी की वारदात कबूली है। पुलिस को आशंका है कि पूछताछ के दौरान इनसे और भी कई वारदातें सामने आ सकती हैं। आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### बाइक चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** बाइक चोरी के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। इस बारे में पुलिस थाना खेड़की दौला में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि चोरी की दो बाइक बरामद की गई हैं।

आरोपियों की पहचान प्रवीन कुमार निवासी गांव करची, जिला छपरा बिहार वर्तमान निवासी कापसहेड़ा व आशु कुमार निवासी गांव रकमुद्दीनपुर, जिला सिवान, बिहार वर्तमान निवासी कापसहेड़ा के रूप में हुई।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को आगे बढ़ाएंगे

**गुरुग्राम।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बुधवार को जिला परिषद स्वतंत्रता सेनानी सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता काफी संघर्ष के बाद प्राप्त होती है। ऐसे में इस अभियान के जरिए प्राप्त हो रहे सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन में सभी को साथ देना होगा। इसके लिए निरंतर प्रयास जारी रखने होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से उनका दिल से जुड़ाव रहा है।

# मंदिर का ताला तोड़कर दान पात्र चोरी करने वाला आरोपी काबू

● आरोपी के पास से चोरी हुआ दान पात्र और 1205 रुपये बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

यहां एक मंदिर से दान पात्र चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। आरोपी के पास से चोरी का दान पात्र व 1205 रुपये की नकदी बरामद कर ली गई। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि पटौदी थाना में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार 20 जनवरी 2025 को पुलिस एक व्यक्ति ने पुलिस थाना पटौदी जिला गुरुग्राम की पुलिस टीम को शिकायत दी। शिकायत में कहा कि 19/20 जनवरी 2025 की रात को किसी अज्ञात द्वारा गांव लौकरी के ठाकुर जी मंदिर का ताला तोड़कर मन्दिर में लगे दानपात्र को चोरी कर लिया गया। इस शिकायत पर थाना पटौदी, गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया। 21 जनवरी को पुलिस ने अपराध शाखा फर्रुखनगर, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गांव लौकरी, गुरुग्राम से काबू किया गया। आरोपी की पहचान प्रवीन निवासी गांव लौकरी के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जा से दानपात्र व 1205 रुपयों की नगदी बरामद की गई है।

# राष्ट्रपति को डायमंड जुबली जंबूरी के लिए आमंत्रण

पीएनएस। नई दिल्ली/गुरुग्राम



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भारत स्काउट्स और गाइड्स के डायमंड जुबली जंबूरी के लिए दिया आमंत्रण देते डा. केके खंडेलवाल।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को डायमंड जुबली जंबूरी के लिए भारत स्काउट्स और गाइड्स एवं स्टेट चीफ कमिश्नर डा.केके खंडेलवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। यह समारोह 28 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के मणप्पाराई स्थित एसआईपीसीओटी इंडस्ट्रियल पार्क में आयोजित किया जाएगा।

डा. खंडेलवाल ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि वे 28 जनवरी 2025 को शाम 4:00 बजे जंबूरी का उद्घाटन करें। या फिर 2 फरवरी, 2025 को शाम 4:00 बजे समापन समारोह में शामिल हों। उन्होंने कहा कि डायमंड जुबली जंबूरी भारत स्काउट्स और गाइड्स के 75 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाने वाले वर्षभर के आयोजनों का प्रमुख हिस्सा है। देशभर के लगभग 20,000 स्काउट्स और गाइड्स के साथ-साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र और अन्य देशों के 1,000 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को एक साथ लाएगा। सशक्त युवा, विकसित भारत थीम पर आधारित यह कार्यक्रम युवा सशक्तिकरण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और नेतृत्व विकास का उत्सव मनाएगा और वसुधैव कुटुंबकम यानी पूरी दुनिया एक परिवार है की शाश्वत भावना को दर्शाएगा। इसमें हरियाणा से 875 स्काउट्स और गाइड्स इस जंबूरी में भाग ले रहे हैं। डॉ. के.के. खंडेलवाल ने राष्ट्रपति को पुस्तक ऑर्गेनाइजिंग स्काउट्स एंड गाइड्स जंबूरी भेंट की।

### नगराधीश ने समाधान शिविर में सुनी शिकायतें

**गुरुग्राम।** नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम ने समाधान शिविर में 14 शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को इन मामलों में उचित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इनमें अधिकांश शिकायतें अवैध कब्जा, परिवार पहचान-पत्र में आमदनी को दुरूस्त करवाना, पंचायत विभाग, नगर निगम से संबंधित थी।

लघु सचिवालय सभागार में आयोजित हुए समाधान शिविर में बुधवार को नगराधीश के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में दो शिकायतें ऐसी आईं, जिनमें हरियाणा सरकार की ओर से करीब 40 साल पहले अनुसूचित वर्ग को प्लाट आवंटित किए गए थे। बाद में इस आवंटन को तय नियमों के अनुसार रद्द कर दिया गया था।

# सब-इंस्पेक्टर के इंजीनियर बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा पेुलिस में सब-इंस्पेक्टर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव अशोक विहार फेज-2 स्थित उनके घर के कमरे से बरामद किया गया, जबकि उनकी पत्नी अपनी बेटी के साथ गायब मिलीं। बुधवार को सेक्टर-5 थाने में मृतक की पत्नी और साले के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। मृतक की पहचान हिसार जिले के चंदन नगर गांव के मूल निवासी नवदीप सिंह (35) के रूप में हुई है।

नवदीप सिंह अपनी पत्नी सीमा और तीन साल की बेटी के साथ अपने अशोक विहार फेज-2 स्थित घर में रहता था। वह डीएलएफ क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। उनके पिता कृष्ण कुमार हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। वे हिसार जिला के बरवाला थाने में तैनात हैं। मृतक के पिता सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, वे मंगलवार को नवदीप को फोन कर रहे थे, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद उसने अपने पड़ोसी को सूचना दी। जिसने घर में जाकर देखा तो कमरे में नवदीप का शव पड़ा हुआ था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जब पुलिस टीम पहुंची तो शव बिस्तर के पास फर्श पर पड़ा था। उसके गले में चादर बंधी हुई थी।

# विषिका यादव, प्रवीण ठाकरिया मंडल अध्यक्ष नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



जिला अध्यक्ष कमल यादव का अभिनंदन करते नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष व अन्य।

भाजपा ने बुधवार को दो मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। बादशाहपुर विधानसभा के नवीन मंडल और पटौदी विधानसभा के जाटौली मंडल अध्यक्ष नियुक्त कर दिए। अब तक गुरुग्राम जिला में भाजपा ने 27 मंडलों में से 19 मंडल अध्यक्ष नियुक्त कर दिए हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने नवीन मंडल से डा. विषिका यादव और जाटौली मंडल से प्रवीण ठाकरिया को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष ने दोनों नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पवन यादव ने बताया कि जिला अध्यक्ष कमल यादव ने भाजपा के शीर्ष प्रदेश नेतृत्व से विचार विमर्श के बाद डा. विषिका यादव और प्रवीण ठाकरिया को मंडल अध्यक्ष का दायित्व दिया है। पवन यादव ने बताया कि रविवार को पार्टी ने गुरुग्राम और सोहना के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष नियुक्त कर दिए थे। बैठक में सर्वसम्मति से नवीन मंडल और जाटौली मंडल अध्यक्ष भी नियुक्त कर दिए हैं।

# अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन है ऐतिहासिक : सीमा त्रिखा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर सीमा त्रिखा व अन्य।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर निर्वतमान पार्षद जितेन्द्र भड़ाना(जित्ते भाई) द्वारा वार्ड 22 और 23 में विशाल रथयात्रा व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा व निर्वतमान पार्षद जितेन्द्र भड़ाना ने हनुमान मंदिर में श्रीराम जी की आरती उतारी। इसके बाद राम रथ यात्रा विभिन्न स्थानों से होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची। जहां पर हवन और भण्डारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन ऐतिहासिक है और हर भारतवासी इस दिन को बड़े उत्सव के साथ मना रहा है। इस अवसर पर जितेन्द्र भड़ाना भी मौजूद थे।

**हनुमान मंदिर में हवन-यज्ञ :** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर 1 में भगवान श्री रामलल्ला की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अमित नरुला एवं अर्चना नरुला द्वारा हवन यज्ञ किया गया।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर लड्डू बांटे

**फरीदाबाद।** अयोध्या के भव्य राममंदिर में विराजमान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ की खुशी पर चेयरमैन(अमीपुर) दिनेश भाटी और समाजसेवी संजय पंडित एनआईटी-3 ने बदरपुर बार्डर पर राहगीरों को 51 किलो लड्डू बांटे। इस मौके पर दिनेश भाटी चेयरमैन ने कहा कि आज घर-घर राम, हर द्वार राम से पूरा देश भगवामय है।

### सुंदरकांड करने से दूर हो जाते हैं सभी तरह के भय

**फरीदाबाद।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सामुदायिक केन्द्र सेक्टर-37 में भारत विकास परिषद नारायण शाखा फरीदाबाद द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, सुधीर नागर, वरिष्ठ मनमोहन गुप्ता,देवेन्द्र अग्रवाल(देबू), जयकिशन, अजय गुप्ता, विजय अग्रवाल, जयप्रकाश प्रमोद वर्मा, निखिल गर्ग, पंकज मदान, संजीव, संजय व आकाश गुप्ता मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए छात्राओं ने किया रिहर्सल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



ताऊ देवीलाल स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल करती छात्राएं।

ताऊ देवीलाल स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए चल रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल का एडीसी हितेश कुमार ने बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यक्रम राष्ट्रीय भावना, गणतंत्र दिवस की गरिमा और लोक सांस्कृतिक परम्पराओं के अनुरूप होने चाहिए।

हर साल की तरह इस बार भी ताऊ देवीलाल स्टेडियम परिसर में 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार ने स्टेडियम परिसर में शिक्षा विभाग की सांस्कृतिक टीमों की प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन कसाना को निर्देश दिए कि सांस्कृतिक कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह की गरिमा के अनुरूप होने चाहिए। इस बार देश गणतंत्र दिवस समारोह की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। इसलिए यह आयोजन सभी जिला वासियों के लिए और भी विशेष है। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल की जाएगी, जिसमें सभी विद्यार्थी फुल ड्रेस में आने चाहिए। इस अवसर पर उपायुक्त अजय कुमार राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि पूर्वाभ्यास में भाग लेने वाली स्कूल टीमों के विद्यार्थियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई है। शुक्रवार 24 जनवरी को यह पूर्वाभ्यास गणतंत्र दिवस समारोह की तरह ठीक सुबह 9 बज कर 58 मिनट पर प्रारंभ होगा। स्टेडियम में आने से पहले उपायुक्त जिला परिषद स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करेंगे।

# राज्यपाल वॉर मेमोरियल पर देंगे अमर शहीदों को श्रद्धांजलि



गणतंत्र दिवस की तैयारी में रिहर्सल करती महिला पुलिस की बटालियन।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जिला फरीदाबाद में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह और एट होम कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। सर्व प्रथम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सेक्टर-12 वॉर मेमोरियल में शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके पश्चात सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में तिरंगा फहराएंगे। तिरंगा फहराने के बाद राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा आमजन को सम्बोधित किया जाएगा। राज्यपाल के संबोधन के बाद मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम और कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी जाएगी।

76वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड मैदान आज पुलिस विभाग, होम गार्ड, एनसीसी बॉयज एंड गर्ल्स, हिंदुस्तान स्काउट्स, भारत स्काउट्स, भारत गाइड, प्रजातंत्र के प्रहरी, एनसीसी जूनियर आर्मी, एनसीसी जूनियर नेवी बॉयज एंड गर्ल्स, सेंट जोन ब्रिगेड, एनएसएस ब्रिगेड और स्कूली छात्रों द्वारा मार्च पास्ट की रिहर्सल की गयी। फाइनल रिहर्सल दिनांक 24 जनवरी को प्रात: 09:30 बजे सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित की जायेगी।

## इमरान ख़ान को सजा

### पाकिस्तानी राजनीति

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 14 वर्ष की सजा से पाकिस्तानी राजनीति की समस्यायें नहीं दूर होंगी। पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान को हाल ही में दोषी घोषित कर उनको 14 साल कैद की सजा दी गई है। यह पाकिस्तानी राजनीतिक उथलपुथल के इतिहास में महत्वपूर्ण मोड़ है। खान को एक हाईप्रोफाइल भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में दोषी पाया गया जिसके लिए उन्होंने प्रापर्टी मालिक मलिक रियाज़ से समझौता किया था। इस सजा से इमरान खान का राजनीतिक भविष्य और अंधकारमय हो गया है। इस घटनाक्रम से न केवल पाकिस्तानी सैनिक अवस्थापना का स्थाई असर दिखता है, बल्कि इससे देश के लोकतांत्रिक भविष्य पर भी चिन्ता पैदा होती है। 'जवाबदेही अदालत' के फैसले में इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को अवैध रूप से अरबों रुपये के प्लाट पाने का दोषी ठहराया गया है जिससे रियाज़ को 239 मिलियन डालर लांड्रिंग का मौका मिला। इमरान खान को 14 साल की सजा और एक मिलियन रुपये के जुर्माने तथा उनकी पत्नी को सात साल की सजा मिली है। पाकिस्तानी तहरीके इन्साफ पार्टी-पीटीआई ने इस सजा की निन्दा करते हुए इसे राजनीति-प्रायोजित हमला बताया है। इमरान खान ने लगातार इन आरोपों को अपने विरोधियों द्वारा 'फंसाने' का षडयंत्र बता कर खारिज किया है जिनमें खासकर पाकिस्तान की शक्तिशाली सेना शामिल है।



सेना को उन्होंने स्वयं को सत्ता से हटाने तथा जेल में बंद करने का जिम्मेदार बताया है।

इमरान खान पाकिस्तान के एक सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं जिनके प्रतिबद्ध समर्थक उनको भ्रष्टाचार और सैनिक प्रभुत्व के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक मानते हैं। लेकिन उनके जेल में बंद होने से पार्टी और समर्थकों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्यों और नेताओं पर लगातार कार्रवाई के कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन करने तथा अपनी राजनीति बनाए रखने की पीटीआई की क्षमता घटी है। पाकिस्तानी राजनीतिक व्यवस्था के लिए इमरान खान की सजा गंभीर संकट है। इससे न्यायपालिका में पक्षपात तथा राजनीतिक बदले में एक औजार की तरह उसके प्रयोग की स्थिति उजागर होती है। वैसे यह मामला सिविलियन नेताओं तथा सैनिक अवस्थापना के बीच व्यापक संघर्ष का हिस्सा है जिसने लंबे समय से प्रभुत्व बना रखा है। हालांकि, इमरान खान ने तानाशाही के खिलाफ खड़े होने का दावा किया है, पर 2018-2022 के बीच कार्यकाल में उनके सेना से नजदीकी संबंध रहे जो बाद में खराब हो गए। सेना के सर्वोच्च जनरलों की नजरों से खासकर अपनी हत्या के षडयंत्रों के आरोप लगाने के बाद गिरने से उनके राजनीतिक पतन का मंच तैयार हो गया। खान को सत्ता से बाहर करने तथा बाद में पैदा की गई कानूनी समस्यायें सेना के प्रभुत्व का संकेत हैं। दशकों से पाकिस्तानी सेना सत्ता का केन्द्र रही है तथा उसने चुनावों, न्यायिक कार्यवाहियों व नीतिगत निर्णयों को प्रभावित किया है। इसी कारण पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थानों के विकास में बाधा आई है। इमरान खान के मामले ने पुन: स्पष्ट किया है कि कोई सिविलियन नेता सेना के अधिकार को चुनौती नहीं दे सकता है और उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इससे लोकतंत्र प्रभावित होता है। इमरान खान की सजा के प्रभाव उनके व्यक्तिगत राजनीतिक भविष्य से आगे जाते हैं। इससे विपक्ष को निष्प्रभावी करने के लिए कानूनी व्यवस्थाओं के प्रयोग का उदाहरण स्थापित होता है तथा लोकतांत्रिक संस्थानों के क्षरण पर चिन्ता पैदा होती है। इन स्थितियों को देखते हुए पाकिस्तान में सच्चा लोकतंत्र आने का रास्ता बहुत लंबा दिखता है।

# चीन में विशाल बांध के खतरे

**टेक्टानिक प्लेट गतिविधि के कारण तिब्बती क्षेत्र भूंकपों का खतरा झेलता है। ऐसे में विशाल बांध परियोजनायें जीवन, जैव-विविधता तथा क्षेत्रीय स्थायित्व के लिए खतरा बढ़ा सकती हैं।**



**बी के सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त वन अधिकारी हैं)



तिब्बत में 7 जनवरी को रिक्टर पैमाने पर 7.1 पैमाने के भूकंप से 126 लोगों की जान गई तथा 188 लोग घायल हुए। तापमान में माइनस 60 डिग्री तक गिरने के कारण राहत व बचाव कार्य में बाधा आई। इस भूकंप के झटके नेपाल, भूटान तथा बिहार व पश्चिम बंगाल के भारतीय राज्यों में भी महसूस किए गए। इस भूकंप का केन्द्र तिब्बत की टिंगरी काउंटी में था जो दुनिया के सबसे ऊंचे पहाड़ माउंट एवरेस्ट से 75 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। इस भूकंप से चीन द्वारा तिब्बत में यारलुंग सांग्पो नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की परियोजना की ओर ध्यान आकर्षित हुआ जो भारतीय क्षेत्र अरुणांचल प्रदेश के बहुत निकट है।

तिब्बत क्षेत्र तथा चीन में उसके निकटस्थ क्षेत्र भूकंपीय दृष्टिकोण से बहुत सक्रिय हैं। इसी क्षेत्र में भारतीय और यूरेशियाई प्लेटें टकराती हैं और इनके कारण पैदा बल हिमालयी चोटियों की संख्या और उनकी ऊंचाई बढ़ाने का काम करता है। अकेले सीचुआन प्रांत में मई, 2008 में आए भूकंप में 90,000 लोगों की जान गई थी, 2013 में 7.1 आयाम के भूकंप में 196 लोग मारे गए थे तथा सितंबर, 2022 में 6.8 आयाम के तीसरे भूकंप में 93 लोग मारे गए थे।

क्वांगशी प्रांत भी दो बड़े भूकंपों का केन्द्र रहा है। अप्रैल, 2010 में यहां 7.1 आयाम का भूकंप आया, जबकि दिसंबर, 2023 में 6.2 पैमाने का भूकंप आया जिनमें 2698 व 126 लोग मारे गए। जुलाई, 2013 और दिसंबर, 2023 में दो भूकंप गांसू प्रांत में भी आए। 7 जनवरी को तिब्बत के टिंगरी में भूकंप के बाद जारी नासा की रिपोर्ट में बताया गया कि चीन में यांग्जी नदी पर बने 'थ्री जार्जेस डैम' में 607 मीटर ऊंचाई तथा दो किलोमीटर लंबाई में पानी भरने के कारण धरती का घूर्णन धीमा हो गया।

बांध पूरे क्षेत्र को भूकंपीय दृष्टिकोण से संवेदनशील बना कर जनसंख्या के लिए खतरा पैदा करते हैं। क्षेत्र में ऐसे बांध बनने से संकट और गहराएगा। भूकंपीय गतिविधियों में बड़े बांधों को भी खतरे की संभावना पैदा हो गई है। यदि ऐसा कोई बांध बड़े भूकंप में टूटता है तो बड़ी मात्रा में पानी मानव बस्तियों में घुस कर जीवन और संपत्ति का भारी विनाश कर सकता है। यह पूरे क्षेत्र के लिए विनाशकारी हो सकता है। दुनिया की सबसे शक्तिशाली नदी यारलुंग सांग्पो तिब्बत में है जो अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने पर ब्रह्मपुत्र हो जाती है। खड़ी ढलानों वाले पहाड़ों पर उतरने के कारण यह अनेक गीगावाट ऊर्जा संग्रहीत करती है। चीन ने तिब्बत में इस नदी पर 137 बिलियन डालर की लागत से 60 गीगावाट बिजली बनाने का लक्ष्य रखा है।

इस परियोजना से मिलने वाली बिजली चार जार्जेस डैम से ढाई गुना अधिक होगी जो इस नदी के ऊपरी और मध्य के हिस्सों में बने हैं। इनमें से केवल जंगारू डैम परियोजना ही सक्रिय हो सकी है। अन्य तीन बांध परियोजनाओं पर अभी निर्माण जारी है और उन्होंने खड़े पहाड़ों तथा गहरी घाटियों के कारण चीन के समक्ष लाजिस्टिक व तकनीकी चुनौतियां पैदा की हैं। चीन नदी के ऊपरी हिस्से वाला देश है और उसे ऐसी परियोजनाओं पर गोपनीय ढंग से काम नहीं करना चाहिए जिनसे नदी के निचले क्षेत्रों वाले भारत और बांग्लादेश को नुकसान की संभावना पैदा हो।

चीन ने पूरी गैर-जिम्मेदारी व आक्रामकता के साथ ब्रह्मपुत्र नदी में कमी तथा बाढ़ वाले मौसम में प्रवाह घटाने की योजना बनाई है। आंकड़ों से संकेत मिलता है कि चीन में यारलुंग सांग्पो का वार्षिक प्रवाह भारत में ब्रह्मपुत्र की तुलना में काफी कम है। इस प्रकार यारलुंग की तुलना में खड़े पहाड़ों पर ब्रह्मपुत्र का कैचमेंट क्षेत्र बहुत अधिक है। यह स्थिति उस समय है जब केवल जंगारू बांध परियोजना ही सक्रिय है। चीन द्वारा अन्य परियोजनायें पूरी करने पर चुनौती बहुत बढ़ जाएगी। चीन की तकनीकी प्रगति को देखते हुए वह देश अपनी पहाड़ी बांध परियोजनाओं को मूर्त रूप दे सकता है जिनके परिणामस्वरूप ब्रह्मपुत्र में कमी के मौसम में बहने वाला पानी बहुत कम हो जाएगा।

इससे भारत और बांग्लादेश में जैव-विविधता संरक्षण तथा खेती प्रभावित हो सकती है। एक दशक से अधिक समय से चीन अधिकतम ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कर रहा है जो प्रति वर्ष 14 गीगाटन तक पहुंचती हैं। इसके बाद प्रति वर्ष 8 गीगाटन के साथ अमेरिका का दूसरा स्थान है। समुद्र की सतह का तापमान बढ़ने से वातावरण में नमी की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है जिससे एक-दो दिन में ही भारी बरसात होती है। ऐसी परिस्थितियों में आजकल 48 घंटे में ही 400 मिलीमीटर बरसात असामान्य बात नहीं है। इसके कारण अचानक बाढ़ आती है और अधिकारियों को बांधों से पानी छोड़ना पड़ता है ताकि लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा की जा सके। भारत में बरसात के मौसम में हमेशा ब्रह्मपुत्र नदी में बाढ़ आती है। इससे लाभ के बजाय नुकसान अधिक होता है। जहां अरुणांचल प्रदेश और असम में ब्रह्मपुत्र के बाढ़ वाले मैदान उर्वर हो जाते हैं, वहीं पानी उतरने के बाद नदी भारी मात्रा में गाद पीछे छोड़ती है। इससे बाढ़ लोगों और जैव-विविधता के लिए विभीषिका का कारण बनती है। यूनेस्को द्वारा घोषित हॉटस्पाट काजीरंगा नेशनल पार्क विश्व स्तर पर लोकप्रिय जैव-विविधता संरक्षण स्थल है।

हालांकि, काजीरंगा एक बाघ अभयारण्य भी है, पर असाम राज्य गैंडों के संरक्षण पर जोर दे रही है। बाढ़ के समय शिकारी अक्सर गैंडों का शिकार आसानी से कर लेते हैं। असम सरकार के वन विभाग के अनेक कर्मचारियों ने इनकी रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है। बाढ़ के समय अनेक बड़े स्तनधारियों की प्रजातियां पानी के बहाव के कारण नष्ट हो जाती हैं। असम वन विभाग ने मिट्टी के ऊंचे किनारे बना कर इनकी सुरक्षा के प्रबंध किए हैं, लेकिन इसके लिए यह भी जरूरी है कि जंगली जानवर बाढ़ के समय यहां शरण लेने आएं।

ऐसे में चीनी बांधों से छोड़े जाने वाले अतिरिक्त पानी के कारण यह सुरक्षा बेकार हो जाएगी और बड़ी संख्या में जंगली जानवर मारे जाएंगे। हालांकि, दोनों देशों के बीच कोई औपचारिक जल संधि नहीं है, पर बांध बनाने की चीनी योजना बिना नदी के निचले क्षेत्रों वाले देशों तथा यूनेस्को की सहमति के नहीं होनी चाहिए। लेकिन चीन किसी की बात नहीं सुनता है, इसलिए भारत को अपने हित में कुछ कार्रवाइयां करनी चाहिए। हमें अपनी निगरानी व्यवस्था मजबूत कर चीन से आने वाली नदियों में विभिन्न मौसमों में पानी के प्रवाह पर नजर रखनी चाहिए। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों का प्रयोग मैपिंग व बाढ़ का जोखिम पता लगाने में किया जा सकता है। इसके साथ ही भंडारण सुविधायें बढ़ाई जानी चाहिए ताकि बाढ़ के पानी को उनमें भेजा जा सके। बाढ़ भंडारण संरचनाओं के लिए स्थल चुनने में स्थानीय व परिस्थितिकीय कारणों पर ध्यान देना होगा।

इसके साथ ही भूकंपीय हलचलों पर भी गंभीरता से नजर रखनी होगी। इसमें राज्य सरकारों तथा केन्द्र सरकार को ब्रह्मपुत्र में नौवहन सुविधायें बढ़ाने पर ध्यान देने से भी लाभ होगा। केन्द्र सरकार ने भीतरी जलमार्गों के विकास में निवेश को प्राथमिकता दी है। ब्रह्मपुत्र वाटरवेज़-2 की पहुंच सीधे बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह और पश्चिम बंगाल में हल्दिया तक होगी।

यह दक्षिण-पूर्वी आसियान देशों से व्यापार के लिए बहुत अच्छा आर्थिक गलियारा बन सकता है। जल संधि के अभाव में हमें जलवायु परिवर्तन, दलदली भूमि संरक्षण तथा जैव-विविधता संरक्षण संबंधी मुद्दों ऐसे सभी बहुपक्षीय मंचों पर उठाना चाहिए जिन पर भारत और चीन ने हस्ताक्षर किए हों।

# आस्था, पौराणिकता व आधुनिकता का संगम

> **"महाकुंभ की उत्पत्ति के बारे में आधुनिक इतिहासकारों के विवाद के विपरीत, प्राचीन से आधुनिक समय तक के कई यात्रियों, इतिहासकारों और बुद्धिजीवियों ने इसे रहस्यमय पाया है।"**

**देव नाथ पाठक**
(लेखक, आईआईटी की महाकुंभ टीम के सदस्य हैं)



मार्क टुली, जो कि बीबीसी के जाने-माने पूर्व संवाददाता हैं, ने 1989 में परयाग में हुए महाकुंभ को समय और कालातीतता के एक रहस्यमय और मनमोहक अंतर्संबंध के रूप में चित्रित किया। अखाड़ों के संतों, कपलवासी कहे जाने वाले तीर्थयात्रियों, प्रयागवाल और घटिया पुजारियों, केवट और खटिक जैसे हितधारक समुदायों और कुल मिलाकर गृहस्थों और त्यागियों के बहुरूपदर्शक प्रकटीकरण को दर्शाते हुए, टुली ने पौराणिक कथाओं और इतिहास पर रिपोर्ट दी, जिसका उद्देश्य एक बड़े साझा लक्ष्य, भाग लेने वाले मानवता का आध्यात्मिक उत्थान था। टुली ने लिखा कि महाकुंभ में हिंदुओं का धर्म, 'इतिहास की वास्तविकता से परे एक धर्म है, कल्पना का धर्म जो तर्क से परे है'। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर 2025 के प्रयाग महाकुंभ की समीक्षा करने में लगा हुआ है, जो अमूर्त विरासत के इर्द-गिर्द समय और कालातीतता के अंतर्संबंध पर एक नया दृष्टिकोण सक्षम करता है। विभिन्न स्तरों पर, अमूर्त विरासत को मूर्त अभिव्यक्ति मिली है। महाकुंभ की विशालता केवल प्रतिभागियों की भारी संख्या या यहां तक कि आयोजन के पैमाने के भयानक आंकड़ों में ही नहीं है। दशकों में संख्या में वृद्धि हुई है और आयोजन राज्य स्तर की कला में प्रवेश कर गया है। अतीत में महाकुंभ को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष उपग्रह द्वारा सबसे चौंका देने वाले दृश्यों में से एक के रूप में देखा गया था। 2025 के संस्करण में यह सुनिश्चित किया गया है कि तीर्थयात्रियों और साधुओं के लिए अधिक विस्तृत सुविधाएं, संगम के तीन तरफ विभिन्न प्रकार के आवास और स्वच्छता के रखरखाव के लिए नवीनतम तकनीक मौजूद हैं।



कुंभ जिले के प्रशासकों ने अत्यधिक कुशल, तकनीकी रूप से समर्थित सेवाओं को सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिर भी सबसे महत्वपूर्ण हिंदू धर्म, सनातन धर्म की पौराणिक कथाओं, इतिहास और सामाजिक अंतर्निहितता की शक्ति है। कोई आश्चर्य नहीं कि यूनेस्को को 2017 में कुंभ को भारत की अमूर्त विरासत घोषित करना पड़ा। लेकिन कुंभ में अमूर्त और अमूर्त दोनों ही बहुत मूर्त और ठोस अभिव्यक्तियाँ हैं, जिसमें नवीनतम जोड़ एक अप-मार्केटेड अक्षय वट है, जो सम्राट अकबर के किले के परिसर से सटा एक पौराणिक वृक्ष है। भले ही महाकुंभ की कल्पना और संप्रेषण प्रचुर मात्रा में पाठ्य संदर्भों के माध्यम से किया जाता है, लेकिन यह भारत की जीवंत धार्मिक परंपरा और सामूहिक स्मृति की अभिव्यक्ति है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद, मत्स्य पुराण, स्कंद पुराण, विष्णु पुराण और वाल्मीकि की रामायण और वेद व्यास की महाभारत जैसे महाकाव्यों के प्राचीन ग्रंथ हिंदू पौराणिक कथाओं के मूल मिथक पर आधारित धार्मिक समागम के पर्याप्त संदर्भ प्रदान करते हैं। देवताओं ने राक्षसों के साथ मिलकर समुद्र मंथन किया, जिसे सागर-मंथन कहा जाता है। नाविक हमें बताते हैं कि सागर मंथन हमारे मन में जारी रहेगा। मंथन के चौदह अमूल्य परिणामों में से एक अमृत कुंभ था, जो अमरता के अमृत से भरा घड़ा था। मिथक और कहानियों के कई संस्करण बताते हैं कि अमृत की कुछ बूँदें नदियों, गंगा, जमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम में गिर गईं। कुछ दिव्य अवसरों पर, संगम में अमृत तीर्थयात्रियों के लिए उपलब्ध हो जाता है, जो संगम के पास रहते हैं और तपस्या, धर्मपरायणता और आध्यात्मिक अभ्यासों का दैनिक जीवन जीते हैं, जिन्हें कल्पवास कहा जाता है, जिसका उद्देश्य शरीर और मन को बदलना है।

महाकुंभ की उत्पत्ति के बारे में आधुनिक इतिहासकारों के विवाद के विपरीत, प्राचीन से आधुनिक समय तक के कई यात्रियों, इतिहासकारों और बुद्धिजीवियों ने इसे रहस्यमय पाया है। चीनी बौद्ध विद्वान ह्वेन त्सांग ने 7वीं शताब्दी ई. में एक कुंभ में भाग लिया था जिसमें कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन ने भाग लिया था और अपनी संपत्ति दान कर दी थी। 9वीं शताब्दी ई. में, हिंदू सुधारक संत और विद्वान आदि शंकर ने महाकुंभ को एक अधिक अखिल हिंदू आयोजन में बदल दिया। बहुत बाद में मुगल सम्राट अकबर ने संगम के किनारे घाटों और किलों का निर्माण किया, जो कुंभ मेले के बुनियादी ढांचे में योगदान करते थे, जैसा कि अकबरनामा में अबू फजल ने वर्णित किया है। आधुनिक भारत में महात्मा गांधी को महाकुंभ की अधिक आलोचनात्मक समझ थी।

उन्होंने अपनी जीवनी में उल्लेख किया है कि आत्म-साक्षात्कार कुंभ में तीर्थयात्रा के लिए बंधक नहीं था, फिर भी 1915 में उन्होंने हरिद्वार में कुंभ में भाग लिया। हालाँकि, जवाहरलाल नेहरू ने द डिस्कवरी ऑफ़ इंडिया में याद किया, मुझे आश्चर्य है कि वह कौन सी जबरदस्त आस्था थी, जिसने हमारे लोगों को अनगिनत पीढ़ियों से भारत की इस प्रसिद्ध नदी की ओर आकर्षित किया है? भारत का एक सूक्ष्म जगत, महाकुंभ विविधता में एकता और जीवित धर्म का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका वर्णन नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया द्वारा 2024 में प्रकाशित धनंजय चोपड़ा की पुस्तक में किया गया है। शायद यह समय और कालातीतता के बीच के अंतर को सुनिश्चित करता है और इस प्रकार महाकुंभ का एक लंबा भविष्य है।

## आप की बात

### प्रेरणादायी पहल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन सहित सभी धार्मिक स्थलों पर पूर्ण शराबबंदी लागू करने की घोषणा एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल है। यह कदम न केवल धार्मिक स्थलों की पवित्रता को बनाए रखने का माध्यम बनेगा, बल्कि समाज में नशामुक्ति का एक मजबूत संदेश भी प्रसारित करेगा। धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक वातावरण प्राप्त होगा, जिससे इन स्थलों का धार्मिक महत्व और अधिक प्रखर होगा। मुख्यमंत्री का यह निर्णय युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करने और राज्य में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का सशक्त माध्यम बनेगा। यह कदम न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करता है, बल्कि पर्यावरण और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह निर्णय धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ राज्य की पहचान को और मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह प्रयास मध्य प्रदेश को नशामुक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और सामाजिक सुधार की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनाएगा। यह कदम वास्तव में राज्य के विकास और आध्यात्मिक गरिमा को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

– **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

### ट्रंप का दूसरा कार्यकाल

**डोनाल्ड** ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत को लेकर उनका रवैया क्या होगा, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। उनके पहले कार्यकाल में भारत-अमेरिकी संबंधों में कई उतार-चढ़ाव देखे गए थे, लेकिन दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार हुआ था। फिलहाल तो 18000 भारतीयों के अमेरिका से निकल जाने की बात परेशानी का सबब है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत को लेकर उनका रवैया कैसा होगा यह समय ही बताएगा। ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट की नीति के चलते भारत पर भी प्रभाव पड़ेगा। फिर अमेरिका का हू से बाहर निकलना और पूर्वमें की गई अंतरराष्ट्रीय संधियों को खत्म करना पूरे विश्व की परेशानी का सबक बनेगा। भारत, अमेरिका के साथ संबंधों को और मजबूत करना चाहेगा। वह ट्रंप 2.ह्र के मुताबिक खुद को ढालेगा। साथ ही, वह चीन के साथ रिश्तों में स्थिरता लाना चाहेगा और वह अपनी क्षमता भी बढ़ाना जारी रखेगा। इनके साथ भारत, अमेरिका में चल रही नीतिगत बहसों पर भी नजर बनाए रखेगा, जिनका असर उसके हितों-विकल्पों पर पड़ सकता है। ट्रंप प्रशासन भारत के साथ रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा दे सकता है, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव के मद्देनज़र। ट्रंप प्रशासन भारत के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने का प्रयास कर सकता है, लेकिन इसके लिए भारत को अमेरिकी व्यापार नीतियों के अनुसार चलना होगा।

– **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद

### ऐतिहासिक वापसी

**ट्रंप** जैसे नेता की अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर ऐतिहासिक वापसी उन्हे और अधिक निरंकुश बनाएगी। उनकी नीतिया अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर भी गहरा असर डालेगी। उनकी कूटनीतिक एवं आर्थिक नीतिया से वैश्विक बिरादरी में संकट पैदा कर सकती है। पनामा नहर,ग्रीनलैंड और कनाडा पर उनके विचार उनके विस्तारवादी मंसूबो को जाहिर करते हैं। उनका सर्वाधिक अनुचित निर्णय पेरिस जलवायु समझोते से अलग होने का हे।वर्ष 2024 में वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की महत्वपूर्ण सीमा को पार कर गया है।जलवायु विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि माकूल उपाय नहीं किए गए तो 2050 तक वैश्विक तापमान 2एष्ट की सीमा को पार कर सकता है, जिसका मानव जीवन पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है। विशेषज्ञो का यहां तक कहना है कि यह एक खतरनाक संकेत है, जो मानवता एक ऐसे मोड़ पर ले जा रहा है, जहां से वापसी मुश्किल होगी। इससे निपटने के लिए साझा वैश्विक प्रयासो की जरूरत है। ऐसे में अमेरिका का इस मुद्दे से मुंह मोडना किसी भी तरह से उचित नहीं है। जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव समूचे विश्व पर पड़ रहा है तथा अमेरिका भी इसी विश्व बिरादरी का हिस्सा है। बेहतर होता कि विश्व की एकल महाशक्ति होने के नाते इस मुद्दे पर ट्रंप के नेतृत्व वाला अमेरिका विश्व की अगुवाई करता।

– **विमलेश पगारिया**, बदनावर

### सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

**अपने** सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के वैचारिक अधिष्ठान के अनुरूप केन्द्र की भाजपा सरकार ने चिकित्सा क्षेत्र में आयुर्वेद और योग को इनका उचित स्थान प्रदान करने का सतत प्रयास किया है जो निश्चित ही अभिनन्दनीय है। नए संस्थानों के निर्माण से पहले से उपलब्ध चिकित्सा केन्द्रों में आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा जैसे अनेक प्रकल्पों पर केन्द्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों ने महती वित्त निवेश किया है । किन्तु जो 2 महत्वपूर्ण पक्ष अभी अछूते हैं जिनमें आयुर्वेद के समावेश से आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा की परिधि को बहुत अधिक बढ़ाया जा सकता है, इनमें पहला है आयुष्मान भारत परियोजना के अन्तर्गत आयुर्वेद चिकित्सकों/ चिकित्सा केन्द्रों का समावेश और दूसरा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों पर गुणवत्ता पूर्ण प्रभावी आयुर्वेद योगों की उपलब्धता । इन दोनों उपायों से जहां जनसामान्य को आयुर्वेद चिकित्सा का विकल्प उपलब्ध होगा, वहीं निजी आयुर्वेद चिकित्सकों को रोगियों की चिकित्सा के लिए अपेक्षाकृत सस्ता विकल्प होने से आयुर्वेद चिकित्सा की स्वीकार्यता जनसामान्य में बढ़ेगी

– **डॉ जय प्रकाश**, अंबाला छावनी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# आस्था की डुबकी



## सीएम योगी ने मंत्रिमंडल सहित संगम में किया पवित्र स्नान

### ● महाकुम्भ भारतीय संस्कृति की दिव्यता व सार्वभौमिकता का प्रतीकः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ महाकुम्भ नगर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के साथ तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी के संगम में पावन डुबकी लगाकर समूचे विश्व के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह स्नान आत्मिक शांति, धार्मिक समर्पण और समाज कल्याण का संदेश देता है। त्रिवेणी संगम का स्नान केवल व्यक्तिगत शुद्धि नहीं, बल्कि समग्र लोक कल्याण का आह्वान है। महाकुम्भ 2025 के इस दिव्य आयोजन में दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं और संगम में पावन डुबकी लगा रहे हैं. यह स्नान धर्म, संस्कृति और आस्था का संदेश देता है। यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि लोक कल्याण और आत्मशुद्धि का पवित्र आह्वान भी है। महाकुम्भ भारतीय संस्कृति की दिव्यता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है।

संगम स्नान से जनमानस को यह संदेश मिलता है कि धर्म और संस्कृति की शक्ति से जीवन में शुद्धता और समृद्धि लाई जा सकती है। त्रिवेणी संगम वह पवित्र स्थल है, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का मिलन होता है। इसे मोक्ष प्राप्ति और आत्मा की शुद्धि का केंद्र माना जाता है। शास्त्रों में संगम स्नान को सभी पापों से मुक्त करने और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग बताया गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने सबसे पहले अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात, मोटरबोट के माध्यम से संगम पहुंचकर विधिवत मंत्रोच्चार और हवन के साथ स्नान संपन्न किया। मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्रियों और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्रियों ने विधिवत संगम में स्नान और पूजन किया। योगी सरकार में यह दूसरा अवसर है, जब पूरे मंत्रिमंडल ने एक साथ कुम्भ के सुअवसर पर संगम स्नान किया है। इससे पूर्व 2019 में भी तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित कुम्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री और समस्त मंत्रिमंडल के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम की धारा में पवित्र स्नान किया था। इससे पूर्व, योगी सरकार ने महाकुम्भ में कैबिनेट बैठक का भी आयोजन किया। बैठक में यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में आयोजित की गई। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया।

# महाकुम्भ से मुख्यमंत्री ने दी 'महासौगात', यूपी बनेगा एयरोस्पेस का महारथी

## महाकुम्भ नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित हुई मंत्रिमंडल की बैठक

**कैबिनेट बैठक**

### ● उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस व रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति को मिली मंजूरी, 1 लाख युवाओं को मिल सकेगा रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ महाकुम्भ नगर



**विश्व** के सबसे बड़े धार्मिक-सामाजिक समागम 'महाकुम्भ 2025' में जहां एक तरफ दुनियाभर के आस्थावानों का जुटान हो रहा है, वहीं प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस महाकुम्भ के जरिए सूबे को 'महासौगात' दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को तीर्थराज प्रयागराज में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए 10 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसमें उत्तर प्रदेश को एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में 'महारथी' बनाने के उद्देश्य से नई नीति को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य है। इस नीति के लागू होने के बाद प्रदेश के 1 लाख युवाओं को सीधे-सीधे रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा उत्तर प्रदेश को एक अग्रणी एयरोस्पेस तथा रक्षा केंद्र बनाने पर है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी क्षमताओं, नवाचार और वैश्विक सहयोगी को गति मिल सकेगी। इस नीति का उद्देश्य यूपी में एयरोस्पेस और रक्षा (ए एंड डी) क्षेत्र को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) में एक मजबूत, विश्व स्तरीय, उच्च प्रौद्योगिकी और कुशल ए एंड डी मैन्यूफैक्चरिंग वातावरण बनाना है। इसके अलावा ए एंड डी क्षेत्र में आधुनिकतम केंद्र विकसित करने के लिए स्टार्टअप और निवेश को भी आकर्षित किया जाएगा। यही नहीं यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा में स्टार्टअप और एमएसएमई के कौशन और क्षमता विकास के लिए ए एंड डी आधारित सामान्य सुविधा केंद्र बनाने पर भी योगी सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है। राज्य में प्रमुख ए एंड डी विनिर्माण परियोजनाओं और डीपीएसयू को आकर्षित करना, अनुसंधान को बढ़ावा देना भी इस नीति का प्रमुख हिस्सा है।

**एआई और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर को भी किया जाएगा प्रोत्साहितः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट मंशा है कि राज्य में उन कंपनियों के विकास को बढ़ावा दिया जाए जो ए एंड डी में भारत की आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण का समर्थन करती हो। इस नीति के जरिए ए एंड डी सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सॉफ्टवेयर विकास केंद्र को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। नीति के अंतर्गत अगले पांच साल में 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने के साथ ही 1 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएंगे। इस नीति के अंतर्गत ए एंड डी सेक्टर की यूनिट्स को फ्रंट एंड सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। इसमें लैंड सब्सिडी, स्टैम्प ड्यूटी एग्जम्पशन और कैपिटल सब्सिडी भी दी जाएगी। साथ ही परिवहन शुल्क पर छूट जैसी सुविधाएं भी योगी सरकार प्रदान करेगी। यही नहीं महिला उद्यमियों को इस नीति के जरिए बड़ी राहत दी जाएगी।

**एयरोस्पेस तथा रक्षा उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्यः** बता दें कि रक्षा मत्रालय द्वारा देश में 2025-26 तक एयरोस्पेस तथा रक्षा उत्पादन को दोगुना करके 25 बिलियन यूएस डॉलर और निर्यात को 5 बिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसा आंकलन है कि 2047 तक एयरोस्पेस तथा रक्षा विनिर्माण क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत का योगदान होगा। इसे देखते हुए रक्षा मंत्रालय की ओर से देश में दो रक्षा औद्योगिक गलियारे उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में स्थापित किये गये हैं।

**प्रोत्साहन नीति के तहत आवंटित भूमि पर सब्सिडी का अनुमोदनः** योगी सरकार ने एफडीआई एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति 2023 में अनुमन्य फ्रंड एंड लैंड सब्सिडी के तहत मेसर्स अशोक लीलेंड लि. को आवंटित भूमि पर यूपीसीडा को देय सब्सिडी के भुगतान की भी मंजूरी प्रदान की। सब्सिडी भुगतान के संबंध में इम्पावर्ड कमेटी द्वारा 27 सितंबर की संस्तुति पर अनुमोदन किया गया है। एफडीआई नीति 2023 के अंतर्गत यूपीसीडा द्वारा अशोक लीलेंड को दी गई भूमि की लागत का 75 प्रतिशत यानी 106.51 करोड़ यूपीसीडा को देय है। इस भुगतान के लिए इम्पावर्ड कमेटी द्वारा संस्तुति प्रदान की गई है। प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत आरंभ में सुविधा की शुरुआत 2500 बस प्रति वर्ष की क्षमता से किया जाएगा। इस सुविधा में एक एक्सीलेंस सेंटर भी सम्मिलित होगा। इसमें लगभग 186 करोड़ रुपए का व्यय होगा।

**एचएलईसी की संस्तुतियों को मिला अनुमोदनः** योगी मंत्रिमंडल ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उत्च स्तरीय प्राधिकृत समिति (एचएलईसी) की अगस्त और सितंबर 2024 को संपन्न बैठक में की गई संस्तुतियों पर भी अनुमोदन प्रदान किया।

### 62 आईटीआई होंगे अपग्रेड, 5 सीआईआईआईटी की स्थापना

**टाटा** टेक्नोलॉजी लि. (टीटीएल) के सहयोग से प्रदेश के 62 आईटीआई को अपग्रेड करने और 5 सीआईआईआईटी (सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्वेंशन, इंक्यूबेशन एंड ट्रेनिंग) की स्थापना किए जाने के लिए सरकार एवं टीटीएल के मध्य एमओयू की भी मंजूरी दी गई। एमओए के तहत परियोजना की कुल लागत 3634 करोड़ रुपए से ज्यादा है, जिसमें टीटीएल का योगदान 2851 करोड़, जबकि सरकार का योगदान 783 करोड़ से ज्यादा का रहेगा। एमओए की अवधि 11 वर्ष होगी, जिसमें एक वर्ष परियोजना क्रियान्वयन की तैयारी के लिए निर्धारित है। 10 वर्ष की अवधि पूरी होने के बाद दोनों पक्षों की आपसी सहमति से परियोजना को रिन्यू करने पर विचार किया जाएगा। एमओए के तहत इंडस्ट्री 4.0 की मांग के अनुसार टीटीएल द्वारा 62 आईटीआई में 11 लांग टर्म एवं 23 शॉर्ट टर्म कोर्सेज चलाए जाएंगे। टीटीएल के प्रशिक्षकों द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षकों और प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों को भी दक्ष किया जाएगा। सफल प्रशिक्षणार्थियों को टीटीएल की सहयोगी कंपनियों में अप्रेंटिसशिप व रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से लांग टर्म कोर्सेज में प्रति वर्ष लगभग 6000 तथा शॉर्ट टर्म कोर्सेज से प्रति वर्ष लगभग 6500 समेत कुल 12500 अभ्यर्थी प्रशिक्षित होंगे।

### 166 बेड का राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, बलरामपुर होगा हस्तांतरित

**स्वशासी** राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर की स्थापना के लिए 166 बेड के राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, बलरामपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तांतरित करने तथा जनपद बलरामपुर में स्थापित किए जा रहे किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सेटेलाइट सेन्टर को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर में परिवर्तित किए जाने को भी मंजूरी मिली। आम जनमानस को विशिष्ट चिकित्सा सुविधा और युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर को स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, बलरामपुर में केजीएमयू के सेटेलाइट सेन्टर को मेडिकल कालेज में परिवर्तित कर उसके संचालन के लिए एमसीआई/एनएमसी मानकों के दृष्टिगत 1394 शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों का सृजन भी किया जा चुका है।

### प्रयागराज, वाराणसी व आगरा नगर निगम के लिए जारी होंगे म्युनिसिपल बॉण्ड

**नगर** निगम प्रयागराज, वाराणसी एवं आगरा के लिए म्युनिसिपल बॉण्ड निर्गत करने तथा अवस्थापना विकास निधि के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। वहीं, म्युनिसिपल बॉण्ड के जरिए धनराशि मार्केट से जुटाने पर प्रत्येक 100 करोड़ रुपए के सापेक्ष 13 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा प्रोत्साहन की धनराशि एस्क्रो अकाउंट में डालने का प्रावधान किया गया है। दूसरी ओर, नगर निगम आगरा में 50 करोड़, प्रयागराज में 50 करोड़ तथा वाराणसी में 50 करोड़ तक के म्युनिसिपल बॉण्ड निर्गत किया जाना प्रस्तावित है।

### असेवित जिले में मेडिकल कालेज संचालित करने के लिए निविदादाता तय

**प्रदेश** के असेवित जनपद हाथरस, बागपत एवं कासगंज में भारत सरकार की वायबिलिटी गैप फण्डिंग के अन्तर्गत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर मेडिकल कालेज संचालित करने के लिए सफल निविदादाता के चयन को मंजूरी मिल गई। प्राप्त निविदाओं के तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकन के बाद न्यूनतम निविदादाता के रूप में जनपद-हाथरस में राजश्री एजूकेशनल ट्रस्ट, जनपद-कासगंज में राजश्री एजुकेशनल ट्रस्ट एवं जनपद-बागपत में जयपाल सिंह शर्मा ट्रस्ट को न्यूनतम निविदादाता (एल-1 बिडर) के रूप में उपयुक्त पाया गया। योजना के तहत सरकार की प्राथमिकता उन जिलों में मेडिकल कालेज खोलने की है, जहां शासकीय अथवा निजी क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी मेडिकल कालेज स्थापित नहीं है। इसी क्रम में प्रदेश के असेवित जनपदों में पीपीपी मोड के अन्तर्गत मेडिकल कालेज की स्थापना करने के संबंध में नीति निर्गत की गई है।

# काशी तक आएगा गंगा एक्सप्रेस-वे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से भी होगी कनेक्ट

## प्रयागराज, वाराणसी, मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र तक बनेगा विंध्य एक्सप्रेसवे, 320 किमी होगी लंबाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ महाकुम्भनगर

**तीर्थराज** प्रयाग में 144 वर्ष के बाद महाकुम्भ के शुभ संयोग पर लोककल्याण का संकल्प लेकर बैठी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बड़े फैसले लिए हैं। पावन त्रिवेणी तट पर हुई कैबिनेट की ऐतिहासिक बैठक में 320 किलोमीटर लंबाई वाले विंध्य एक्सप्रेसवे और 100 किमी लंबाई वाले विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति दी गई।

विशेष कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित और प्रकरण एक्सप्रेसवे के माध्यम से कनेक्टिविटी नेटवर्क विकास और क्षेत्र में औद्योगिक परियोजनाओं का विकास हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश के पश्चिमांचल, मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र एक्सप्रेसवे से आच्छादित हैं और अब दूरवर्ती दक्षिणी-पूर्वी विंध्य क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना आवश्यक है। इस दृष्टि से प्रयागराज मीरजापुर, वाराणसी, चंदौली एवं सोनभद्र को जोड़ते हुए 320 किलोमीटर लंबाई वाले नए नए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना चाहिए। इस नए एक्सप्रेस में का प्रारंभ बिंदु प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेसवे होगा, जबकि सोनभद्र में एनएच 39 पर इसका समापन होगा। इस तरह गंगा एक्सप्रेसवे और विंध्य एक्सप्रेसवे की सीधी कनेक्टिविटी होगी, साथ ही, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ में झारखंड से भी अच्छा संपर्क स्थापित हो सकेगा। इसी प्रकार, विंध्य एक्सप्रेसवे पर चंदौली से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम बिंदु गाजीपुर तक विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाना उचित होगा। इसकी लंबाई लगभग 100 किमी होगी। प्रयागराज को बड़ा उपहार देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में सलोरी से हेतापट्टी तक नए ब्रिज के निर्माण की भी आवश्यकता जताई। उक्त के साथ ही बैठक में साथ ही शास्त्री ब्रिज और यमुना सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर नया ब्रिज को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।

**रामलला विराजमान की प्रथम वर्षगांठ**

# श्रीरामलला के मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, जयकारों से गूंजी अयोध्या

### ● स्वच्छता और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विभिन्न मठ मंदिरों में धूम मणि राम दास छावनी में 41 दिवसीय अनुष्ठान शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या



**रामनगरी** में बुधवार को फिर से श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह कोहरा व बेतहाशा ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। हर तरफ जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। मानो एक बार फिर से त्रेता युग लौट आया हो। श्रीराम चन्द्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर शाम तक जन्मभूमि पथ पर कतारबद्ध दिखे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 में ही रामलला विराजमान हुए थे। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं का रेला नजर आया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 11 जनवरी को ही पहली वर्षगांठ मना चुका है। तीन दिन आयोजन भी हुए। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन किया था। अब जब बारी आई 22 जनवरी की तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा निवेदित करने पहुंच गए। प्रदेश की योगी सरकार ने दर्शनार्थियों के लिए स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिये हैं। जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुटा दिखा।

राम मंदिर की पहली वर्षगांठ को देखते हुए मठ मंदिरों में भी धूम है। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। इसके अलावा दशरथ महल-कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। उधर, मणिरामदास छावनी में सुबह रथयात्रा निकालने के बाद 41 दिवसीय अनुष्ठान का आगाज हो गया। इसमें सवा लाख से भी अधिक श्रीराम रक्षास्त्रोत का जाप होगा। बड़ी संख्या में अपने आराध्य का दर्शन करने पहुंचे।श्रद्धालुओं में से अनेक ऐसे भी हैं जो बीती 22 जनवरी को अयोध्या में थे। उसी पल को जीने के लिए वे फिर रामनगरी में हैं। ट्रस्ट को भीड़ के आने का अनुमान था इसलिए व्यवस्थाएं भी तदनुरूप की गई थी। राम मन्दिर के आसपास का सारा क्षेत्र ब्रह्म मुहूर्त से ही जयकारों से गूंजने लगा था। होटल और धर्मशालाएं पहले से ही लोग आरक्षित कराए हुए थे। रामलला के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि हिंदी कैलेंडर के मुताबिक 11 जनवरी को द्वादशी मनाई गई थी, लेकिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक दर्शन करने पहुंचे हैं। सुबह से ही भीड़ दिखी। एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये गए हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या को 6 जोन और 17 सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है।

## आगरा में नवीन आवासीय परियोजना को मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरकार** ने आगरा में नवीन आवासीय परियोजना के लिए भी मंजूरी दी है। वहीं, आगरा विकास प्राधिकरण की 100 मी. चौड़ी इनर रिंग रोड एवं लैण्ड पार्सल योजना को भी मंजूर किया है। इसके अलावा आगरा की 442.4412 हेक्टेयर भूमि के वर्ष 2010 के सर्किल रेट और वर्तमान सर्किल रेट के अंतर की धनराशि 204.34 करोड़ की अनुग्रह धनराशि के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने अनुमोदित कर दिया है। दूसरी ओर उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के औद्योगिक विकास क्षेत्र से ग्राम रहनकलां एवं रायपुर की भूमि को अलग करने के लिए औद्योगिक विकास विभाग की अधिसूचना को तत्सीमा तक संशोधित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति प्रदान की गई है। इससे आगरा विकास प्राधिकरण को आवासीय योजना हेतु लैण्ड बैंक उपलब्ध होगा तथा उक्त क्षेत्र का सुनियोजित विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

# अपराध मुक्त यूपी के लिए अभियोजन निदेशालय की स्थापना को मंजूरी

### ● भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रदेश में स्वतंत्र अभियोजन निदेशालय होगा स्थापित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ महाकुम्भ नगर

**अपराध** मुक्त प्रदेश की संकल्पना को साकार करने के लिए योगी सरकार ने अभियोजन निदेशालय की स्थापना का निर्णय लिया है। महाकुम्भ नगर के अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में तय किया गया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के लागू होने के दृष्टिगत प्रभावी एवं निष्पक्ष अभियोजन के लिए प्रदेश में एक स्वतंत्र अभियोजन निदेशालय स्थापित किया जाएगा, जिसमें एक अभियोजन निदेशक और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अभियोजन उपनिदेशक हो सकेंगे। मौजूदा अभियोजन निदेशालय का पूरा स्टाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 20 के अंतर्गत स्थापित अभियोजन निदेशालय के रूप में समामेलित हो जाएगा तथा भविष्य में नवस्थापित अभियोजन निदेशालय के लिए अलग से धनराशि आवंटित की जाएगी।

प्रस्ताव के तहत प्रत्येक जिले में भी जिला अभियोजन निदेशालय स्थापित किया जाएगा। अभियोजन निदेशालय का प्रमुख अभियोजन निदेशक होगा, जो राज्य में गृह विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के लिए कार्य करेगा। कोई व्यक्ति अभियोजन निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए तभी पात्र होगा, यदि वह अधिवक्ता या अभियोजन के रूप में कम से कम 15 वर्ष तक व्यवसाय में रहा हो, या सेशन न्यायधीश रहा हो। यह भी प्राविधान किया गया है कि किसी आपराधिक मामले में या भ्रष्टाचार के मामले में या फिर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में अक्षम पाया जाता है तो उसे राज्य सरकार उनके पद से तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने से पूर्व ही उसकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर सकती है। निदेशक अभियोजन उत्तर प्रदेश का चयन और नियुक्ति अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, गृह विभाग की अध्यक्षता तथा प्रमुख सचिव, न्याय एवं विधि परामर्शी, पुलिस महानिदेशक तथा उत्तर प्रदेश सचिव, गृह विभाग की सदस्यता वाली एक सर्च कमेटी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

निदेशक अभियोजन के चयन की प्रक्रिया सर्च कमेटी द्वारा स्वयं निर्धारित की जाएगी। निदेशक अभियोजन उत्तर प्रदेश का न्यूनतम कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। निदेशालय के मुख्यालय के लिए तथा उसके क्षेत्रीय कार्यालयों में तथा जिला कार्यालयों के लिए स्थाई एवं अस्थाई पदों को ज्य सरकार द्वारा सृजित किया जा सकेगा। नई व्यवस्था को सफल एवं प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट की प्रभावशाली भूमिका रहेगी।

# बदमाशों के साथ मुठभेड़ में घायल इंस्पेक्टर सुनील कुमार की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्पेशल** टास्क फोर्स (एसटीएफ) के इंस्पेक्टर सुनील कुमार की गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान शहादत हो गई। बीती रात शामली के झिंझाना थाना क्षेत्र में हुए एनकाउंटर में उन्होंने मुस्तफा कग्गा गैंग के चार कुख्यात बदमाशों को मार गिराया था। लेकिन, इस मुठभेड़ में इंस्पेक्टर सुनील को पेट और छाती में तीन गोलियां लगीं, जिनमें से एक गोली उनके लिवर को भेद गई। उनकी हालत गंभीर थी और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उल्लेखनीय है कि बीते सोमवार देर रात एसटीएफ मेरठ को सूचना मिली थी कि मुस्तफा कग्गा गैंग का सदस्य अरशद अपने साथियों के साथ शामली के झिंझाना क्षेत्र में लूट की योजना बना रहा है। एसटीएफ टीम ने इलाके की घेराबंदी की और एक संदिग्ध कार को रोकने की कोशिश की। बदमाशों ने रोकने के बजाय टीम पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ की स्थिति पैदा हो गई। करीब 30 मिनट तक चली इस गोलीबारी में एसटीएफ टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गैंग के चारों बदमाशों अरशद, मंजीत, सतीश और एक अज्ञात को मार गिराया।

अरशद सहारनपुर के थाना बेहट में लूट और हत्या के मामलों में वांछित था और उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर सुनील कुमार कर रहे थे। बदमाशों से मुकाबला करते हुए उन्होंने बहादुरी से मोर्चा संभाला, लेकिन इस दौरान उन्हें तीन गोलियां लगीं। गंभीर रूप से घायल सुनील को पहले करनाल के अमृतधारा अस्पताल ले जाया गया और फिर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन सभी प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। इंस्पेक्टर सुनील की शहादत ने पुलिस विभाग और आम जनता को गहरे शोक में डाल दिया है। उनके पार्थिव शरीर को पोस्टमॉर्टम के बाद उनके पैतृक गांव बना-मसूरी (मेरठ) ले जाया जाएगा, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुनील कुमार की बहादुरी को नमन करते हुए उनके परिवार को 50 लाख रुपए की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि सुनील कुमार की शहादत से प्रेरित होकर यूपी पुलिस अपराध के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करेगी।

### दो इनामी डकैतों को मार गिराने के बाद मिला था आउट आफ टर्न प्रमोशन

**इंस्पेक्टर** सुनील कुमार पहली सितंबर 1990 को आरक्षी के पद पर पीएसी में भर्ती हुए। इसके बाद मुख्य आरक्षी के पद पर 9 अगस्त 2002 को पदोन्नत हुए थे। यह पूर्व में 15वीं वाहिनी पीएसी, आगरा, 47वीं वाहिनी पीएसी, गाजियाबाद एवं 9वीं वाहिनी पीएसी, मुरादाबाद में नियुक्त रहे। एसटीएफ में नियुक्ति के दौरान उन्होंने 19 मार्च 2008 को जनपद फतेहपुर में एसटीएफ टीम से हुई एक साहसिक मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी दस्यु ओम प्रकाश उर्फ उमर केवट एवं राजराज को मार गिराया था। जिसके फलस्वरूप उन्हें 16 सितंबर 2011 को उपनिरीक्षक के पद पर आउट आफ टर्न प्रोन्नति प्रदान की गई। 22 अप्रैल 2020 को वह इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नत हुए थे।

# जिला जज के साथ डीएम-एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** फतेहपुर



**जनपद** न्यायाधीश अनमोल पाल, जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अजय सिंह-प्रथम व न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में अनुपम कुशवाहा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम पाकशाला का निरीक्षण किया गया। पाकशाला में भोजन उरद, राजमा की दाल, आलू गोभी बैगन की सब्जी मिली। रोटी व चावल बनाया गया था। प्रत्येक बन्दी को मानक के अनुरूप भोजन दिया गया। पाकशाला में पता करने पर कुल 33 बन्दी पाये गये। जिसमें मिश्रित जातियों एवं धर्म के लोग थे। इसके उपरान्त समस्त सदस्यो ने बैरक संख्या 06 एवं 08 ए का निरीक्षण किया, जिसमें पूछे जाने पर रजिस्टर में उनके नाम के अवलोकन से स्पष्ट है कि यहां भी कैदियो से जाति व धर्म के आधार पर भेदभाव होना नही पाया गया। जेल में साफ-सफाई का काम नियमित कर्मचारी व बन्दियों द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक बैरक में साफ-सफाई पायी गयी। पाकशाला में सभी बन्दी मास्क लगाये थे। अस्पताल में टी0बी0 के मरीजो को अलग रखा गया था। जिनकी संख्या कुल तीन है। अस्पताल में साफ-सफाई मिली। डाक्टर वर्दी में मिले। इसके अतिरिक्त कैदियो के दाखिला के समय दाखिला रजिस्टर में कैदियो के जाति के कालम में जाति का उल्लेख होना नहीं पाया गया। लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत जल पीएलवी द्वारा यह तथ्य प्रकाश में आया कि कैदियो द्वारा मांगी गयी सहायता का वह लोग भिन्न-भिन्न अदालतो में प्रार्थना पत्र के माध्यम से कैदियो को विधिक सहायता प्रदान करते है।

# कारोबारियों के लिए खुशखबरी, मिलेगी जीएसटी ब्याज और पेनाल्टी में छूट

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**लखीमपुर** खीरी के कारोबारियों के लिए अच्छी खबर है। पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 में जिन कारोबारियों को नोटिस मिला है, वो सभी जीएसटी ब्याज और पेनल्टी माफी योजना का लाभ ले सकते हैं।

उप्र सरकार द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2017 से दिनांक 31 मार्च 2020 तक की अवधि में जीएसटी अधिनियम की धारा- 73 के अन्तर्गत कर अर्थदण्ड और ब्याज की मांग को शर्तों के अधीन 31 मार्च 2025 तक मात्र कर जमा करते हुए समाप्त किया जा सकता है। इस संबंध में दिनांक 1 जुलाई 2017 से दिनांक = 31 मार्च 2020 तक की अवधि के मध्य धारा-73 के अधीन पारित आदेश के अन्तर्गत योजना का लाभ लेने के लिए करदाता द्वारा यदि 31.03.2025 तक कर जमा कर दिया जाता है तथा कोई अपील दाखिल नहीं की जाती है। अथवा दाखिल की गयी अपील वापस ले ली जाती है, तो ब्याज एवं अर्थदण्ड की छूट प्राप्त होगी। किसी प्रकार की असुविधा या जानकारी के लिए राज्य कर कार्यालय, लखीमपुर खीरी से संपर्क करें। मूल कर यथाशीघ्र जमा करते हुये योजना का लाभ लें तथा राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें।

उल्लेखनीय है कि यह छूट 01 जुलाई, 2017 से 31 मार्च, 2020 के बीच की कर अवधि के लिए बकाया जीएसटी मांगों पर प्रभावी होगी। अर्हता प्राप्त करने के लिए कारोबारियों को देय कर का भुगतान करना होगा और जीएसटी पोर्टल के माध्यम से छूट का आवेदन जमा करना होगा। यह योजना ब्याज और जुर्माना माफ करती है। यह करदाताओं को वास्तविक जीएसटी बकाया का भुगतान करने से छूट नहीं देती है।

# सड़क सुरक्षाः संयुक्त टीम ने एन.एच.-टू के मुख्य सर्विस लेन पर की कार्रवाई

- 60 वाहनों का चालान 22 वाहन पुलिस चौकी में निरूद्ध, 3.10 लाख का वसूला प्रशमन शुल्क



**संवाददाता।** फतेहपुर

**सड़क** सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच.-टू पर आज प्रशासन, पुलिस, परिवहन, नगर पालिका तथा एन.एच.ए.आई. कानपुर की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों मेडिकल कालेज, नउवाबाग, भिटौरा बाईपास के निकट, लखनऊ बाईपास के निकट, लोधीगंज के आस-पास एनएच-2 मुख्य लेन तथा सर्विस लेन पर खड़ी वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुये नो-पार्किंग तथा अन्य सुसंगत अभियोगों में कुल 60 वाहनों का चालान करते हुये 22 वाहनों को लोधीगंज पुलिस चौकी में निरूद्ध करते हुये 3.10 लाख रूपये का प्रशमन शुल्क आरोपित किया गया। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद फ्तेहपुर तथा एनएचएआई की टीम द्वारा एन.एच.-2 के सर्विसलेन से सटी विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा वाहन वर्कशाप/रिपेयरिंग/ अन्य सर्विस प्रदान कर रही दुकानों के संचालकों को इस आशय की नोटिस जारी की जा रही है कि किसी प्रकार की कोई सर्विस एन.एच.-2 एवं सर्विस लेन पर वाहनों को खड़ा कराकर न दी जाये। मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.) अविनाश त्रिपाठी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) श्रीमती पुष्पांजलि मित्रा गौतम, यातायात निरीक्षक लाल जी सविता, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद रवीन्द्र सिंह सहित एनएचएआई कानपुर व टीम के अन्य सदस्य एवं पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान लाउडस्पीकर से भी लगातार वाहन चालकों को जागरूक किया जाता रहा।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर हुई प्रतियोगिताएं

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**भारत** सरकार द्वारा प्रदत्त निर्देशों एवं जिलाधिकारी आलोक सिंह के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज दिनांक- 22.01.2025 को मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार माती में हस्ताक्षर अभियान व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा महिला और बालिकाओं को मुख्य धारा से जोड़ने और सुरक्षित व शिक्षित करने की बात कहते हुए ''हम प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने जीवन में कन्या भ्रूण हत्या नहीं करेंगे और न ही कन्या भ्रूण हत्या में सहयोग देंगे।

कन्या भ्रूण हत्या की जानकारी होते ही नजदीकी स्वास्थ्य अधिकारी को सूचना देंगे। हम यह भी संकल्प लेते हैं कि लड़कियों को पढ़ाने व लड़कियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये समाज को प्रेरित करेंगे।'' की शपथ लेते हुए हस्ताक्षर किया गया। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार द्वारा बैनर पर हस्ताक्षर करते हुए कहा गया कि ''नये बदलते भारत में बदल लो अपनी सोच, बेटियां बनती हैं सहारा नहीं होती हैं बोझ'' जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव द्वारा कहा गया कि ''इतनी खुशियां लायेंगी की समेट नहीं पाओगे, लेकिन ये तब ही होगा जब तुम बेटियों को बचाओगे'' की प्रतिज्ञा के साथ हस्ताक्षर किया गया। साथ ही जनपद के विभिन्न विद्यालयों की लगभग 400 बालिकाओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारों एवं स्लोगन के साथ बल देते हुये प्रभात रैली में प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार से स्पोर्ट्स स्टेडियम तक रैली रवाना की गई। रैली में बेटियां तो है ईश्वर का उपहार, मत छीनो इनके जीने का अधिकार, अगर करनी है जीवन और समाज की सुरक्षा, तो बेटियों को पढ़ा लिखाकर करो इनकी रक्षा, बेटियां है कुदरत का उपहार, इन्हें तो चाहिए बस प्यार और दुलार आदि नारों के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जोर दिया गया। इसके साथ ही स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला क्रीडा अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में बालिकाओं द्वारा 60 मीटर की रेस, 100 मीटर की रेस ,200 मीटर की रेस में प्रतिभाग किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव द्वारा बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनायें जैसे-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना एवं हेल्पलाइन नम्बर जैसे-181, 1090, 112, 1098 ,1076, 1930 आदि के विषय में जानकारी दी गयी।

# ई-आफिस के जरिए ही पत्रावली को करें अग्रसारितः डीएम

- अभिलेखों का करायें डिजिटलीकरण
- शिकायतों के निस्तारण में समय का रखें विशेष ध्यान

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** आलोक सिंह के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न कार्यालयों /पटलों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखागार, नजारत, संयुक्त कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर पत्रावलियों के रखरखाव, साफ सफाई व्यवस्था व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाए, समय-समय पर साफ-सफाई व पुराने अभिलेखों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए, अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाए, आकस्मिक डाक से संबंधित डाक पुस्तिका अलग बनाई जाए।

उन्होंने राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण करते डिजिटलाइज किए जाने,साफ सफाई व्यवस्था, नवीन पद्धति के अनुसार रियल टाइम अंकन सुनिश्चित किए जाने व रेवेन्यू रिकॉर्ड मैनुअल के अनुसार अभिलेखागार में वीडिंग की कार्यवाही नियमानुसार कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखागार में आने वाली शिकायतों संबंधी पंजिका का भी अवलोकन करते हुए जिन ग्रामों से शिकायतें ज्यादा प्राप्त हो रही हों, उनके रिकॉर्ड्स को पृथक से जांच कराए जाने के निर्देश दिए।नजारत का निरीक्षण कर सभी अभिलेखों का जायजा लिया तथा अर्जेंट डाक हेतु पृथक से व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। संयुक्त कार्यालय के सभी पटलों पर कार्मिक के पदनाम का अंकन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारी को दिए। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों के सर्विस बुक,जीएफ को अद्यतन रखे जाने हेतु सामान्य लिपिक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रिट, मा0 मुख्यमंत्री संदर्भ, व अन्य प्राप्त होने वाली आई0जी0आर0एस0 शिकायतों पर विशेष ध्यान दिए जाने व समयबद्ध निस्तारण भेजे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिदिन प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण में भी समय की पाबंदी पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पटल यथासंभव ई फाइल के जरिए ही पत्रावली को अग्रसारित करें व ई-आफिस प्रणाली को शत प्रतिशत अमल में लाये जाने के निर्देश समस्त संबंधित को दिए।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्त, ई-डिस्टिक मैनेजर तेजस्वी कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएनजी ऑटो को अज्ञात वाहन ने मार दी टक्कर दो मरे दो घायल

**संडीला( हरदोई )।** सीएनजी ऑटो से सवार होकर वापस लौट रहे चार लोगों को बीती रात लगभग 9 बजे किसी अज्ञात वाहन ने लगभग 9 बजे टक्कर मार दी जिससे उसपर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज ट्रॉमासेंटर में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मण्डई निवासी जियाउद्दीन पुत्र मुईन उद्दीन सीएनजी ई-रिक्शा लेकर सईद पुत्र रमजानी के साथ अपना खेत देखने के लिए गए थे। वहां से वापस लौटते समय उस ऑटो में नईम और राजकुमार भी सवार हो गए। जब यह सीएनजी ऑटो अतरौली रोड पर पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में जियाउद्दीन और सईद की मौके पर ही मौत हो गयी। आसपास के लोगों ने इस हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों राजकुमार और नईम को सीएचसी पहुंचाया। जहां से दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रॉमासेंटर भेज दिया गया। मृतक सईद के परिवार में उनकी पत्नी और 7 बच्चे जबकि जियाउद्दीन के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। दोनों ही लोग खेतीबाड़ी करके अपना जीवनयापन करते थे। इस हादसे से दोनों परिवारों में हाहाकार मच गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराया है। इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी गयी है। पुलिस उस वाहन की तलाश कर रही है जिससे उक्त सीएनजी ऑटो को टक्कर मारी थी।

# डीएम के निर्देश पर नगर में हटाया गया अतिक्रमण



**बांदा।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला ने बाबूलाल चौराहा, कालीदेवी मंदिर होते हुए अतर्रा चुग्गी पास तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क की पटरियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण न हटाने वाले दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया। सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला अतिक्रमण हटाओ अभियान के बेहद सख्त नजर आए उन्होंने कालिदेवी मंदिर के सामने बने बिजली दफ्तर की बाउंड्री के आगे बने लगभग दो दर्जन के करीब बनी अवैध पक्की दुकानों हटाने का निर्देश दिया। अगर दो दिनों के अंदर नहीं खाली किया गया बुलडोजर के माध्यम से ध्वस्थीकरण करण की कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर पालिका के आरआई रामजस नें नगर मजिस्ट्रेट को नोटिस की जानकारी देते हुए बताया की नगर पालिका नें कई बार दुकानों को हटाने के लिए नोटिस दी गई है इसके बावजूद भी अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया है। बाबूलाल चौराहा में अवध तरीके से ई रिक्शा, ऑटो, बस अवैध तरीके से वाहनों को खड़ा करने वालों पर नगर मजिस्ट्रेट नें कड़ी फटकार लगाई। शहर में अवैध वाहन स्टैंडों और ई-रिक्शा के बेतरतीब खड़े होने से लोग जाम की समस्या से परेशान थे।

# दो अलग अलग बंद दुकानों से चोरों ने की लाखों की चोरी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के रूरा शिवली मार्ग पर गुटैया गांव में स्थित दो दुकानों से लोडर सवार चोरों ने लगभग दो लाख रूपये कीमत के लोहे के फरमा चोरी कर ले गए है। दुकानदार दीपक सिंह गौर ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे उसकी दुकान के पड़ोस में रहने वाले ध्यान सिंह का फोन आया कि तुम्हारी दुकान के बाहर रखे लोहे के फरमा कुछ चोर चोरी कर लोडर में रख रहे है पीड़ित सूचना मिलते ही दुकान पर पहुंचा तो लोडर सवार चोर दुकान से बाहर रखे 10 लोहे के फरमा 10 फुट की माप वाले चोरी हो गए है वहीं दूसरे दुकानदार भानु प्रताप सिंह ने बताया कि उसकी दुकान के बाहर रखे 8 लोहे के 10 फुट के फरमा 4 गोल फरमा उसी लोडर सवार अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है दोनों दुकानदारों के अनुसार चोरी हुए सामान की कीमत लगभग दो लाख रूपये है। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है मौके पर पुलिस को भेजा गया है जल्द ही चोरों को पकड़ कर चोरी का खुलासा किया जायेगा।

# दिनदहाड़े कुल्हाड़ा चलाकर उजाड़ा जा रहा वनक्षेत्र

**संडीला, हरदोई।** वनविभाग द्वारा संरक्षित क्षेत्रों में लगातार कुल्हाड़ा चलाकर सुनियोजित ढंग से हरियाली को उजाड़ा जा रहा है मगर तमाम सूचनाएं मिलने के बाद भी अभी तक वन विभाग के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ककराली स्थित वनविभाग द्वारा संरक्षित क्षेत्रों में सुनियोजित ढंग से पेड़ों को काटकर खुलेआम ले जाया जा रहा है। यही नहीं इन वृक्षों को काटने से वहां की तमाम वन्य जीवन संकट में पड़ गया है। अभी कुछ समय पूर्व इसी स्थान के दूसरे वन क्षेत्र में नगर के मोहल्ला मण्डई और हरिजनसरांय के खुराफ़ाती तत्वों ने आग लगा दी थी, जिससे काफ़ी वनक्षेत्र जल गया था और सैकड़ो छोटे बड़े जीव जंतुओं की मौत भी हो गयी थी। इसकी सूचना वनविभाग के स्थानीय अधिकारियों को देने के बाद भी अभी तक कार्रवाई तो दूर की बात है, वन विभाग का कोई स्थानीय जिम्मेदार कर्मचारी या अधिकारी स्वंय के संरक्षित वनक्षेत्र को देखने तक नहीं गया। कुछ वन्यजीव प्रेमियों ने इसकी सूचना जिला वन अधिकारी को वॉट्स्एप और फोन के माध्यम से दी लेकिन संभवता उन्होंनें भी इसे देखकर भी अनदेखा कर दिया। विभागीय अधिकारियों की उपेक्षा के कारण खुराफ़ाती तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

# एसपी ने कोतवाली का औचक निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज



**जिले** के पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बीती शाम कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक एवं अभिलेखों को अद्यावधिक रखने और लंबित मामलों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनसुनवाई को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

बीतीशाम स्थानीय कोतवाली में पहुंचे एसपी विनोद कुमार नें निरीक्षण दौरान लंबित मामलों की समीक्षा करते हुये लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया। साथ ही अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियानों तथा थाना पर नियुक्त सभी उपनिरीक्षक व निरीक्षक के कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं कोतवाली में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता की जांच की और सुरक्षा उपकरणों को हमेशा तैयार रखने का निर्देश दिया। उन्होनें जनता से जुड़े मामलों को समय पर और प्रभावी ढंग से हल करने पर बल देते हुये कहा कि वे अपनी ड्यूटी को जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ निभाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि अपराध नियंत्रण, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक वीके तिवारी, शैलेन्द्र कुमार सिंह, कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह, मोहनलाल, रावेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, सुनील चौधरी सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सपाईयों ने छोटे लोहिया की पुण्यतिथि मना किया याद

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में छोटे लोहिया पंडित जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। सपाईयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर जहां श्रद्धांजलि दी वहीं उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से रोशनी डालने हुए उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प दोहराया। सपा कार्यालय में पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में हुआ। उपस्थित सपाईयों ने छोटे लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष ने बताया कि चार बार मंत्री रहते हुए भी उनका अपना मकान तक नहीं रहा। उन्होने समाज के लिए तमाम ऐतिहासिक कार्य किए। उनके बताए गए रास्तों पर चलने की जरूरत है। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव चौ. मंजरयार ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र यादव, दयालु गुप्ता, विपिन यादव, दलजीत निषाद, गणेश वर्मा, सुरिजपाल रावत, रामकृपाल सोनकर, राजू कुर्मी, रामनरेश पटेल, नफीस उद्दीन, गार्गीदीन बाजपेई, रईस अहमद, वीरेंद्र तिवारी, नंदकिशोर पाल, सुघर लाल यादव, मनोज यादव, सियाराम यादव, जगनायक सचान, आजम खान, अमित मौर्या, नागेंद्र यादव, शनि लोधी, सुहैल खान हेमू, हाजी सिराज, अरुण यादव, पवन द्विवेदी, वसीम अहमद, राजकरण विश्वकर्मा, अय्यूब खान, अजय दिवाकर, नूरुल हुदा, फ्जलुर रहमान, मो इस्माइल, करण लाल यादव, नीरज यादव, मनीष यादव, अंकुश यादव, अजीत सिंह, महेश कुमार आदि रहे।

# समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पर एसडीएम ने लिया संज्ञान



**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

**पायनियर** हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित विद्युत उपकेन्द्र की बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य रूकनें की खबर का संज्ञान लेते हुए छिबरामऊ एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को मौके पर भेजकर समस्या का निस्तारण करवाया।

बताते चलें कि बीते दिन प्रकाशित खबर में विद्युत उपखण्ड की जमीन पर लोगों द्वारा अतिक्रमण करनें एवं एसडीओ बृजेश कुमार सरोज एवं जेई विकास कुमार द्वारा पैमाइस करानें की लिखित शिकायत की गई थी। जिसमें पैमाइस न होने के कारण बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य रूकनें का जिक्र किया गया था। जिससे सहित निर्माण एजेंन्सी को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। खबर को गंभीरता से लेते हुए छिबरामऊ एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी ने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। जिसपर मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक कौशलेन्द्र दुवे और लेखपाल कौशल पाण्डेय को मौके पर भेजा गया। उन्होंने समस्या का स्थलीय निरीक्षण किया और तत्काल समाधान की प्रक्रिया शुरू करते हुये विद्युत विभाग की भूमि का सीमांकन किया। साथ अतिक्रमणकारियों को दो दिन अतिक्रमण हटानें का अल्टीमेटम दिया। जिसपर अतिक्रमणकारियों ने दो दिन अतिक्रमण हटानें की बात कही। वहीं दूरभाष पर एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि प्रशासन जनहित की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### बलात्कार के आरोपी को दस वर्ष की कैद

**फतेहपुर।** विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) के विद्वान न्यायाधीश अनिल कुमार ने बलात्कार के विचाराधीन वाद में सुनवाई करते हुए आरोपी को दस वर्ष की सजा का फैसला सुनाया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र उत्तर व अजय कुमार सिंह ने बताया कि धाता थाना क्षेत्र के डेंडासई गांव निवासनी पीड़िता राम सवारी पत्नी जयचंद ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही आरोपी सद्दाम पुत्र बराती उर्फइस्तेयाक जबरन दुष्कर्म करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि वादिनी के अनुसार 10 जून 2022 की रात करीब दो बजे डेंडासई गांव निवासी सद्दाम दीवार के सहारे छत पर चढ़ आया और बेड पर उसका मुंह दबाकर जबरन बलात्कार किया। विरोध करने पर उसने चाकू गर्दन पर रखते हुए कहा कि अगर पुलिस को सूचना दी या किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। उन्होंने बताया कि विचारण न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश ने मामले में पेश हुए छः गवाहों तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया। दोष सिद्ध होने पर आरोपी सद्दाम को दस साल सजा का फैसला सुनाया।

### हनुमानगढ़ी के पुजारी का होना चाहिए बहिष्कारः जगदीश

**फतेहपुर।** हनुमानगढ़ी के पुजारी राजूदास द्वारा सपा संस्थापक स्व0 मुलायम सिंह यादव पर की गई अभद्र टिप्पणी से समाज में बेहद आक्रोश है। ऐसे पुजारी का संत समाज को बहिष्कार करना चाहिए और सबक सिखाना चाहिए। यह बात बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता जगदीश सिंह चौहान एडवोकेट ने मीडिया से रूबरू होते हुए कही। उन्होने कहा कि हनुमानगढ़ी के पुजारी राजूदास ने सपा संस्थापक स्व0 मुलायम सिंह यादव पर अभद्र टिप्पणी की है। जो माफी के काबिल भी नहीं है। उन्होने कहा कि संत समाज इस तरह की अभद्र बयानबाजी करें वह शोभा नहीं देता। उन्होने कहा कि ऐसे संतों को समाजवादी पार्टी संत व पुजारी नहीं मानती है। संत समाज से आहवान करते हुए कहा कि अपनी गरिमा को कायम रखने के लिए संत राजूदास का सामूहिक रूप से बहिष्कार करना चाहिए। सपा प्रवक्ता ने कहा कि उनकी पार्टी पुजारी राजूदास की टिप्पणी की निंदा करती है और जरूरत पड़ी तो कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

### पेट्रोल पंप संचालक ने एसपी से मांगी सुरक्षा

**फतेहपुर।** शहर के नऊवाबाग पेट्रोलियम के संचालक ने पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल को एक शिकायती पत्र सौंपकर रात के अंधेरे में फायरिंग करने वाले को जहां गिरफ्तार किए जाने की मांग की वहीं जान-माल की सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। आवास-विकास कालोनी निवासी सौरभ सिंह पुत्र अमर सिंह ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह नऊवाबाग पेट्रोलियम का संचालक है। बीस जनवरी की रात्रि लगभग साढ़े दस बजे वह पंप के बाहर बैठा हुआ था। तभी अचानक पूरब दिशा की ओर से फायरिंग की आवाज आई। जिस पर पूरा स्टाफदौड़कर भागा लेकिन बाउण्ड्री होने व अंधेरा होने की वजह से फायरिंग करने वाले को पकड़ न सके। इसके बाद डायल 112 को काल किया। पुलिस मौके पर आई। पुलिस को पूरी जानकारी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित पेट्रोल पंप संचालक ने एसपी से फायरिंग करने वाले को गिरफ्तार किए जाने के साथ ही सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस मौके पर अमर सिंह, सुशील सिंह, वीरू सिंह भी मौजूद रहे।

### रामलीला का मंचन और भंडारे का आयोजन



**फतेहपुर।** बाकरगंज इलाक़े में पशु बाजार के निकट स्थित हनुमान मंदिर परिसर में नवदुर्गा दुर्गा पूजा समिति द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया। इस दौरान सबसे पहले सुबह 11 बजे से गणेश पूजन व श्री राम लला का पूजन एवं आरती की गई। बाद में दीप प्रज्जवलित कर रामलीला का मंचन कराया गया। रामलीला में लक्ष्मण-परशुराम संवाद आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, कमलेश गुप्ता, राजू मैनेजर, अवध नरेश, विभव मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### मंदिर में मानस पाठ के बाद हुआ भंडारे का का आयोजन

**खागा (फतेहपुर)।** श्रीराम मंदिर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर तहसील परिसर में अधिवक्ता अरविंद पाण्डेय की अगुवाई में रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। जिसके समापन उपरांत विस्तृत भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रमुख रुप से पंकज कुमार गुप्ता, इसराइल फारुकी, अनूप कौशल, अधिवक्ता अतुल मिश्रा, सुमन सिंह, दीपक कुमार तिवारी, राज कुमार दुबे, एस.डी. शुक्ला (भोले) एडवोकेट, अखिलेश अग्रहरि, आशु शुक्ला, केशचंद्र मिश्रा, कृष्णकांत त्रिवेदी, पूर्व महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, नीतू शुक्ला, पवन कुमार दुबे, राजेश त्रिपाठी सहित व्यापार मंडल के प्रांतीय मंत्री प्रकाश पांडेय, शनि मौर्य, रितेश पाण्डेय, राम नरायन विश्वकर्मा, सरोज पांडेय, राजू दुबे आदि मौजूद रहे।

### नूरूल हुदा स्कूल का पूर्व छात्र बना डाक्टर

**फतेहपुर।** नूरूल हुदा इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए बुधवार का दिन स्वर्णिम रहा। जैसे ही यह खबर स्कूल को मिली कि अपने ही स्कूल का पढ़ा हुआ बच्चा मोहम्मद सैफडॉक्टर बन गया है तो पूरे स्कूल के अंदर सभी लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। मोहम्मद सैफने नर्सरी से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई नूरूल हुदा इंग्लिश मीडियम स्कूल से की है। उसके बाद कजाकिस्तान से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की और 20 जनवरी को एमबीबीएस पूरा कर लिया है। डॉक्टर मोहम्मद सैफआज अपने नूरूल हुदा इंग्लिश मीडियम स्कूल परिजनों के साथ आए। इस मौके पर स्कूल के बच्चों को उन्होंने अपने सफलता के मंत्र बताए और स्कूल प्रबंधन का शुक्रिया अदा किया और अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजन व स्कूल को दिया। इसी क्रम में स्कूल मैनेजर मौलाना मोहम्मद उमर शरीफमजाहिरी ने डॉ मोहम्मद सैफको और उनके साथ आए हुए सभी परिजन को शाल पहनाकर के सम्मानित किया। प्रिंसिपल अरविंद कुमार ने सभी बच्चों को प्रेरणा लेने के लिए कहा और सभी बच्चों को जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मो. ज़ुबैर, मो. उमैर, जुनैद ग़ज़ाली, हैदर मसील, दिलशाद सिद्दीकी, नरेंद्र सिंह, शफीक, धर्मेंद्र कुमार, अमित दीक्षित, अर्चना सिंह, शहजाद हुसैन, जाहिदा परवीन, मनोज श्रीवास्तव आदि का योगदान रहा।

### एससीपी व सिलाई-ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ

**फतेहपुर।** विमला देवी इंटर कालेज रमवां पंथुवा विकास खण्ड हसवा में चार बैच एससीपी एवं दो बैच सामान्य सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह उर्फरिंकू लोहारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अंगद, पूर्व प्रधान जयराज सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अजय कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मो0 खालिद एवं मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र अनुवा प्रयागराज से प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र कुशवाहा एवं आशीष कुमार द्वारा कराया गया। अजय सिंह रिंकू लोहारी ने बताया कि 150 लोगों का जो प्रशिक्षण हो रहा है इस प्रशिक्षण लेने के उपरांत सभी महिलाएं को पुरुष और लंबी होकर अपना व्यवसाय खुद कर सकते हैं।

## मंत्रिमंडल ने कच्चे जूट का एमएसपी छह प्रतिशत बढ़ाकर 5,650 रुपए क्विंटल किया

**नई दिल्ली।** (भाषा) केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाकर 5,650 रुपए प्रति क्विंटल करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। यह कच्चे जूट के पिछले एमएसपी से 315 रुपए प्रति क्विंटल यानी छह प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। गोयल ने कहा कि नया एमएसपी अखिल भारतीय भारांश औसत उत्पादन लागत पर 66.8 प्रतिशत रिटर्न को सुनिश्चित करता है जिससे जूट उत्पादकों को लाभ होगा। सरकार ने कच्चे जूट पर एमएसपी को 2014-15 के 2,400 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 विपणन सत्र के लिए 5,650 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 2.35 गुना वृद्धि है। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट का स्वीकृत एमएसपी, बजट 2018-19 में सरकार द्वारा घोषित अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के सिद्धांत के अनुरूप है। गौरलतब है कि 40 लाख कृषक परिवारों की आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जूट उद्योग पर निर्भर है।

# उच्चतम न्यायालय ने असम सरकार से नाखुशी जताई

## 270 विदेशियों को हिरासत केंद्र में रखने का मामला

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को असम सरकार के मटिया ट्रांजिट कैंप में 270 विदेशियों को हिरासत में रखने के कारणों का जवाब न देने के लिए नाखुशी जताई। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति नोंग्मीकापम कोटिश्वर सिंह की पीठ ने असम के मुख्य सचिव को सुनवाई की अगली तारीख पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उपस्थित रहने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने 9 दिसंबर को राज्य सरकार को हलफनामा



दाखिल करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया था और उम्मीद है कि वह ट्रांजिट कैंप में 270 विदेशी नागरिकों को हिरासत में रखने के कारणों के अलावा उनके निर्वासन के लिए उठाए गए कदमों का विवरण भी देगी। पीठ ने कहा, हलफनामे में हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं बताया गया है... निर्वासन के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख नहीं किया गया है। यह इस अदालत के आदेशों का घोर उल्लंघन है। हम मुख्य सचिव को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उपस्थित रहने और अनुपालन नहीं होने के बारे में स्पष्टीकरण देने का निर्देश देते हैं। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि विदेशी न्यायाधिकरण द्वारा विदेशी घोषित किए जाने के बाद ही लोगों को हिरासत में लिया गया। शीर्ष अदालत ने जानना चाहा कि निर्वासन प्रक्रिया शुरू किए बिना ही हिरासत क्यों जारी है। असम सरकार के वकील ने कहा कि हलफनामा गोपनीय है और इसे सीलबंद ही रहना चाहिए। इस पर अदालत ने अप्रसन्नता जताई। पीठ ने पूछा, इससे पता चलता है कि राज्य सरकार साफ-साफ नहीं बताना चाहती। हमें बताएं कि हलफनामे में क्या गोपनीय है? वकील ने कहा कि हलफनामे में विदेशियों के पते हैं और विवरण मीडिया को जा सकता था। पीठ ने कहा, असम के वकील ने कहा है कि दायर हलफनामे को सीलबंद लिफाफे में रखा जाना चाहिए, क्योंकि इसकी सामग्री गोपनीय है। हालांकि हम निर्देश दे रहे हैं कि इसे सीलबंद लिफाफे में रखा जाए, लेकिन प्रथम दृष्टया हम वकील की इस बात से असहमत हैं कि सामग्री के बारे में कुछ गोपनीय है। शीर्ष अदालत ने असम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया था कि वह विदेशियों के लिए मटिया ट्रांजिट शिविर में औचक निरीक्षण करे और सुविधा की स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता की जांच करे। पीठ असम में विदेशी घोषित व्यक्तियों के निर्वासन और हिरासत केंद्रों में सुविधाओं से संबंधित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पिछले साल 16 मई को मामले की सुनवाई करते हुए, उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि केंद्र को मटिया के हिरासत केंद्र में 17 विदेशियों को निर्वासित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इसने कहा कि चार लोगों को निर्वासित करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिन्होंने हिरासत केंद्र में दो साल से अधिक समय बिताया है।

## देशभर में स्ट्रोक केंद्रों के नेटवर्क का विस्तार करेगी सरकार: स्वास्थ्य सचिव

**नई दिल्ली।** (भाषा) केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने बुधवार को कहा कि देशभर में करीब 500 स्ट्रोक (हृदयाघात और मस्तिष्काघात) केंद्र संचालित हैं और केंद्र सरकार विशिष्ट देखभाल के लिए इस नेटवर्क का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित नेशनल स्ट्रोक समिट 2025 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, रोकथाम के महत्व को समझते हुए हमने अपने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में प्राथमिक रोकथाम की रणनीतियों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि भारत संचारी और गैर-संचारी रोगों की दोहरी चुनौती से निपट रहा है और ऐसे में स्ट्रोक(हृदयाघात और मस्तिष्काघात) की रोकथाम महत्वपूर्ण है। श्रीवास्तव ने कहा कि देश में संचारी रोगों के नियंत्रण में महत्वपूर्ण प्रगति की गई है, वहीं वैश्विक मृत्यु दर में 74 प्रतिशत मामले गैर-संचारी रोगों के होते हैं और भारत में इनसे 66 प्रतिशत मौतें होती हैं। उन्होंने कहा, स्ट्रोक की बड़े स्तर पर रोकथाम की जा सकती है जो अक्सर मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं की वजह से आते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने स्ट्रोक देखभाल के उपाय, विशेष इकाइयां और चल स्ट्रोक इकाइयां स्थापित करने के लिए विशेष अध्ययन किए हैं।

## संभल में शाही जामा मस्जिद के पास मिले प्राचीन कुएं खई खोदाई हुई शुरू

**संभल।** संभल प्रशासन ने बुधवार को कोट गर्वी इलाके में शाही जामा मस्जिद के पास मौजूद उस प्राचीन कुएं की खोदाई शुरू की जिस पर अवैध रूप से अतिक्रमण किए जाने की शिकायत मिली थी। विवादित शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर क्षेत्र से लगभग 50 मीटर की दूरी पर स्थित यह कुआं क्षेत्र के19 प्राचीन कुओ मे से एक माना जाता है। स्थानीय लोगो के अनुसार, इस कुएं का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है।स्थानीय निवासी संजय कुमार ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा,"यह कुआं हरिहर मंदिर के पास स्थित है। यह एक पूजा स्थल हुआ करता था, जहां लोग बच्चे के जन्म या शादी जैसे शुभ अवसरों पर आते थे। कालांतर मे इसे ढक दिया गया और इसका मूल स्वरूप बदल दिया गया। खोदाई से इसका ऐतिहासिक स्वरूप फिर से बहाल होगा।अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिरीष चंद्र ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि स्थानीय लोगो द्वारा कुएं को अवैध रूप से ढकने की शिकायत के बाद खोदाई शुरू की गई थी। उन्होने कहा,"प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि कुएं पर अतिक्रमण करके उसे ढक दिया गया था। हम इसे बहाल करने के लिए खोदाई कर रहे है और आगे की जांच के बाद उचित कानूनी कार्वाई की जाएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कुआं ऐतिहासिक महत्व का है, एएसपी ने कहा, स्थानीय लोगो और बुजुर्ग निवासियो के अनुसार, यह कुआं सदियो से मौजूद है। खोदाई आगे बढ़ने पर इसकी पुष्टि हो सकेगी। प्रशासन की यह पहल जिले भर मे प्राचीन संरचनाओं और विरासत स्थलो की सुरक्षा के लिए चल रहे प्रयास का हिस्सा है।

## राम मंदिर उद्घाटन की पहली वर्षगांठ पर आगरा में आयोजित किया गया अपने-अपने राम कार्यक्रम

अयोध्या । प्रधानमंत्री द्वारा पिछले वर्ष राम मंदिर उद्घाटन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर बीएन ग्रुप ने आगरा में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम अपने अपने रामश् का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राम कथा वाचक और कवि डॉ. कुमार विश्वास द्वारा एक आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस प्रसिद्ध कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने आज के समय में भगवान राम के मूल्यों की स्थायी महत्ता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम ने भगवान राम के जीवन और उपदेशों पर विचार करने का एक सार्थक मंच प्रदान कियाए जिसमें उनकी ईमानदारीए एकता और धैर्य के सार्वभौमिक संदेश पर जोर दिया गया। डॉण् कुमार विश्वास की प्रस्तुति ने आध्यात्मिक चिंतनए ऐतिहासिक संदर्भ और काव्यात्मक कहानी कहने की शैली को एकत्र कियाए जिससे दर्शकों को भगवान राम के यात्रा और उसकी समकालीन समाज में प्रासंगिकता पर नया दृष्टिकोण मिला।

## महाकुम्भ में हिस्सा लेना गर्व की बात

प्रयागराज । सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम महाकुम्भ 2025 में दुनिया भर से 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। इस बीच इस ऐतिहासिक मेले में तेज़ी से विकसित होती भोजन एवं आहार प्रबन्धन सेवा प्रदाता कम्पास समूह की सब्सिडरी स्मार्ट क्यू अपने आधुनिक रसोई फूड कोर्ट के साथ तीर्थयात्रियों को भोजन का बेहतरीन अनुभव प्रदान कर रही है। लाखों आगंतुकों को आधुनिकए पर्यावरण के प्रति सजग प्रथाओं और सांस्कृतिक धरोहर के संयोजन के साथ उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए स्मार्टक्यू रसोई फूड कोर्ट को डिज़ाइन किया गया है। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर विकास चावला ने कहा,महाकुम्भ एक लोकप्रिय आध्यात्मिक मेला है जिसमें लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेते हैंए इस मेले के प्रति लोगों में गहरी आस्था है। इस पवित्र मेले में हिस्सा लेना गर्व की बात है।

## शराब पर प्रस्तावित प्रतिबंध पूरे प्रदेश में शराबबंदी की दिशा में कदम है: उमा भारती

भोपाल (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने बुधवार को धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध के मध्यप्रदेश सरकार के प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि यह पूरे राज्य में शराबबंदी की दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले सप्ताह कहा था कि सरकार धार्मिक शहरों में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है ताकि इन स्थानों की पवित्रता को बनाए रखा जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री भारती पिछले कुछ वर्षों से भाजपा शासित राज्य में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग करती रहीं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यादव को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार द्वारा धार्मिक शहरों में पूर्ण शराब बंदी अभूतपूर्व निर्णय है। उन्होंने कहा, दो साल पहले हमारी सरकार द्वारा घोषित की गई शराब प्रतिबंध नीति बहुत ही जनहितकारी एवं व्यवहारिक थी। हम पूर्ण शराबबंदी की ओर ही बढ़ रहे थे। यह पूर्ण शराबबंदी की दिशा में एक और कदम है। उमा भारती के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए यादव ने कहा, प्रदेश के धार्मिक शहरों में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इससे न केवल धार्मिक श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान होगा, बल्कि समाज को भी सकारात्मक दिशा मिलेगी। भारती ने 2022 में एक अनूठे अभियान के तहत मंदिरों और महलों के लिए मशहूर निवाड़ी जिले के ओरछा कस्बे में शराब की दुकान के सामने दो गाय बांधी थी और लोगों से शराब नही बल्कि दूध पीने का आह्वान किया था। उन्होंने 2023 में भोपाल के एक मंदिर में दो दिन तक डेरा डाला था और मांग की थी कि राज्य की आबकारी नीति को और सख्त बनाया जाए।

## अदाणी परिवार की सास-बहू का दिखा अद्भुत रूप

प्रयागराज। महाकुंभ के भव्य आयोजन में जब श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा रहे थेए तब सेक्टर 19 स्थित इस्कॉन पंडाल में 21 जनवरी 2024 को एक अलग ही दृश्य देखने को मिला। इस्कॉन के विशाल रसोईघर में हाथों से मटर की फलियां छीलती डॉण् प्रीति अदाणी अपनी बहू और नन्ही पोती के साथ बैठी थीं। इस्कॉन रसोई में सेवा करने वाली महिलाओं की टोली जुटी हुई थीकृकोई सब्जी छील रहा था तो कोई हल्के हंसी.मजाक के बीच सेवा में जुटा हुआ था। इस बीच डॉण् प्रीति अदाणी ओर उनकी बहू परिधि अदाणी उनके बीच पहुंचती हैं और मुस्काते हुए साथ ही सेवा करना शुरू कर देती हैं।इसके बाद डॉण् प्रीति अदाणी अपनी बहु के साथ उस जगह पर पहुंचीं जहां पर रोटी बनाने का काम चल रहा था। वहां पहुंचते ही सास.बहू की जोड़ी जमीन पर बैठ गई और रोटियों पर घी लगाने का काम करने लगी। रोटी मेकिंग मशीन से रोटी बन कर जैसे ही बाहर आती डॉण् प्रीति अदाणी और परिधि अदाणी फौरन उन रोटियों में घी लगा कर श्रद्धालों को परोसने के लिए आगे बढ़ा देते।

## सैफ हमला मामला: एफएसएल के अंतर्गत कई विभाग महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जांच-पड़ताल करेंगे

मुंबई। मुंबई के कलीना स्थित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के अंतर्गत कई विभाग अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के मामले की जांच कर रही पुलिस द्वारा जब्त किए गए महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जांच-पड़ताल करेंगे। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सोलह जनवरी की रात यहां बांद्रा क्षेत्र में स्थित एक अर्पाटमेंट की 12वीं मंजिल पर स्थित अभिनेता के घर में उन पर एक व्यक्ति ने चाकू से हमला करते हुए कई वार किए थे। इसके बाद खान को अस्पताल ले जाया गया था, जहां उनकी आपातकालीन सर्जरी की गई थी। खान को मंगलवार शाम यहां स्थित लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। पुलिस ने अभिनेता पर हमले के आरोप में रविवार को एक बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर को गिरफ्तार किया था। फकीर (30) उर्फ विजय दास की गिरफ्तारी के बाद जब्त किए गए मोबाइल फोन, आरोपी के कपड़े और सीसीटीवी फुटेज समेत कई तरह की सामग्री को जांच के लिए एफएसएल भेज दिया गया है।

## मणिपुर के मूल समुदाय को अवैध आव्रजन के प्रति बहुत सतर्क रहने की है जरूरत : एन बिरेन सिंह

**इंफाल।** (भाषा) मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि राज्य के मूल समुदाय को अवैध आव्रजन के प्रति बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। सिंह ने तामेंगलोंग जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए कह कि उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के राज्य के हर समुदाय का ध्यान रखती है। उन्होंने कहा, असम और त्रिपुरा में अवैध प्रवासियों और रोहिंग्याओं के मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर हम उचित तरीके से जांच नहीं करेंगे तो हम असुरक्षित हो जाएंगे। हम मूल निवासियों को बहुत सावधान रहना चाहिए। हमारी परवाह करने वाला कोई नहीं है। सीमा पर कोई बाड़ नहीं है और न ही कोई सीमा सुरक्षा है। यहां तक कि अब भी इसकी (सीमा की) उचित देखभाल नहीं की जा रही है। सिंह ने कहा कि समुदायों के बीच विश्वास और सम्मान की कमी ने राज्य में अनिश्चितता पैदा कर दी है।

उन्होंने कहा, समान विकास और आपसी सम्मान के बिना हम साथ-साथ नहीं रह सकते। घाटी में उपलब्ध हर सुविधा पहाड़ी लोगों को भी मिलनी चाहिए। केवल समान विकास और आपसी सम्मान से ही मजबूत मणिपुर और अखंड भारत का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा, राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सात-आठ वर्षों के शासन के दौरान, दो साल कोविड की भेंट चढ़ गए और दो साल मौजूदा संघर्ष की भेंट चढ़ गए। हमें काम करने के लिए मुश्किल से तीन साल मिले।

## न्यायालय ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण कार्य पर रोक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक बढ़ा दी जिसमें मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण करने की अनुमति दी गई थी। यह परिसर कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के बगल में स्थित है। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह मस्जिद परिसर के अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण के खिलाफ ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन समिति की याचिका पर सुनवाई एक अप्रैल से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए स्थगित करेगी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत में अभी तीन मुद्दे लंबित हैं और वे हैं "एक अंतर-न्यायालय अपील का मुद्दा (हिंदू वादियों द्वारा दायर



मुकदमों के समेकन के खिलाफ), दूसरा है खुद अधिनियम (पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 को चुनौती)। एक अप्रैल से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध करें। पीठ ने कहा कि इस बीच इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक जारी रहेगी जिसमें मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण करने की अनुमति दी गई थी।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल 16 जनवरी को पहली बार उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर 2023 के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी। उच्च न्यायालय ने शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण करने की अनुमति दे दी थी तथा इसकी देखरेख के लिए अदालत आयुक्त की नियुक्ति पर सहमति व्यक्त की थी। हिंदू पक्ष का दावा है कि परिसर में ऐसे चिह्न मौजूद हैं जिनसे पता चलता है कि वहां कभी मंदिर था। हिंदू पक्षों के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि मस्जिद समिति की अपील उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर 2023 के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी और मामले में संबंधित आदेश निष्प्रभावी हो गए हैं। उन्होंने कहा, ए सभी याचिकाएं निरर्थक हो गई हैं, क्योंकि उच्च न्यायालय ने अपना आदेश बाद में सुनाया है। जैन ने उच्च न्यायालय के बाद के आदेश का हवाला दिया, जिसमें उसने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्षकारों की याचिका को खारिज कर दिया था, और फैसला सुनाया था कि मस्जिद के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है।

# गांव में शव दफनाने पर विवाद, सौहार्दपूर्ण समाधान निकाले जाने की उम्मीद है: न्यायालय

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने पादरी के शव को दफनाने के मामले में बुधवार को कहा कि उसे एक सौहार्दपूर्ण समाधान निकलने और पादरी का सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार किए जाने की उम्मीद है। न्यायालय ने पादरी के बेटे की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

पादरी का शव सात जनवरी से शवगृह में रखा हुआ है। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ रमेश बघेल नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने उसके पादरी पिता के शव को गांव के कब्रिस्तान में ईसाइयों को दफनाने के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र में दफनाने के अनुरोध संबंधी उसकी याचिका का निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा, शव 15 दिन से शवगृह में है, कृपया कोई समाधान निकालें। मृतक का अंतिम संस्कार सम्मानपूर्वक हो। आपसी सहमति से समाधान निकाला जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि शव ईसाई आदिवासियों के लिए निर्धारित क्षेत्र में दफनाया जाना चाहिए, जो परिवार के छिंदवाड़ा गांव से लगभग 20-30 किलोमीटर दूर स्थित है। बघेल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्विस ने कहा कि राज्य के हलफनामे में दावा किया गया है कि ईसाई आदिवासियों के लिए शव को दफनाने के लिए गांव से बाहर जाना एक परंपरा है, यह झूठ है। उन्होंने गांव के राजस्व मानचित्रों को रिकॉर्ड पर रखा और तर्क दिया कि ऐसे कई मामले थे जिनमें समुदाय के सदस्यों को गांव में ही दफनाया गया था। पीठ ने हिंदू आदिवासियों की आपत्ति पर आश्चर्य जताया, क्योंकि वर्षों से किसी ने भी दोनों समुदायों के मृतकों को एक साथ दफनाने पर आपत्ति नहीं जताई थी। जब अदालत ने सुझाव दिया कि वैकल्पिक रूप से पादरी को उनकी निजी भूमि पर दफनाया जा सकता है, तो मेहता ने आपत्ति जताई और कहा कि शव को केवल उस निर्दिष्ट स्थान पर ही दफनाया जाना चाहिए जो गांव से 20-30 किलोमीटर दूर है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने पक्षकारों की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि उसे यह देखकर दुख हुआ कि छत्तीसगढ़ के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति को पिता के शव को ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार दफनाने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा क्योंकि अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाने में विफल रहे।

बघेल ने दावा किया है कि छिंदवाड़ा गांव में एक कब्रिस्तान है जिसे ग्राम पंचायत ने शवों को दफनाने और अंतिम संस्कार के लिए मौखिक रूप से आवंटित किया है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता और उसके परिवार के सदस्य अपने परिजन का अंतिम संस्कार करना चाहते थे और उसके पार्थिव शरीर को कब्रिस्तान में ईसाई लोगों के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र में दफनाना चाहते थे। इसमें कहा गया है, यह बात सुनकर कुछ ग्रामीणों ने इसका कड़ा विरोध किया और याचिकाकर्ता और उसके परिवार को इस भूमि पर याचिकाकर्ता के पिता को दफनाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। वे याचिकाकर्ता के परिवार को उसके निजी स्वामित्व वाली भूमि पर शव को दफनाने की भी अनुमति नहीं दे रहे हैं। बघेल के अनुसार, ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में किसी ईसाई को दफनाया नहीं जा सकता, चाहे वह गांव का कब्रिस्तान हो या निजी जमीन। उन्होंने कहा, जब गांव वाले हिंसक हो गए, तो याचिकाकर्ता के परिवार ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद 30-35 पुलिसकर्मी गांव पहुंचे। पुलिस ने परिवार पर शव को गांव से बाहर ले जाने का दबाव भी बनाया।

## छात्रावास की आठवीं मंजिल से गिरकर बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा की मौत

**गंगटोक।** (भाषा) सिक्किम के पाकयोंग जिले में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रथम वर्ष की बीटेक छात्रा ने अपने छात्रावास की आठवीं मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगा दी, जिससे इस घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से असम की रहने वाली छात्रा को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा, "घटना के हालात अब भी स्पष्ट नहीं हैं और अधिकारी तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं। उसकी मौत गिरने से हुई या उसने आत्महत्या की, इसकी जांच अब भी की जा रही है"इससे पहले मई 2024 में इसी छात्रावास की सातवीं मंजिल से गिरकर एक छात्रा की मौत हो गई थी।

## पेज 1 का शेष

### जलगांव...

घटना में लोगों की जान जाना अत्यंत दुखद है। मैं उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि जलगांव जिला प्रशासन रेलवे के साथ मिलकर काम कर रहा है और घायलों के उपचार के लिए तत्काल बंदोबस्त किए जा रहे हैं रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारी प्रारंभिक जानकारी है कि पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच में हॉट एक्सिल या ब्रेक बाइंडिंग (जैमिंग) की वजह से चिंगारी निकली और कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने चेन खींच दी और उनमें से कुछ नीचे कूद गए। उसी समय पास की पटरी से कर्नाटक एक्सप्रेस गुजर रही थी।

### कर्नाटक...

सुरक्षा दीवार नहीं थी। अधिकारी ने बताया, आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हुबली के केआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो लोगों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। नौ मृतकों की पहचान फैयाज इमाम साब जामाखम्मडी (40), वसीम मुल्ला मुदगेरी (25), एजाज मुश्ताक मुल्ला (20), सादिक भाषा पारस (30), गुलाम हुसैन गुडुसाब जवाली (40), इम्तियाज अहमद जाफर मुलगेरी (45), अल्फाज जाफर मंदाकी (25), जलानी अब्दुल गफ्फार जकाती (20) और असलम बाबू बेन्ने (24) के रूप में की गई है। एक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने 15 घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वे खतरे से बाहर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एल्लापुर में 10 लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

### प्रधानमंत्री ने...

उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के युवा भाजपा-एनडीए को वोट देने जा रहे हैं और कहा कि वे ऐसी सरकार चाहते हैं जो रोजगार के अवसर बढ़ाए, दिल्ली को स्टार्टअप हब बनाए और युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप काम करे। इसलिए दिल्ली के युवाओं की पहली पसंद भाजपा है। दिल्ली का युवा आप से नफरत करता है और उन्हें दंडित करने के मूड में है। मोदी ने कहा, 'भाजपा के हर बूथ कार्यकर्ता को दिल्ली के युवाओं की आवाज बनना होगा। उन्होंने कहा, 'अपने बूथ पर हर पहली बार मतदान करने वाले मतदाता से मिलना भी आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।' उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं पर उनका (आप) पर्दाफाश करने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, आपको अपने बूथ की हर गली की तस्वीरें लेनी चाहिए और वीडियो बनाना चाहिए जहां गंदा पानी बह रहा हो, नालियां टूटी हों, कूड़े के ढेर हों और उन तस्वीरों को स्थान के साथ लोगों के साथ साझा करना चाहिए। मोदी ने यह भी बताया कि मध्यम वर्ग को आरामदायक जीवन स्तर प्रदान करने के लिए सरकार पर्याप्त धनराशि खर्च करती है।

### केजरीवाल...

चुनावों में एक महत्वपूर्ण निर्णायक कारक साबित हो सकता है। दिल्ली की आबादी में गरीबों की हिस्सेदारी 35 प्रतिशत, मध्यम वर्ग 45 प्रतिशत और उच्च वर्ग लगभग 20 प्रतिशत है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में 50 प्रतिशत की रियायत मिलनी चाहिए। स्वास्थ्य बीमा से कर हटा दिया जाना चाहिए। आयकर छूट की सीमा 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये की जानी चाहिए। आवश्यक वस्तुओं से जीएसटी हटाया जाना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक मजबूत सेवानिवृत्ति योजना और पेंशन योजना। देश भर के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त चिकित्सा सेवाएं शामिल हैं। केजरीवाल की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए दक्षिणी दिल्ली से भाजपा सांसद और विधानसभा चुनाव घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि आप संयोजक मध्यम वर्ग के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं, जो विधानसभा चुनाव के लिए महज एक राजनीतिक नौटंकी है। उन्होंने कहा, 'केजरीवाल को लोगों को बताना चाहिए कि उन्होंने पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में मध्यम वर्ग के लिए क्या किया है।' एक संयुक्त बयान में भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत और प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि केजरीवाल के हर शब्द से पता चलता है कि वह कितने चालाक हैं।

### रहस्यमय...

जिम्मेदार होंगे। प्रभावित परिवारों और उनके निकट संपर्कों के लिए यह अनिवार्य है कि वे प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए भोजन और पानी का ही सेवन करें। आदेश में कहा गया है, घरों में उपलब्ध किसी भी अन्य खाद्य पदार्थ का सेवन सख्त वर्जित है। इसने संक्रमित घरों में सभी खाद्य और जल आपूर्ति को तत्काल बदलने तथा सभी खाद्य सामग्रियों को जब्त करने का आदेश दिया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को गांव का दौरा किया और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मौतों के वास्तविक कारण का जल्द ही पता लगा लिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों की मौत पर भी शोक व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग ने बधाल और आस-पास के गांवों के निवासियों सहित 3,500 स्थानीय लोगों की स्कैनिंग की। इन परिणामों से किसी भी वायरल या बैक्टीरियल संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आदेश पर गठित एक अंतर-मंत्रालयी टीम रहस्यमय बीमारी का सही कारण जानने के लिए फिलहाल गांव में है।

### गैंगरेप...

जीवित और दो अन्य को मृत पाया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने लड़की को तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पीड़ित पहाड़ी कोरवा आदिवासी समुदाय से थे, जो विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह (पीवीटीजी) है। मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और इसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने इस महीने की 15 तारीख को अपना फैसला सुनाया। मिश्रा ने बताया कि अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि आरोपियों का यह अमानवीय एवं निर्दयता पूर्वक किया गया कृत्य अत्यधिक विकृत, वीभत्स, पाशविक एवं कायरतापूर्ण है, क्योंकि उन्होंने अपनी वासना को पूरा करने के लिए तीन निर्दोष और कमजोर व्यक्तियों की हत्या की है। इससे संपूर्ण समाज की सामूहिक चेतना को आघात पहुंचा है।

### पटौदी...

भारत में रहीं और नवाब इफ्तिखार अली खान पटौदी से शादी की, जिन्होंने इंग्लैंड और भारत दोनों के लिए क्रिकेट खेला और जिनके बेटे का नाम था महान मंसूर अली खान 'टाइगर' पटौदी। साजिदा के पोते टाइगर पटौदी के बेटे सैफ अली खान को भोपाल में संपत्ति का एक हिस्सा विरासत में मिला। हालाँकि, आबिदा सुल्तान का प्रवासन सरकार द्वारा इन संपत्तियों को शत्रु संपत्ति के रूप में दावा करने का केंद्र बन गया। 2014 में शत्रु संपत्ति विभाग के संरक्षक ने भोपाल में पटौदी परिवार की संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया था। सैफ अली खान ने कस्टोडियन के नोटिस को चुनौती दी। वर्ष 2016 में एक अध्यादेश जारी किया गया जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया कि उत्तराधिकारियों का इन संपत्तियों पर कोई अधिकार नहीं होगा। शत्रु संपत्ति से तात्पर्य उन चल और अचल दोनों प्रकार की संपत्तियों से है, जो ऐसे व्यक्तियों द्वारा भारत में छोड़ी जाती हैं, जो संघर्ष के समय शत्रु राष्ट्र के रूप में नामित देशों में चले गए थे। 1965 और 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धों तथा 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद, भारत सरकार ने उन लोगों के स्वामित्व वाली संपत्तियों और व्यवसायों पर नियंत्रण कर लिया, जिन्होंने पाकिस्तान या चीन की राष्ट्रीयता अपना ली थी।

पायनियर

नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 जनवरी, 2025



# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने लैंगिक पूर्वाग्रहों पर काबू पाने में अहम भूमिका निभाई

**भाषा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को कहा कि इस पहल ने लैंगिक पूर्वाग्रहों पर काबू पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया है कि बालिकाओं को शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने के अवसर प्राप्त हों। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में आज ही के दिन हरियाणा के पानीपत में इस अभियान की शुरूआत की थी। इसका उद्देश्य घटते शिशु लिंग अनुपात को रोकना और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान है। यह योजना तीन मंत्रालयों– महिला और बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।



मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, आज हम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ आंदोलन के 10 साल पूरे कर रहे हैं। पिछले एक दशक में यह एक परिवर्तनकारी, लोगों द्वारा संचालित पहल बन गई है और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों ने इसमें भागीदारी की है। उन्होंने कहा, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने लैंगिक पूर्वाग्रहों पर काबू पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और साथ ही इसने यह सुनिश्चित करने के लिए सही वातावरण तैयार किया है कि बालिकाओं को शिक्षा और अपने सपनों को प्राप्त करने के अवसर प्राप्त हों। प्रधानमंत्री ने इस अभियान में लोगों और विभिन्न सामुदायिक सेवा संगठनों को उनके समर्पित प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने उल्लेखनीय मील के पत्थर हासिल किए हैं। उन्होंने कहा, "ऐतिहासिक रूप से कम बाल लिंग अनुपात वाले जिलों में महत्वपूर्ण सुधार आए हैं और जागरुकता अभियानों ने लैंगिक समानता के महत्व की गहरी समझ पैदा की है। उन्होंने उन सभी हितधारकों को भी बधाई दी जिन्होंने इस आंदोलन को जमीनी स्तर पर जीवंत बनाया। उन्होंने आह्वान किया, आइए हम अपनी बेटियों के अधिकारों की रक्षा करना जारी रखें, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करें और एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहां वे बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि आने वाले वर्ष भारत की बेटियों के लिए और भी अधिक प्रगति एवं अवसर लेकर आएं।

# हवाईअड्डे पर उल्लंघनों की शिकायत दर्ज करने में राज्य पुलिस की कोई भूमिका नहीं हैः उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली( भाषा )।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि नागरिक उड्डयन और हवाई अड्डों की सुरक्षा से निपटने के लिए वायुयान अधिनियम एक पूर्ण संहिता है, जबकि राज्य पुलिस केवल शिकायत दर्ज करने पर निर्णय लेने के लिए जांच सामग्री को अधिकृत अधिकारी को भेज सकती है। हवाई अड्डा उल्लंघन के मामलों से निपटने में राज्य पुलिस की किसी भी अहम भूमिका को खारिज करते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला झारखंड सरकार की अपील पर न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने सुनाया।

राज्य सरकार ने झारखंड उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी तथा अन्य के खिलाफ प्राथमिकी रद्द कर दी गई थी। उन पर 2022 में सूर्यास्त के बाद अपने विमान को देवघर हवाई अड्डे से उड़ान भरने की अनुमति देने के लिए हवाई यातायात नियंत्रण को दबाव डालने का आरोप है। न्यायमूर्ति मनमोहन द्वारा लिखित तथा बुधवार को उपलब्ध कराए गए फैसले में कहा गया, "वायुयान अधिनियम, 1934 तथा इसके तहत बनाए गए नियम...एक पूर्ण संहिता है जो नागरिक विमानन तथा हवाई अड्डों की सुरक्षा से संबंधित है। इसमें कहा गया है, वायुयान अधिनियम, वायुयान अधिनियम, 1934 के तहत दंडनीय किसी भी अपराध का संज्ञान लेने के लिए एक विशेष प्रक्रिया भी निर्धारित करता है, यानी शिकायत विमानन अधिकारियों द्वारा या उनकी पूर्व मंजूरी के साथ की जानी चाहिए।

पीठ ने अधिनियम और नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों का हवाला दिया और कहा कि वायुयान अधिनियम के तहत संबंधित अदालत के समक्ष एक अधिकृत अधिकारी द्वारा अकेले शिकायत दर्ज की जा सकती है। इसमें कहा गया है, स्थानीय पुलिस केवल जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री को ही ऐसे अधिकृत अधिकारियों को भेज सकती है। शिकायत दर्ज करने या न करने के संबंध में कानून के अनुसार निर्णय अधिकृत अधिकारी को लेना होगा। फैसले में कहा गया कि ऐसा कोई सबूत नहीं है कि सांसदों ने जीवन को खतरे में डालने के लिए जल्दबाजी या लापरवाही से काम किया, इसलिए उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (मानव जीवन को खतरे में डालना) के तहत कोई अपराध नहीं बनता।

इसने यह भी माना कि धारा 447 (आपराधिक अतिचार) का कोई अपराध नहीं बनता, क्योंकि सांसदों द्वारा जबरन प्रवेश करने, या धमकी देने का कोई आरोप नहीं था। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 18 दिसंबर को झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामला झारखंड के देवघर जिले के कुंडा थाना में दुबे और तिवारी सहित नौ लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है। सांसदों ने 31 अगस्त, 2022 को कथित रूप से हवाई अड्डा सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए देवघर हवाई अड्डे पर एटीसी कर्मियों पर निर्धारित समय के बाद अपने निजी विमान को उड़ान भरने की मंजूरी देने के लिए दबाव डाला था। शीर्ष अदालत का फैसला झारखंड सरकार की एक याचिका पर आया है, जिसमें 13 मार्च, 2023 के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने इस आधार पर प्राथमिकी को रद्द कर दिया था कि विमानन (संशोधन) अधिनियम, 2020 के अनुसार, प्राथमिकी दर्ज करने से पहले लोकसभा सचिवालय से कोई पूर्व मंजूरी नहीं ली गई थी।

## जद (यू) ने पार्टी की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष को हटाया, भाजपा सरकार को समर्थन जारी रहेगा

**नई दिल्ली, इम्फाल( भाषा )।** जनता दल (यू) ने भाजपा के साथ अपने संबंधों को लेकर बढ़ती अटकलों को शांत करने के प्रयास में बुधवार को अपनी मणिपुर इकाई के अध्यक्ष के. बीरेन सिंह को बर्खास्त कर दिया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि अनुशासनहीनता के कारण सिंह को पद से हटा दिया गया है और पूर्वोत्तर के इस राज्य में भाजपा नीत सरकार का समर्थन जारी रहेगा। सिंह ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को एक पत्र लिखकर बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस लेने के फैसले की जानकारी दी थी। उन्होंने पत्र में यह भी कहा था कि पार्टी के एकमात्र विधायक मोहम्मद अब्दुल नासिर अब विपक्षी खेमे में बैठेंगे। राज्यपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, फरवरीमार्च 2022 में हुए मणिपुर विधानसभा चुनाव में जद(यू) के छह उम्मीदवार फिर से जीते थे, जिनमें से पांच विधायक कुछ ही माह बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। इन पांच विधायकों के खिलाफ दसवीं अनुसूची के तहत सुनवाई विधानसभा अध्यक्ष के अधिकरण में लंबित है। जद (यू), भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा है। इस खबर के सामने आने के बाद राजधानी दिल्ली में जद (यू) प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा, कुछ भ्रामक खबरें जद(यू) की मणिपुर इकाई के संबंध में आई हैं। स्पष्ट करना चाहूंगा कि मणिपुर इकाई के अध्यक्ष को अनुशासनहीनता के आरोप में पद मुक्त किया जा चुका है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा, मणिपुर में राजग सरकार को समर्थन जारी रहेगा। जद (यू) ने पूरी मजबूती के साथ न केवल मणिपुर बल्कि बिहार और देश में राजग की मजबूती के लिए काम किया है। हम उसी तत्परता और निष्ठा के साथ काम करते रहेंगे।

## संगठित क्षेत्र में रोजगार बढ़े, ईपीएफओ ने नवंबर में शुद्ध रूप से 14.63 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली( भाषा )।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पिछले साल नवंबर में शुद्ध रूप से 14.63 लाख सदस्य जोड़े हैं। यह सालाना आधार पर 4.88 प्रतिशत अधिक है। निश्चित वेतनमान पर रखे जाने वालों के कर्मचारियों के आंकड़ों (पेरोल) से यह जानकारी मिली। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुद्ध रूप से सदस्यों की संख्या में वृद्धि रोजगार के अवसर बढ़ने और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाती है। इसे ईपीएफओ की प्रभावी पहुंच पहलों से बल मिला है। मंत्रालय ने कहा कि मासिक आधार पर, अक्टूबर 2024 की तुलना में शुद्ध रूप से सदस्यों की वृद्धि 9.07 प्रतिशत रही। अस्थाई पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि ईपीएफओ ने नवंबर 2024 में लगभग 8.74 लाख नए सदस्यों का पंजीकरण किया, जो एक साल पहले के इसी महीने की तुलना में 18.80 प्रतिशत और यह अक्टूबर, 2024 के मुकाबले 16.58 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि आंकड़ों का एक महत्वपूर्ण पहलू 18–25 आयु वर्ग का दबदबा होना है। इस आयु वर्ग में 4.81 लाख नए सदस्य जुड़े हैं, जो नवंबर 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 54.97 प्रतिशत है। नवंबर, 2024 में 18–25 वर्ष आयु वर्ग में शुद्ध रूप से 5.86 सदस्य जोड़े गए थे, जो अक्टूबर 2024 की तुलना में 7.96 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि यह पहले की प्रवृत्ति के अनुरूप है, जो यह दर्शाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं। इनमें भी मुख्य रूप से वे हैं जो पहली बार नौकरी तलाश रहे हैं।

# द्रमुक सांसद राजा ने वक्फ समिति की बैठकें स्थगित करने का आग्रह किया

**नई दिल्ली( भाषा )।** द्रमुक सांसद ए. राजा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति के प्रमुख जगदंबिका पाल को बुधवार को पत्र लिखकर आग्रह किया कि 24 और 25 जनवरी को समिति की प्रस्तावित बैठक स्थगित की जाए। पाल को लिखे पत्र में राजा ने कहा कि सदस्यों के लिए इतने कम समय के नोटिस पर वक्फ विधेयक पर संशोधन का प्रस्ताव देने और चर्चा के लिए आवश्यक साक्ष्य एवं सामग्री को जमा करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को लखनऊमें विभिन्न हितधारकों से मिलने के कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने पाल से विधेयक पर खंड दर खंड विचार करने के लिए 24 और 25 जनवरी को प्रस्तावित बैठक स्थगित करने का अनुरोध किया था।

यह समिति पिछले साल अगस्त में संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किए जाने के बाद वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही है।राजा ने कहा कि यदि जेपीसी की ए बैठकें स्थगित नहीं की जातीं हैं, तो जेपीसी के गठन का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा क्योंकि इससे भारत के लोगों के मन में संदेह पैदा हो जाएगा कि प्रस्तावना में निहित संविधान का धर्मनिरपेक्ष ताना–बाना खतरे में है और उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

राजा ने कहा, इसलिए, विपक्षी दलों के सदस्यों की ओर से प्रार्थना की जाती है कि 24 और 25 तारीख को प्रस्तावित जेपीसी की बैठक को इस महीने की 30 और 31 तारीख तक के लिए स्थगित कर दिया जाए, जैसा कि आपके साथ लखनऊ में पहले ही चर्चा हो चुकी है। कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर राजा का यह पत्र साझा करते हुए पोस्ट किया, लोकसभा सदस्य और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 संबंधी संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य ए राजा द्वारा विपक्षी दलों के सदस्यों की ओर से समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को पत्र लिखकर जेपीसी की बैठकों को 24 और 25 जनवरी से 30 और 31 जनवरी 2025 तक स्थगित करने का अनुरोध किया गया है। पाल को लिखे गए पत्र में राजा ने कहा कि लोकसभा सचिवालय ने 20 जनवरी को एक पत्र के माध्यम से समिति के सदस्यों से बुधवार शाम चार बजे तक प्रस्तावित विधेयक में अपने संशोधन भेजने का अनुरोध किया है।

## शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करेगा : राजनाथ



**अलप्पुझा ( भाषा )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि देश भर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का केंद्र सरकार का फैसला भारत में बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और देश के समग्र विकास में योगदान देने के उसके प्रयासों का हिस्सा है। केरल के अलप्पुझा में विद्याधिराज सैनिक स्कूल के 47वें वार्षिक दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद राजनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूल में लड़कियों के दाखिले का मार्ग भी प्रशस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने देश के दूरदराज के क्षेत्रों और विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के कर्मियों को शामिल करने के लिए भारत के हर जिले में सैनिक स्कूल स्थापित करने का फैसला लिया है। विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए केरल पहुंचे राजनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के स्वास्थ्य, संचार, उद्योग, परिवहन और रक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रगति के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के मद्देनजर शिक्षा क्षेत्र में क्रांति और बच्चों के सर्वांगीण विकास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक सैनिक को केवल युद्ध के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि प्रत्एक सैनिक में कई अन्य गुण मौजूद होते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक सैनिक अनुशासित होता है, अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहता है।

## न्यायपालिका तक पहुंच को हथियार बनाया जा रहा है, व्हिप से लगता है स्वतंत्रता पर अंकुशः धनखड़

**नई दिल्ली( भाषा )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि न्यायपालिका तक पहुंच को हथियार बनाया जा रहा है और यह भारत के शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक बड़ी चुनौती है। धनखड़ ने यह भी कहा कि संस्थाएं अपने अधिकार क्षेत्र में काम नहीं कर रही हैं। उनका यह भी कहना था कि संसद में जनप्रतिनिधियों पर व्हिप लगाना उनकी लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को अवरुद्ध करना है। उन्होंने कहा, हर दिन आप देखते हैं कि सलाहें जारी की जा रही हैं, कार्यकारी कार्य ऐसे निकायों द्वारा किए जा रहे हैं जिनके पास उन्हें करने का कोई अधिकार क्षेत्र या न्यायिक अधिकार अथवा क्षमता नहीं है। उनका इशारा न्यायपालिका की ओर था। उन्होंने कहा, इसे आम आदमी की भाषा में कहें तो, एक तहसीलदार कभी प्राथमिकी दर्ज नहीं कर सकता...। उपराष्ट्रपति ने यहां इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेटिक लीडरशिप के छात्रों को संबोधित करते हुए ए टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, देश में हमारे पास एक मौलिक अधिकार है, और अधिकार यह है कि हम न्यायपालिका तक पहुंच सकते हैं। यह एक मौलिक अधिकार है, लेकिन पिछले कुछ दशकों में न्यायपालिका तक पहुंच को हथियार बना लिया गया है... यह हमारे शासन, हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक बड़ी चुनौती है। धनखड़ का मानना है कि संस्थाएं अन्य संस्थाओं के सामने झुक रही हैं, और ऐसा सुविधा के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, खुश करने के ए तरीके अल्पकालिक लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन लंबे समय में ए संस्थानों के आंतरिक तंत्र को ऐसी क्षति पहुंचा सकते हैं, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। संसद में व्हिप के प्रावधान पर सवाल उठाते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, व्हिप क्यों होना चाहिए? व्हिप का मतलब है कि आप अभिव्यक्ति पर अंकुश लगा रहे हैं, आप स्वतंत्रता पर अंकुश लगा रहे हैं, आप अपने प्रतिनिधि को आदेश पालक बना रहे हैं। उन्होंने कहा, आप ऐसे व्यक्ति को अपने दिमाग का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देते हैं... राजनीतिक दलों से लोकतंत्र को बढ़ावा देने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन क्या निर्वाचित प्रतिनिधियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है? व्हिप इसमें बाधा डालता है। संसद में व्यवधानों के संबंध में धनखड़ ने कहा कि एक समय यह लोकतंत्र का मंदिर था, अब कुश्ती का मैदान बन गया है। उन्होंने कहा, लोग मर्यादा शब्द भूल गए हैं और अब गरिमा की कोई अवधारणा नहीं रह गई है।

## पटोले ने फडणवीस की दावोस यात्रा पर कटाक्ष किया, महाराष्ट्र में जंगल राज की बात कही

**पुणे ( भाषा )।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की दावोस यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह ऐसे समय में राज्य से बाहर हैं जब सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में दो जिला प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति को लेकर विवाद है। पुणे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार से मुलाकात के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में पटोले ने ठाणे जिले में यौन उत्पीड़न के मामले के एक आरोपी की पुलिस के साथ मुठभेड़ के संदर्भ में भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधा और कहा कि महाराष्ट्र में जंगल राज है। राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष के साथ अपनी मुलाकात पर पटोले ने कहा, मैंने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए शरद पवार साहेब से मुलाकात की। हमने विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। मैंने सुना था कि पवार साहेब अस्वस्थ हैं और यह भी एक कारण है कि मैं उनसे मिलने आया। विश्व आर्थिक मंच की बैठक के लिए फडणवीस की स्विट्जरलैंड यात्रा पर टिप्पणी करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, मुख्यमंत्री दावोस गए हैं...उन्हें राज्य में हो रही चीजों पर ध्यान देना चाहिए। नासिक और रायगढ़ जिलों के प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति रोक दी गई है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में क्या हो रहा है? राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से कैबिनेट मंत्री अदिति तटकरे को उनके गृह जिले रायगढ़ का प्रभारी मंत्री तथा भाजपा नेता गिरीश महाजन को नासिक जिले का प्रभारी मंत्री नियुक्त किए जाने पर प्रतिद्वंद्वी दावों के सामने आने के बाद रोक लगा दी गई। बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस मुठभेड़ में मौत के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसी सरकार है जो मुठभेड़ कर रही है। जंगल राज खत्म होना चाहिए। इस मामले से जुड़े कई सिरे हैं और उनमें से कुछ पुलिस आयुक्त कार्यालय तथा मंत्रालय (राज्य सचिवालय) तक भी जाते हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी टिप्पणी के बारे में विस्तार से नहीं बताया। राज्य में कांग्रेस नेतृत्व में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रमुख ने कहा, हमारे आलाकमान ने केंद्र के साथ–साथ राज्य में भी बड़े बदलाव करने का फैसला किया है। बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। मैंने पिछले चार वर्षों से (एमपीसीसी प्रमुख के रूप में) काम किया है। पार्टी अध्यक्ष (उनके उत्तराधिकारी पर) अंतिम निर्णय लेंगे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) समर्थित भाजपा नीत केंद्र सरकार अस्थिर हो गई है। पटोले ने कहा कि बिहार के राज्यपाल को बदलने से जद (यू) नेता और भाजपा के सहयोगी एवं राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नाराज हैं।

## सेना ने लद्दाख में श्योक, नुब्रा घाटियों को जोड़ने के लिए दो बेली पुल बनाए

**लेह, जम्मू ( भाषा )।** भारतीय सेना ने श्योक नदी पर दो नवनिर्मित बेली पुलों का उद्घाटन किया, जिससे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में श्योक और नुब्रा घाटियों के बीच संपर्क बढ़ गया है। रक्षा प्रवक्ता त्सेरिंग अंगचुक ने बताया कि लेह के दिस्कित उपमंडल में शतसे तकनाक के पास स्थित पुलों का उद्घाटन सियाचिन ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर वीएस सलारिया और लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) के उपाध्यक्ष ने किया।उन्होंने कहा कि फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स इंजीनियर्स द्वारा निर्मित ए दो पुल 50 फुट चौड़े और 100 फुट लंबे हैं तथा इनके निर्माण से यात्रा की दूरी लगभग 40 किलोमीटर कम हो जाती है।

# दृष्टिबाधित छात्र को अंतरिम राहत देने पर विचार करे उच्च न्यायालय : शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली( भाषा )।** उच्चतम न्यायालय ने आवास के मुद्दे पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के एक दृष्टिबाधित छात्र की याचिका पर बुधवार को उच्च न्यायालय से अंतरिम राहत के बिंदु पर विचार करने को कहा। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने आईआईटी मुंबई से जैव प्रौद्योगिकी में एमएससी कर रहे छात्र की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश जारी किया। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, यह एक एसएलपी (विशेष अनुमति याचिका) है, जिसे हमने आईआईटी मुंबई के एक छात्र की



ओर से दायर किया है, जिसे उचित आवास पाने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका वह दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत हकदार है। पीठ ने कहा कि मामला बंबई उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष लंबित है। इसने कहा, हम उच्च न्यायालय से मामले में जल्द फैसला लेने का अनुरोध करेंगे। शीर्ष अदालत के पूछने पर छात्र के वकील ने बताया कि मामला 27 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इसने कहा कि याचिकाकर्ता ने पिछले साल मार्च में उच्च न्यायालय का रुख किया था और मामला विचाराधीन है। वकील ने पीठ को दो अलग–अलग उच्च न्यायालयों के एक परिपत्र के बारे में जानकारी दी, जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी गई थी। पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा, हम मामले में सुनवाई कर रही उच्च न्यायालय की खंडपीठ से अनुरोध करते हैं कि वह निर्धारित तिथि यानी 27 जनवरी 2025 को कम से कम अंतरिम राहत देने पर विचार करे।

## जम्मू-कश्मीर में रहस्यमय बीमारी, चार और लोग अस्पताल में भर्ती

**राजौरी, जम्मू( भाषा )।** जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले के बडहाल गांव से तीन बहनों समेत चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले डेढ़ महीने में एक रहस्यमय बीमारी ने जिले में 17 लोगों की जान ले ली है। एक केंद्रीय टीम ने बुधवार को भी जिले के तीन परिवारों में हुई इन मौतों के कारणों की अपनी जांच जारी रखी। जांच में शामिल एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि 200 से अधिक नमूने विभिन्न संस्थानों में जांच के लिए भेजे गए हैं। बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद 16 से 22 वर्ष की तीन बहनों को बडहाल से राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसी) में स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से बीमार एक अन्य मरीज जावेद अहमद (24) को मंगलवार शाम जीएमसी राजौरी से पीजीआई चंडीगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया।

# सीबीआई उच्च न्यायालय से संजय रॉय के लिए मृत्युदंड का अनुरोध करेगी

**नई दिल्ली ( भाषा )।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) आर जी कर बलात्कार एवं हत्या मामले में उच्च न्यायालय से संजय रॉय को मृत्युदंड दिए जाने का अनुरोध करेगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सियालदह की एक अधीनस्थ अदालत ने आर जी कर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में बलात्कार के बाद एक महिला चिकित्सक की हत्या के मामले में संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई को कानूनी सलाह मिली है कि इस मामले को दुर्लभतम श्रेणी में रखा जा सकता है और दोषी के लिए मृत्युदंड उचित है। उन्होंने कहा कि सीबीआई द्वारा यथाशीघ्र सियालदह अदालत के आदेश के खिलाफ विस्तृत दलीलों के साथ अपील दायर किए जाने और दोषी को मृत्युदंड दिए जाने का अनुरोध किए जाने की संभावना है।

अधीनस्थ अदालत ने रॉय को मृत्युदंड दिए जाने के सीबीआई के अनुरोध को खारिज कर दिया था। सियालदह के अतिरिक्त जिला एवं संत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने अपने फैसले में कहा था कि यह अपराध दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता। न्यायाधीश दास ने सोमवार को रॉय को सजा सुनाते हुए कहा था, सीबीआई ने मृत्युदंड का अनुरोध किया। बचाव पक्ष के वकील ने प्रार्थना की कि मृत्युदंड के बजाय जेल की सजा दी जाए। यह अपराध दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता।

न्यायाधीश दास ने रॉय से कहा था, बलात्कार के कृत्य के दौरान तुमने पीड़िता को जो जख्म पहुंचाया था जिसकी वजह से उसकी मौत हुई, उसके लिए मैं तुम्हें जिंदगी के आखिरी दिन तक सलाखों के पीछे रहने की सजा सुना रहा हूं। पश्चिम बंगाल सरकार अधीनस्थ अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए एवं रॉय के लिए मृत्युदंड का अनुरोध करते हुए पहले ही उच्च न्यायालय पहुंच चुकी है। सीबीआई ने इस मामले में अपील करने के राज्य के अधिकार का यह दावा करते हुए विरोध किया है कि चूंकि वह (सीबीआई) अभियोजन एजेंसी है, इसलिए सजा की अपर्याप्तता के आधार पर उसे ही अपील करने का अधिकार है।

सीबीआई की ओर से उप सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने बुधवार को राज्य सरकार के कदम का विरोध करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को सजा की अपर्याप्तता के आधार पर अधीनस्थ अदालत के आदेश के विरुद्ध अपील करने का अधिकार नहीं है। मजूमदार ने कहा कि सीबीआई ने अधीनस्थ अदालत के सामने रॉय को मृत्युदंड देने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार की अपील को स्वीकार करनोन करने पर निर्णय लेने से पहले वह सीबीआई, मृत चिकित्सक के परिवार एवं दोषी का पक्ष सुनेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह 27 जनवरी को इस मामले पर सुनवाई करेगा। प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ नौ अगस्त को भोर के समय आर जी कर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के सेमिनार हॉल में बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अगले ही दिन नागरिक स्वयंसेवी संजय रॉय को गिरफ्तार कर लिया गया था। सीसीटीवी में वह घटना के दिन तड़के चार बजकर तीन मिनट पर सेमिनार हॉल में प्रवेश करते हुए दिखा था।

# उन्नाव बलात्कार कांडः दिल्ली उच्च न्यायालय ने कुलदीप सिंह सेंगर को दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली( भाषा )।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने कहा कि इस मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे सेंगर को 23 जनवरी को रिहा किया जाए, ताकि अगले दिन एम्स में उसकी मोतियाबिंद की सर्जरी हो सके। पीठ ने आरोपी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 27 जनवरी तक आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि 24 जनवरी को सर्जरी नहीं होती है तो सेंगर को उसी शाम आत्मसमर्पण कर देना चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा, हम अपीलकर्ता की सजा को निलंबित करते हैं। उसे रिहा होने पर 27 जनवरी पूर्वाह्न 12 बजे तक जेल अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा। सेंगर पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत से जुड़े मामले में भी हिरासत में है। उस मामले में दस साल की जेल की सजा को निलंबित करने की अनुरोध संबंधी उसकी याचिका दूसरी पीठ के समक्ष लंबित है। सेंगर को स्वास्थ्य के आधार पर दिसंबर 2024 में दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दी गई थी, जिसे बाद में एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। हालांकि, उच्च न्यायालय ने 20 जनवरी को अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया, जिस दिन उसे आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था, क्योंकि न्यायालय ने पाया कि इस अवधि बढ़ाने से संबंधित आवेदन की प्रति पीड़िता को नहीं दी गई थी। बुधवार को सेंगर के वरिष्ठ वकील ने इस आधार पर 30 दिनों के लिए अंतरिम जमानत मांगी कि उसे एम्स में मोतियाबिंद की सर्जरी कराने की सलाह दी गई है और उसे 24 जनवरी को भर्ती होना है – सीबीआई ने इस दावे की पुष्टि की है। पीड़िता के वकील ने याचिका का विरोध किया और तर्क दिया कि सेंगर को अंतहीन रूप से अंतरिम जमानत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि पीड़िता एवं उसके परिवार को आरोपियों की ओर से खतरा है। अदालत ने सेंगर को राहत प्रदान हुए कहा कि वर्तमान में उसपर किसी भी नियम व शर्त के उल्लंघन का कोई आरोप नहीं है, जब उसे पहले अंतरिम जमानत दी गई थी।

## हिमाचल विवि के पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश में अनियमितताओं का आरोप, जांच के आदेश

**शिमला ( भाषा )।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) में पीएचडी दाखिले में कथित अनियमितताओं की शिकायत के बाद राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय अधिकारियों को मामले की जांच कर उचित कार्वाई करने का निर्देश दिया।हिमाचल प्रदेश के रहने वाले और वर्तमान में गुरुग्राम में कार्यरत अभिषेक शर्मा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि यूआईटी को छोड़कर विश्वविद्यालय के 28 में से 27 विभागों ने विद्यार्थियों को नेट–जेआरएफ (कनिष्ठ अनुसंधान अध्एता), सीएसआईआर जेआरएफ या किसी अन्य राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के आधार पर दाखिला दिया है।ए दाखिले नवंबर 2024 में दिए गए थे। शर्मा द्वारा आरटीआई के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूआईटी ने एक छात्र को पात्र पाया और पीएचडी कार्यक्रम के लिए उसके पंजीकरण को स्थाई समिति में अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र को किसी भी एजेंसी से छात्रवृत्तिफेलोशिप नहीं मिल रही है जबकि विज्ञापन के अनुसार, केवल छात्रवृत्ति पाने वाले छात्र ही पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र हैं।

# अगर पुतिन बातचीत नहीं करते तो रूस पर प्रतिबंध संभव

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि वह अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से कभी भी मिलने को तैयार हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने आगाह किया कि अगर रूस, यूक्रेन के मुद्दे पर बातचीत के लिए आगे नहीं आता है तो रूस पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि अगर पुतिन बातचीत के लिए आगे नहीं आते हैं तो क्या अमेरिका रूस पर और भी प्रतिबंध लगाएगा तो ट्रंप ने कहा, ऐसा ही लगता है। ट्रंप ने कहा, संघर्ष कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। मुझे लगता है आपके पास एक सक्षम राष्ट्रपति नहीं था..., अगर होता तो युद्ध नहीं होता। अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यूक्रेन में युद्ध कभी नहीं होता।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, रूस कभी यूक्रेन में नहीं जाता। पुतिन और मेरे बीच बहुत अच्छी और मजबूत समझ थी। ऐसा कभी नहीं होता। उन्होंने जो बाइडन का अनादर किया। उन्होंने लोगों का भी अनादर किया। वह स्मार्ट हैं। वह समझते हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा, पश्चिम एथिया में भी यह सब कभी नहीं होता क्योंकि ईरान काफी कमजोर था।

एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा कि वह पुतिन से कभी भी मिलने के लिए तैयार हैं।उन्होंने कहा, जब भी वह चाहेंगे, मैं उनसे मिलूंगा। लाखों लोगों की जान जा रही है



जिनमें अधिकतर सैनिक हैं... यह एक भयानक स्थिति है। बहुत से लोग मारे जा चुके हैं और शहर तबाह हो चुके हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका यूक्रेन को हथियार भेजना जारी रखेगा, या वह जल्द ही यह बंद कर देगा, ट्रंप ने कहा कि वह इस मामले को देख रहे हैं। उन्होंने कहा, हम मामले को देखेंगे। हम (वोलोदिमीर) जेलेंस्की से बात कर रहे हैं। हम बहुत जल्द राष्ट्रपति पुतिन से बात करने जा रहे हैं, और हम देखेंगे कि आगे क्या किया जाता है। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने उनसे कहा कि वे शांति चाहते हैं।

## ट्रंप के पदासीन होने के बाद चीन के करीब आ रहे पूर्व अमेरिकी सहयोगी देश

बीजिंग। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदासीन होने के साथ ही, जो बाइडन के समय में अमेरिका के सहयोगी रहे जापान और भारत जैसे देशों के साथ चीन के संबंध बेहतर होने शुरू हो गए हैं। वाशिंगटन में सोमवार को हुआ नेतृत्व परिवर्तन चीन के लिए एक अवसर हो सकता है, जिसने लंबे समय से अपने बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की समान विचारधारा वाले देशों के साथ साझेदारी बनाने की रणनीति के खिलाफ आवाज उठाई थी। बाइडन ने क्वाड नामक समूह को फिर से मजबूत किया जिसमें अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया है। अमेरिका के इन तीनों साझेदारों के साथ चीन के संबंध बेहतर हो रहे है, जैसे कि ब्रिटेन के साथ उसके संबंध है। बाइडन की इस विरासत के स्थायित्व पर सवाल पैदा हो गया है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान, ट्रंप ने पारंपरिक अमेरिकी भागीदारों को चुनौती देने में संकोच नही किया था। शंघाई में फुडन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के डीन वू शिनबो ने कहा, यह संभव है कि ट्रंप अमेरिकी सहयोगियो से अलग हो जाएं, जिससे वे चीन की भूमिका पर अधिक ध्यान देंगे और वास्तव में इसने चीन की कूटनीति को एक मौका दिया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने कहा कि ट्रंप के पास चीन के साथ अधिक प्रतिस्पर्धी रुख की ओर दुनिया को एकजुट करने का रिकॉर्ड है। ट्रंप ने एक स्वतंत्र और खुली हिंद-प्रशांत रणनीति पर सहमति व्यक्त की थी जिसे जापान ने उनके पहले कार्यकाल के दौरान पेश किया था। मंगलवार को विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने - शपथ लेने के कुछ घंटे बाद - वाशिंगटन में ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। यह एक ऐसा कदम है जिससे पता चलता है कि क्वाड देशों के साथ मिलकर काम करना और चीन के प्रभाव का मुकाबला करना ट्रंप के लिए प्राथमिकता बना रहेगा। ब्रिटेन और जापान के साथ बीजिंग का मेल-मिलाप अभी शुरुआती चरण में है, तथा बड़े मतभेद अभी भी बने हुए हैं, जो इसे पटरी से उतार सकते हैं। भारत ने पिछले अक्टूबर में चीन के साथ कटु सीमा विवाद पर बातचीत शुरू की थी, लेकिन जब बीजिंग ने दोनो देशों के दावे वाले क्षेत्र में दो नए काउंटी बनाए तो भारत ने इसका विरोध किया था। फिर भी, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और जापान के नए नेताओ ने दुनिया के सबसे बड़े निर्माता और रणनीतिक खनिजो के स्रोत चीन के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की इच्छा दिखाई है। बीजिंग सरकार ने इस पर आंशिक रूप से प्रतिक्रिया व्यक्त की है क्योंकि वह अपनी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए विदेशी निवेश चाहती है। उसे आशंका है कि यदि ट्रंप उच्च शुल्क लगाने की अपनी धमकी पर अमल करते हैं तो उसकी अर्थव्यवस्था को झटका लग सकता है।

## मुझे एच-1बी पर दोनों पक्षों की दलीलें अच्छी लगीं : ट्रंप

**वाशिंगटन।** (भाषा) अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उन्हें एच-1बी विदेशी अप्रवासी कामगारों के वीजा पर इसका समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले दोनों पक्षों की दलीलें अच्छी लगीं। उन्होंने कहा कि उन्हें देश में आने वाले बेहद कुशल लोग पसंद हैं और उन्होंने इस कार्यक्रम का उपयोग किया है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे दोनों पक्षों (एच1बी वीजा का समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले पक्ष) की दलीलें पसंद हैं, लेकिन मैं यह भी चाहता हूं कि हमारे देश में बेहद कुशल और सक्षम लोग आएं, फिर चाहे उन्हें ऐसे कार्यों के लिए पर्याप्त योग्यता नहीं रखने वाले लोगों को लोगों को प्रशिक्षण देना पड़े और उनकी मदद करनी पड़े।

## भारतीय फिल्मों के प्रदर्शन के साथ कूटनीतिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाएंगे भारत और सिंगापुर

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग सिंगापुर फिल्म सोसाइटी के सहयोग से भारतीय फिल्म महोत्सव 2025 (आईएफएफ 2025) का आयोजन करेगा और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे होने के मौके पर सिंगापुर की जनता के लिए 18 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने कहा कि इस महोत्सव को वार्षिक आयोजन बनाने के प्रयास किए जाएंगे, जो इस साल 24 जनवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। अंबुले ने बुधवार को कहा, दशकों पहले बनीं क्लासिक फिल्मों से लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की हिट फिल्मों तक की मिश्रित शृंखला का चयन किया गया है। इसे सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से गैर-व्यावसायिक आधार पर आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में हर सप्ताहांत तीन फिल्में सनटेक सिटी के गोल्डन विलेज सिनेमा में दिखाई जाएंगी, जो सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में एक विशाल शॉपिंग और मनोरंजन परिसर है। कुल मिलाकर, महोत्सव में भारत की सात अलग-अलग भाषाओं में विभिन्न शैलियों की 18 फिल्में दिखाई जाएंगी। फिल्मों को अंग्रेजी सबटाइटल के साथ दिखाया जाएगा ताकि सभी सिंगापुरवासी उनका आनंद ले सकें। भारत और सिंगापुर इस वर्ष राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। प्रसिद्ध बांग्ला फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की कालजई कृतियों से लेकर प्रशंसाप्राप्त समकालीन कृतियों को प्रदर्शित करने वाला यह फिल्म महोत्सव राजनयिक उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए उच्चायोग द्वारा आयोजित किए जाने वाले कई कार्यक्रमों में से पहला है।

## रूपर्ट मर्डोक के ब्रिटिश टैबलॉयड ने प्रिंस हैरी से जुड़े मुकदमे में माफी मांगी

लंदन। (एपी) रूपर्ट मर्डोक के ब्रिटिश टैबलॉयड ने प्रिंस हैरी की निजता के उल्लंघन से जुड़े मुकदमे में उनसे माफी मांग ली है। हैरी के वकील डेविड शेरबोर्न ने बुधवार को यह जानकारी दी। शेरबोर्न ने अदालत में एक बयान में कहा कि मर्डोक के मलिकाना हक वाले समाचार समूह न्यूज ग्रुप ने हैरी से अप्रत्याशित रूप से माफी मांग ली है और वह अपने ब्रिटिश टैबलॉयड द सन और अब बंद हो चुके न्यूज ऑफ द वर्ल्ड के खिलाफ दायर निजता के उल्लंघन से जुड़े मुकदमे के निपटारे के लिए उन्हें बड़ी राशि का भुगतान करेगा। शेरबोर्न ने लंदन उच्च न्यायालय में एक बयान पढ़ा, जिसमें कहा गया है कि न्यूज ग्रुप ने वर्षों की अवैध ताक-झांक के लिए ड्यूक ऑफ ससेक्स हैरी से पूर्ण और स्पष्ट माफी की पेशकश की है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब प्रिंस हैरी की निजता के उल्लंघन के आरोप में द सन और अब बंद हो चुके न्यूज ऑफ द वर्ल्ड के प्रकाशकों के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई शुरू होने वाली थी। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय के छोटे बेटे हैरी उन ।,300 से अधिक दावेदारों में शामिल हैं, जिन्होंने न्यूज ग्रुप के ब्रिटिश टैबलॉयड के खिलाफ उनके फोन हैक करने और गैरकानूनी तरीके से उनके निजी जीवन में ताक-झांक करने के आरोप में दायर मुकदमों का निपटारा कर दिया है।

## श्रीलंका ने 41 भारतीय मछुआरों को स्वदेश भेजा

कोलंबो। श्रीलंका नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए 41 भारतीय मछुआरों को यहां के अधिकारियों ने स्वदेश वापस भेज दिया है। भारतीय मिशन ने बुधवार को यह जानकारी दी। दोनों देशों के मछुआरों को अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में घुसने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता है। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक्स पर कहा, 41 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका से सफलतापूर्वक वापस लाया गयाउ वे अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा है, जिसमें श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की है और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से घुसने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त किया है। पाक जलडमरूमध्य भारत और श्रीलंका को अलग करता है

## ट्रंप की आव्रजन नीति के कारण कुछ परिवार अपने बच्चों को स्कूल भेजने के जोखिम पर कर रहे विचार

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे आव्रजकों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से शिकंजा कसे जाने के बीच कुछ परिवार इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि क्या बच्चों को स्कूल भेजना सुरक्षित है। कई जिलों में, शिक्षकों ने अभिभावकों को आश्वस्त करने का प्रयास किया है कि स्कूल उनके बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान हैं। दरअसल ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को घोषणा की कि वह दशकों पुरानी नीति समाप्त करते हुए संघीय आव्रजन एजेंसियों को स्कूलों, गिरजाघरों और अस्पतालों में गिरफ्तारी करने की अनुमति देगा। इसके बाद अभिभावकों के बीच चिंता पैदा हुई है। मेक्सिको से आई कारमेन ने यह सुनने के बाद कि ट्रंप प्रशासन ने संवेदनशील स्थानों पर गिरफ्तारी के खिलाफ नीति को रद्द कर दिया है, कहा, हे ईश्वर वे ऐसा क्यों करेंगे, मैं सोच भी नहीं सकती। वह स्कूल से बच्चों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत होने के बाद ही अपने छह और चार वर्षीय दो पोते-पोतियों को बुधवार को सैन फ्रांसिस्को स्थित उनके स्कूल ले जाने का सोच रही हैं। देश भर में मौजूद आव्रजक ट्रंप के लाखों लोगों को निर्वासित करने के वादे को लेकर चिंतित हैं। आव्रजन नीति में तेजी से हुए बदलावों ने अनेक लोगों को भविष्य को लेकर अनिश्चितता से भर दिया है।

## अमेरिका भारत के साथ आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है: विदेश मंत्री रूबियो



वाशिंगटन।(भाषा) अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की और कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन भारत के साथ आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है साथ ही अनियमित आव्रजन से जुड़े मुद्दों का भी हल निकालना चाहता है। रूबियो की प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूबियो (53) ने सबसे पहले भारत के विदेश मंत्री के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक करने को तरजीह दी जिससे एक प्रकार से यह संदेश गया कि ट्रंप प्रशासन भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने को काफी अहमियत देता है। उन्होंने चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) की मंत्रिस्तरीय बैठक के तुरंत बाद विदेश मंत्रालय के फॉगी बॉटम मुख्यालय में जयशंकर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बैठक के बाद एक बयान में कहा, रूबियो ने भारत के साथ आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने और अनियमित आव्रजन से जुड़े मुद्दों को हल करने की ट्रंप प्रशासन की इच्छा को रेखांकित किया।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि दोनों शीर्ष राजनयिकों ने भारत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। ब्रूस ने कहा, उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों और अमेरिका-भारत संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के अवसरों सहित महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, रक्षा सहयोग, ऊर्जा और स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आगे बढ़ाने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि वह विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने वाले रूबियो के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक करके प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा, व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा की जिसके रूबियो मजबूत समर्थक रहे हैं। साथ ही विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए। दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग आगे बढ़ाने के वास्ते उनके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। जयशंकर अमेरिकी सरकार के निमंत्रण पर डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने यहां आए हैं। ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

## भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने जन्मजात नागरिकता संबंधी शासकीय आदेश का पुरजोर विरोध किया

**वाशिंगटन।** (भाषा) भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने अमेरिका में पैदा हुए किसी भी व्यक्ति के लिए स्वत: नागरिकता के नियम में परिवर्तन संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासकीय आदेश का विरोध किया है।

इस कदम से न केवल विश्व भर से आए अवैध अप्रवासी प्रभावित होंगे, बल्कि भारत से आए छात्र और पेशेवर भी प्रभावित होंगे। सोमवार को राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के शुरुआती घंटों में ट्रंप ने एक आदेश पर हस्ताक्षर किया, जिसमें घोषणा की गई कि भविष्य में बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के, देश में पैदा होने वाले बच्चों को अब नागरिक नहीं माना जाएगा। यह आदेश देश में वैधानिक रूप से लेकिन अस्थाई रूप से रहने वाली कुछ माताओं के बच्चों पर भी लागू होगा, जैसे कि विदेशी छात्र या पर्यटक। ट्रंप के शासकीय आदेश में कहा गया है कि ऐसे गैर-नागरिकों के बच्चे अमेरिका के अधिकार क्षेत्र के अधीन नहीं हैं और इस प्रकार वे 14वें संशोधन की दीर्घकालिक संवैधानिक गारंटी के अंतर्गत नहीं आते हैं। भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने कहा कि शासकीय आदेश के माध्यम से जन्मजात नागरिकता के नियम में किए गए परिवर्तन से न केवल अवैध और गैर-दस्तावेज वाले अप्रवासियों के नवजात शिशुओं पर असर पड़ेगा, बल्कि एच-1बी वीजा पर वैध रूप से इस देश में रह रहे लोगों पर भी इसका असर पड़ेगा। एच-1बी वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विशेष व्यवसायों में विदेशी कामगारों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जिसके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस वीजा कार्यक्रम पर निर्भर रहती हैं। ट्रंप का आदेश अमेरिका में जन्मे बच्चों के लिए जन्मजात नागरिकता को खत्म करता है। यह आदेश न केवल उन माता-पिता के बच्चों पर लागू होता है जिनके पास कोई दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह उन वैध अप्रवासियों पर भी लागू होता है, जो अस्थाई रूप से छात्र वीजा, एच1बीएच2बी वीजा या बिजनेस वीजा पर अमेरिका आते हैं। रिपब्लिकन पार्टी वैध आव्रजन की पक्षधर है, यह दिखावा करना बेकार है।

भारतीय अमेरिकी कांग्रेस सदस्य श्री थानेदार ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप चाहे जो भी कहें या करें, जन्मजात नागरिकता देश का कानून है और रहेगा। मैं इसे हर कीमत पर बचाने के लिए लड़ूंगा। भारतीय अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने इसे असंवैधानिक बताया। उन्होंने कहा, साफ-साफ कहें तो यह असंवैधानिक है और इसे महज एक आदेश पर हस्ताक्षर करके नहीं किया जा सकता। अगर इसे लागू किया जाता है, तो यह हमारे देश के कानूनों और संविधान में स्थापित मिसालों का मजाक होगा। आव्रजन अधिकार समूहों के एक गठबंधन ने इस आदेश को अदालत में चुनौती दी है और कहा है कि यह असंवैधानिक है।

### अमेरिका के 22 प्रांतों ने जन्मजात नागरिकता पर ट्रंप के कदम के खिलाफ मुकदमा दायर किया

वाशिंगटन। (एपी) अमेरिका के 22 प्रांतों के अटॉर्नी जनरल (शीर्ष विधि अधिकारी) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस शासकीय आदेश के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दायर किया जिसके तहत देश में जन्म लेने पर किसी भी व्यक्ति को स्वतः नागरिकता मिल जाने के सौ साल पुराने आव्रजन नियम को खत्म करने के लिए कदम उठाया गया है। इस नियम के तहत यदि किसी व्यक्ति का जन्म अमेरिका में हुआ है तो जन्म के आधार पर उसे अमेरिकी नागरिकता मिल जाती थी, भले ही उनके माता-पिता किसी और देश के हों। सोमवार को जारी ट्रंप का लगभग 700 शब्दों का कार्यकारी आदेश, राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान उनके द्वारा किए गए वादे को पूरा करना है। लेकिन यह निश्चित नही है कि ट्रंप का यह कदम सफल होगा या नही, क्योंकि राष्ट्रपति की आव्रजन नीतियों और नागरिकता के संवैधानिक अधिकार पर कानूनी लड़ाई लंबी चलने वाली है। डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल और प्रवासियों के अधिकार के पैरोकारों का कहना है कि जन्मजात नागरिकता को लेकर स्थापित कानून है और यद्यपि राष्ट्रपतियों के पास व्यापक अधिकार होते है, लेकिन वे राजा नही होते। न्यूजर्सी के अटॉर्नी जनरल मैट प्लैटकिन ने कहा कि राष्ट्रपति अपने आदेश के जरिए इस व्यवस्था को समाप्त नही कर सकते। व्हाइट हाउस (राष्ट्रपति निवास एवं कार्यालय) ने कहा कि वह अदालत में प्रांतों का सामना करने के लिए तैयार है और ए मुकदमे वामपंथियों के प्रतिरोध से ज्यादा कुछ नही है।

## व्हाइट हाउस की स्पेनिश भाषा वाली वेबसाइट और सोशल मीडिया खाता बंद

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण करने के कुछ ही घंटों के भीतर नए प्रशासन ने व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की आधिकारिक वेबसाइट के स्पेनिश भाषा वाले संस्करण को बंद कर दिया।इसके अलावा, सोशल मीडिया मंच एक्स पर व्हाइट हाउस के स्पेनिश खाते को भी बंद कर दिया गया है। इस बीच, श्रम, न्याय और कृषि विभाग जैसी अन्य सरकारी एजेंसियों के स्पेनिश संस्करण मंगलवार को उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहे। इन बदलावों के बारे में पूछे जाने पर व्हाइट हाउस के प्रधान उप प्रेस सचिव हैरिसन फील्ड्स ने मंगलवार को कहा कि प्रशासन वेबसाइट के स्पेनिश अनुवाद संस्करण को फिर से शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। विस्तार से जानकारी दिए बिना उन्होंने कहा, व्हाइट हाउस की वेबसाइट को तैयार करने, संपादित करने और उसमें सुधार करने की प्रक्रिया जारी है।

## अमेरिका: स्कूल, चर्च जैसे संवेदनशील स्थानों पर आव्रजकों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाली नीतियां खत्म

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने स्कूल और चर्च जैसे संवेदनशील स्थानों पर आव्रजकों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाली नीतियों को खत्म कर दिया है जिसके बाद आव्रजन कानूनों को लागू करने वाले अधिकारी अब इन स्थानों से आव्रजकों को गिरफ्तार कर सकेंगे।इस कदम ने उन दिशा-निर्देश को उलट दिया है जिसने एक दशक से अधिक समय से आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) तथा सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) को संवेदनशील स्थानों पर आव्रजकों की गिरफ्तारी से प्रतिबंधित किया हुआ था। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, यह कदम सीबीपी और आईसीई के हमारे कर्मियों को आव्रजन कानूनों को लागू करने और हत्यारों तथा दुष्कर्मियों सहित आपराधिक विदेशियों को पकड़ने के लिए सशक्त बनाता है जो अवैध रूप से हमारे देश में आए हैं। अपराधी अब गिरफ्तारी से बचने के लिए अमेरिका के स्कूलों और चर्चों में छिप नहीं सकेंगे।

## गाजा-मिस्र सीमा पर बना रहेगा नियंत्रण : इजराइल

**यरूशलम।** (एपी) इजराइल ने कहा है कि वह हमास के साथ युद्ध विराम के पहले चरण के दौरान मिस्र और गाजा पट्टी के बीच रफाह सीमा पर नियंत्रण बनाए रखेगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में उन खबरों का खंडन किया गया कि फलस्तीनी प्राधिकरण सीमा को नियंत्रित करेगा। इसमें कहा गया है कि हमास से संबद्ध न होने वाले स्थानीय फलस्तीनी सीमा पर केवल पासपोर्ट पर मुहर लगाएंगे। इस युद्ध विराम का चौथा दिन है तथा इससे युद्धग्रस्त गाजा में कम से कम छह सप्ताह के लिए शांति स्थापित होने तथा इजराइल की ओर से बंदी बनाए गए सैकड़ों फलस्तीनी लोगों के बदले में हमास द्वारा बंधक बनाए गए 33 लोगों को रिहा किए जाने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है कि यूरोपीय संघ के पर्यवेक्षक सीमा की निगरानी करेंगे, जिसे इजराइली सैनिकों ने घेर लिया है। इजराइल सभी लोगों और सामानों की आवाजाही को भी मंजूरी देगा। पिछले साल मई में इजराइल ने रफाह सीमा के गाजा वाले हिस्से पर कब्जा कर लिया था, जिस वजह से उसे यह बंद करना पड़ा था। वार्ता में मुख्य मध्यस्थ रहे मिस्र ने मांग की है कि गाजा वाले हिस्से पर फलस्तीनी लोगों का नियंत्रण हो। युद्ध तब शुरू हुआ जब सात अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व वाले आतंकवादियों ने इजराइल पर हमला कर दिया था जिसमें लगभग ।,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 का अपहरण कर लिया गया था। लगभग 100 बंधक अब भी गाजा में हैं जबकि शेष को रिहा कर दिया गया, बचा लिया गया या उनके शव बरामद कर लिए गए।

### गाजा में निर्बाध सहायता पहुंच रही है : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र। (एपी) गाजा में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय अभियानों के समन्वयक ने मंगलवार को कहा कि गाजा में संयुक्त राष्ट्र, सहायता समूहों, सरकारों और निजी क्षेत्र से निर्बाध सहायता पहुंच रही है और कोई बड़ी लूटपाट की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने हालांकि कहा कि केवल कुछ छोटी-मोटी घटनाएं हुई हैं।

## अमेरिका ने शुल्क लगाया तो कनाडा भी पीछे नहीं रहेगा: कनाडा के नेता

**टोरंटो।** (एपी) कनाडा के निवर्तमान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और देश के तेल संपन्न अल्बर्टा प्रांत के नेता डैनियल स्मिथ को भरोसा है कि कनाडा अमेरिका के 25 प्रतिशत शुल्क से बच सकता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह एक फरवरी से कनाडा पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। जस्टिन ट्रूडो और डैनियल स्मिथ ने तर्क दिया कि कनाडा ऊर्जा महाशक्ति है, जिसके पास तेल और महत्वपूर्ण खनिज भंडार है और ट्रंप के संकल्प के मुताबिक अमेरिका को तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कनाडा की इस संपदा की आवश्यकता होगी। कनाडा में विनिर्माण और ऑटोमोबाइल के केंद्र, ओंटारियो के प्रमुख डग फोर्ड ने कहा कि कारोबारी मुकाबला 100 प्रतिशत होने वाला है। फोर्ड ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के साथ साक्षात्कार में कहा, ट्रंप ने कनाडा पर आर्थिक युद्ध की घोषणा की है और हम अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए हर वह तरीका आजमाएंगे जो हम आजमा सकते हैं। ट्रूडो ने कहा कि अगर आवश्यक हुआ तो कनाडा जवाबी कार्वाई करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी जिक्र किया कि ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी यह मुद्दा उठा था, लेकिन वे मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत फिर शुरू करने में सफल रहे थे। फोर्ड ने कहा कि ट्रंप के शुल्क लागू करते ही वह ओंटारियो के शराब नियंत्रण बोर्ड को अमेरिका निर्मित सभी शराब को हटाने का निर्देश देंगे। फोर्ड ने कहा, हम दुनिया में शराब के सबसे बड़े खरीदार हैं और मैं सभी प्रांत प्रमुखों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में कनाडा आने वाले अमेरिकी सामान पर डॉलर-दर-डॉलर शुल्क लगाया जाएगा। उन्होंने कहा, हम रिपब्लिकन पार्टी के शासन वाले क्षेत्रों को भी निशाना बनाने जा रहे हैं। उन्हें भी वही दर्द महसूस होगा जो कनाडा के लोगों को होगा। अमेरिकी लोग भी ए दर्द महसूस करेंगे। उन्होंने कहा, दुनिया भर के देशों के लिए एक संदेश: अगर वह कनाडा को उदाहरण के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो निशाना आप भी बनेंगे। कनाडा भी आपको मुंहतोड़ जवाब देगा। ट्रम्प ने कहा था कि कनाडा और मैक्सिको पर एक फरवरी से शुल्क लागू हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किया है जिसमें एक अप्रैल तक वित्त मंत्री द्वारा समन्वित रिपोर्ट का अनुरोध किया गया है।

### ट्रंप एक फरवरी से चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने के बारे में विचार कर रहे

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम एक फरवरी से चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने के बारे में विचार कर रही है। ट्रंप ने कहा कि चीन पर शुल्क लगाने का निर्णय इस तथ्य पर आधारित होगा कि वह मेक्सिको और कनाडा को फेंटानिल भेज रहा है या नही। फेंटानिल एक तरह का मादक पदार्थ है जो हेरोइन से 50 गुना अधिक शक्तिशाली और नशा पैदा करने वाला पदार्थ है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, हम चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने पर विचार कर रहे है, जो मेक्सिको और कनाडा को चीन द्वारा फेंटानिल भेजने के तथ्या पर आधारित होगा। एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा कि वह शुल्क एक फरवरी से प्रभावी करने पर विचार कर रहे है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मेक्सिको और चीन पर हम 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के बारे में बात करते रहे है। एक अन्य सवाल के जवाब में, ट्रंप ने कहा कि पिछले हफ्ते जब उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से बात की थी, तो शुल्क के बारे में बहुत ज्यादा बात नही की। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होने चिनफिंग से यूक्रेन मे युद्ध रोकने के संबंध मे हस्तक्षेप करने को कहा है, इस पर ट्रंप ने कहा कि चीन ने इस संबंध में बहुत ज्यादा कुछ नही किया है।

## इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन के बाद लापता लोगों की खोज के लिए अभियान शुरू

जकार्ता। इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद लापता लोगों की तलाश के दौरान बुधवार को बचावकर्मियों ने दो और शव बरामद कर लिए, जिसके साथ ही यहां मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगान क्षेत्र में सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद नदियों में आई बाढ़ का पानी नौ गांवों में घुस गया और भूस्खलन भी हुआ। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि बाढ़ के कारण हुए भूस्खलन से पेटुंगक्रीयोनो रिजॉर्ट क्षेत्र में दो मकान और एक कैफे जमींदोज हो गए। उन्होंने बताया कि आपदाओं से कुल 25 मकान, एक बांध और पेकलोंगन में गांवों को जोड़ने वाले तीन मुख्य पुल नष्ट हो गए। उन्होंने बताया कि कम से कम 13 लोग घायल हुए और करीब 300 लोगों को मजबूरन सरकारी अस्थाई आश्रय स्थलों में शरण लेनी पड़ी।

# भारत चैंपियंस ट्रॉफी में आईसीसी की पोशाक संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करेगा: सैकिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट टीम आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा पोशाक संबंधी सभी दिशानिर्देशों का पालन करेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने बुधवार पीटीआई से इस जानकारी को साझा करते हुए उन अटकलों को खारिज किया कि बोर्ड ने टीम की आधिकारिक जर्सी पर मेजबान पाकिस्तान का नाम लिखने पर आपत्ति जताई थी। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इन्कार कर दिया था और वह अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। सैकिया ने पीटीआई से कहा, चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान बीसीसीआई पोशाक से जुड़े आईसीसी के हर नियम का पालन करेगा।

उन्होंने कहा, अन्य टीमें लोगो और पोशाक से जुड़े नियमों के संबंध में जो भी करेंगी, हम उसका पूरी तरह से पालन करेंगे। सैकिया ने हालांकि यह नहीं बताया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा कप्तान के संवाददाता सम्मेलन और आधिकारिक फोटो शूट सहित आईसीसी के टूर्नामेंट पूर्व कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे या नहीं। उन्होंने कहा, रोहित शर्मा आईसीसी मीडिया कार्यक्रमों के लिए पाकिस्तान जाएंगे या नहीं, यह अभी भी तय नहीं है।

इससे पहले कुछ अपुष्ट मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण बीसीसीआई ने अपनी जर्सी पर मेजबान देश का नाम नाम लिखने पर आपत्ति जताई थी। आईसीसी के किसी भी आयोजन में सभी टीमों के पोशाक पर मेजबान देश का नाम होता है। यह समझा जाता है कि लोगो दिशानिर्देशों का पालन करने को लेकर कभी कोई संदेह नहीं था और बीसीसीआई ने वैश्विक संस्था के समक्ष इस पर चिंता नहीं जताई थी।पाकिस्तान की टीम 2023 में जब एकदिवसीय आईसीसी विश्व कप के लिए भारत आई थी तब उनके पोशाक पर प्रोटोकॉल के तहत भारत का नाम था। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पहली बार हाइब्रिड मॉडल के तहत हो रहा है क्योंकि बीसीसीआई को भारत सरकार से टीम को पाकिस्तान भेजने की अनुमति नहीं मिली थी। भारत पाकिस्तान सहित अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारतीय टीम अगर सेमीफाइनल या फाइनल में पहुंचने में सफल रही तक भी उसके मैच दुबई में होंगे। जहां तक रोहित शर्मा के पाकिस्तान दौरे का सवाल है, यह मामला अभी भी विचाराधीन है। बोर्ड को लाहौर में प्रस्तावित फोटो शूट और टूर्नामेंट पूर्व संवादाता सम्मेलन में रोहित के भाग लेने पर गहनता से विचार विमर्श करना होगा। यह देखना बाकी है कि क्या आईसीसी टूर्नामेंट के पूर्व होने वाले इन कार्यक्रमों को पाकिस्तान की जगह यूएई में स्थानांतरित कर देता है। इसमें हालांकि काफी लॉजिस्टिक चुनौतियां होंगी। मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 19 फरवरी को कराची में होगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत इसके एक दिन बाद बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।

## पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैनात होंगे करीब 17हजार सुरक्षाकर्मी

**लाहौर।** (भाषा) पाकिस्तान में 19 फरवरी से कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैचों के लिए कम से कम 17,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार पंजाब सरकार ने भाग लेने वाली टीमों के लिए 24 घंटे सुरक्षा प्रदान करने की तैयारी शुरू कर दी है जिसमें लाहौर और रावलपिंडी में टीम होटल के साथ-साथ मैच स्थलों को भी शामिल किया जाएगा। एक अधिकारी ने कहा, पंजाब सरकार मैचों और टीमों के लिए लगभग 12,500 अधिकारी और अन्य सुरक्षाकर्मी तैनात करेगी। उन्होंने कहा कि लाहौर में मैचों के लिए विशेष कमांडो सहित 7,600 पुलिस और सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे जबकि विशेष शाखा के 411 सहित 4,500 अधिकारी रावलपिंडी में सुरक्षा की देखरेख करेंगे। अधिकारी ने कहा कि अगर जरूरी हुआ तो सेना के सहयोग से टूर्नामेंट के दौरान स्नाइपर्स और हवाई निगरानी की जाएगी।



# मांडविया ने एशियाई खेलों व 2036 ओलंपिक में खोखो को शामिल कररने की वकालत की



**नई दिल्ल।** (भाषा) खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को पारंपरिक भारतीय खेलों को दुनिया भर में ले जाने की सरकार की इच्छा व्यक्त की और कहा कि खोखो को एशियाई खेलों और 2036 ओलंपिक में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होगी। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है और उसने अपनी महत्वाकांक्षी योजना की दिशा में पहला ठोस कदम उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भविष्य मेजबान आयोग को अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए एक आशय पत्र प्रस्तुत किया है। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है तो खोखो उन छह खेलों में से एक होगा जिन्हें मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ट्वेंटी-20 क्रिकेट, कबड्डी, शतरंज और स्क्वाश के साथ 2036 ओलंपिक में शामिल करने की सिफारिश करने की योजना बना रही है। विश्व कप जीतने वाली भारतीय खोखो टीमों को सम्मानित करते हुए मांडविया ने कहा, हमने खोखो विश्व कप का आयोजन करके शानदार काम किया है और हमें यह प्रयास करना चाहिए कि इन खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में खेलने का मौका मिले। उन्होंने कहा, सरकार का प्रयास खोखो को 2036 के ओलंपिक में ले जाना भी है। इसके लिए खिलाड़ियों और कोचों को अच्छा प्रदर्शन करते रहना होगा, महासंघ को अच्छा प्रबंधन करते रहना होगा और खेल मंत्रालय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने में सहायता और सहयोग करता रहेगा। सम्मान समारोह में पुरुष और महिला टीमों के साथ टीम के कोच और भारतीय खोखो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल सहित अन्य लोग शामिल हुए।भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने 19 जनवरी को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खोखो विश्व कप का खिताब जीता। दोनों भारतीय टीमों ने फाइनल में नेपाल को हराया। देश में पारंपरिक खेलों के पुनरुत्थान के बारे में बात करते हुए मांडविया ने कहा, पारंपरिक खेल सामुदायिक भावना और सहनशीलता को दर्शाते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ए हमारे पारंपरिक खेल मूल्यों को बनाए रखते हैं। दुनिया इन पारंपरिक खेलों की समृद्धि से बहुत कुछ सीख सकती है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर जिक्र किया है कि हमें पारंपरिक खेलों को सर्वश्रेष्ठ एक्सपोजर देना होगा। अब हमारी टीम को सर्वश्रेष्ठ एक्सपोजर ही नहीं मिल रहा बल्कि टीम शानदार प्रदर्शन भी कर रही हैं। भारतीय महिला खोखो टीम के मुख्य कोच सुमित भाटिया ने टीम की सफलता का श्रेय यहां कराए गए एक महीने के शिविर को दिया। उन्होंने कहा, 10 दिसंबर को हमने 60 खिलाड़ियों के साथ शिविर शुरू किया। उनमें से हमने पुरुष और महिला टीमों के लिए प्रत्एक में सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी चुने। टीमों में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के खिलाड़ी शामिल थे और शिविर ने उन्हें एकजुट होने में मदद की।

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

## बुमराह शीर्ष पर बरकरार



**दुबई।** (भाषा) भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को जारी ताजा आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं जबकि रविंद्र जडेजा ने भी हरफनमौला खिलाड़ियों के वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट से पहले जनवरी में 907 अंक के साथ अब तक की सर्वोच्च आईसीसी रैंकिंग रेटिंग दर्ज करके इतिहास रचने वाले भारतीय गेंदबाज बुमराह 908 अंक के साथ अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (841) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (837) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के नोमान अली (761) मुल्तान में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद शीर्ष 10 में पहुंच गए। टेस्ट प्रारूप में शीर्ष-10 ऑलराउंडरों की सूची में कोई बदलाव नहीं हुआ जिसमें जडेजा (400 रेटिंग अंक) शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन (294) और बांग्लादेश के मेहदी हसन (263) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

# वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा चमके, भारत सात विकेट से जीता

**भाषा।** कोलकाता



**मिस्ट्री** स्पिनर वरूण चक्रवर्ती (23 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अभिषेक शर्मा (79 रन) की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी से भारत ने बुधवार को यहां पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से शिकस्त दी। भारत ने अभिषेक के अर्धशतक की बदौलत 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर आसान जीत से श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।
कप्तान जोस बटलर (68 रन) के अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम शुरूआती झटकों से उबर नहीं सकी और 20 ओवर में 132 रन पर सिमट गई। उसके लिए बटलर के अलावा सिर्फ दो अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। अभिषेक और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (26 रन) ने तेज शुरूआत कराकर पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। सैमसन ने 20 गेंद में चार चौके और एक गगनदाई छक्का जड़ा।

सैमसन की पारी तब खत्म हुई जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर (21 रन देकर दो विकेट) की गेंद को पुल करने के प्रयास में उंचा उठा दिया और गुस एटकिन्सन ने बाउंड्री से भागते हुए शानदार कैच लपका। इसी पांचवें ओवर में कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पवेलियन लौट गए। वह आर्चर की लेग कटर गेंद पर बल्ला छुआ बैठे और विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने शानदार कैच लपक लिया। पावरप्ले में दो विकेट गंवाने के बाद अभिषेक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंद में आठ छक्के और पांच चौके जड़कर इंग्लैंड से मैच छीन लिया जिससे भारत ने 43 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक ने 200 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए तिलक वर्मा (नाबाद 19) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। अभिषेक के तरकश में हर तरह के शॉट्स थे, उन्होंने फ्लिक, अपरकट किया और सीधे बाउंड्री पर रन जुटाए। अभिषेक को 29 रन पर जीवनदान मिला जब आदिल रशीद ने तेज रिटर्न कैच टपका दिया। इसका फायदा उठाते हुए भारतीय सलामी बल्लेबाज ने अपने दृढ़निश्चय का परिचय दिया तथा इस लेग स्पिनर पर लगातार गेंदों पर एक चौका और दो गगनचुम्बी छक्के जड़े।

अभिषेक ने शानदार अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया, उन्होंने जेमी ओवरटन की तेज गेद पर हुक शॉट लगाया। भारत ने इस तरह 10 ओवर में दो विकेट पर 100 रन पूरे कर लिए थे जिससे जिससे लक्ष्य महज औपचारिकता रह गया। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया और कोच गौतम गंभीर ने फिट हुए मोहम्मद शमी को अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने का फैसला किया। भारत ने ओस गिरने के बावजूद तीन स्पिनर चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को शामिल करने का फैसला किया। इन तीनों तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का अच्छा साथ निभाया जिन्होंने लगातार ओवरों में इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (शून्य) और बेन डकेट (04) को आउट किया। इस प्रदर्शन की बदौलत अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय में युजवेंद्र चहल को पछाड़कर 97 विकेट से भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार ने अपने स्पिनरों का बखूबी इस्तेमाल किया। इससे पूर्व मिस्ट्री स्पिनर वरूण चक्रवर्ती (23 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स पर पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को 132 रन पर समेट दिया। कप्तान जोस बटलर (68 रन) के अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम शुरूआती झटकों से उबर नहीं सकी, उसके लिए सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया और कोच गौतम गंभीर ने फिट हुए मोहम्मद शमी को अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने का फैसला किया। भारतीय स्पिन तिकड़ी ने 12 ओवर में 67 रन देकर पांच विकेट झटके।

# रोहित को क्या करना है यह किसी को बताने की जरूरत नहीं: रहाणे



**मुंबई।** (भाषा) मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को कहा कि रोहित शर्मा को यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है और जब वह लय हासिल कर लेंगे तो उन्हें बड़ी पारी खेलने में कोई परेशानी नहीं आएगी। भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित लगभग एक दशक के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे। मुंबई की टीम बृहस्पतिवार से यहां बीकेसी मैदान पर जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी तो सभी की निगाहें रोहित और उनके भारत के सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल पर होंगी। रहाणे ने मुंबई के अभ्यास सत्र के दौरान बुधवार को यहां मीडिया से कहा, देखिए, रोहित, रोहित है। हम सभी यह जानते हैं। आपको भी पता है कि रोहित का व्यक्तित्व क्या है। मैं उन दोनों (रोहित और जायसवाल) को मुंबई के ड्रेसिंग रूम में वापस पाकर बहुत खुश हूं। रहाणे ने कहा,, रोहित कभी तनाव लेना पसंद नहीं करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए भी उनका चरित्र वैसा ही है। उनका रवैया काफी सहज है। वह अपने खेल को अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए किसी को उन्हें यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है। रहाणे ने कहा, वह एक बार क्रीज पर थोड़ा समय बिताने के बाद अच्छा करेंगे। उन्होंने खुद में कोई बदलाव नहीं किया है जो काफी अच्छी बात है। पिछले कुछ महीनों से 37 वर्षीय रोहित बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। वह घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट श्रृंखलाओं में मिली करारी शिकस्त के बाद आलोचना का सामना कर रहे हैं। रहाणे ने कहा कि हर खिलाड़ी करियर में उतार-चढ़ाव से गुजरता है लेकिन रोहित वास्तव में आश्वस्त हैं। रोहित के साथ लंबे समय तक भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, इस में अहम बात यह है कि रोहित में अच्छा प्रदर्शन करने का जज्बा बरकरार है। वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ है। मुझे यकीन है कि एक बार जब वह मैदान पर उतरेंगे तो ऐसा करने में सफल रहेंगे। राहणे ने कहा, रोहित ने कल अभ्यास के कुछ सत्रों में अच्छी बल्लेबाजी की। मैं रोहित के अच्छे प्रदर्शन को लेकर वास्तव में आश्वस्त हूं। रहाणे ने कहा कि जम्मू कश्मीर के खिलाफ यह मैच इस सत्र में रोहित के लिए एकमात्र मुकाबला हो सकता है। रोहित इंग्लैंड के खिलाफ छह फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और उसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी करेंगे। रहाणे ने कहा, मुझे लगता है कि वह सिर्फ इस मुकाबले को खेलेंगे। अगले मैच में उनकी उपलब्धता के बारे में मुझे पता नहीं है।अगले चार दिनों तक उनके सुझाव हमारे लिए काफी अहम होंगे।

## रिहैब के दौरान डर का एहसास था, लेकिन उस दौर से निकल चुका हूं



**कोलकाता।** (भाषा) भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने खुलासा किया है कि चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद जब उन्होने रिहैबिलिटेशन शुरू किया तो वह डर की भावना से घिर गए थे, लेकिन राष्ट्रीय टीम मे वापसी करने की दृढ़ इच्छाशक्ति से वह उस चरण से उबरने में कामयाब रहे। शमी को नवंबर 2023 मे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप फाइनल हारने के बाद टखने की चोट के कारण राष्ट्रीय टीम से बाहर होना पड़ा था। उन्हें इसकी सर्जरी करानी पड़ी। इसके बाद जब वह राष्ट्रीय टीम मे वापसी करने के करीब थे तभी उनके बाएं घुटने में सूजन आ गई थी। इस तेज गेंदबाज को अब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैच की टी20 श्रृंखला के लिए भी टीम मे शामिल है। शमी ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो मे कहा, मैने पूरे एक साल तक इंतजार किया और (पूरी फिटनेस हासिल करने के लिए) बहुत मेहनत की। रिहैबिलिटेशन के दौरान दौड़ते समय भी चोटिल होने का डर था। उन्होने कहा, किसी भी खिलाड़ी के लिए जब वह टीम मे वापसी करने के करीब हो तब चोटिल होना बहुत मुश्किल पैदा करता है। चोटिल होने पर फिर आपको रिहैबिलिटेशन के लिए एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) जाना पड़ता है और फिर वापसी करनी होती है। शमी ने हालांकि कहा कि चोट लगने के बाद कोई भी खिलाड़ी अधिक मजबूत बन जाता है। उन्होने कहा, जब आप चोटिल हो जाते है तो मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी के रूप मे आप अधिक मजबूत बन जाते है क्योंकि मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए आपको कई चीजे दोहरानी पड़ती है। शमी ने कहा कि वह असफलताओ से उबर चुके है और आगे बढ़ने के लिए उत्सुक है। उन्होने कहा, जो हो गया, हो गया। मै उस (चोट के) चरण से आगे निकल चुका हूं। यदि आप कड़ी मेहनत करते है तो आपको परिणाम मिलेंगे। मै इसी मे विश्वास करता हूं। यदि आप चोटिल हो जाते है तो आपको राष्ट्रीय टीम मे वापसी करने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति रखनी होगी। इसलिए (परिस्थितियों से) लड़ो और आगे बढ़ो।

# गांवों में खेल अकादमियां खुले तो पैरा खिलाड़ियों के लिए अच्छा होगा: मुरलीकांत

**नई दिल्ली।** (भाषा) भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर को लगता है कि उनके जमाने मे गांवो मे खेलो के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं नही होती थी और अब भी पैरा खिलाड़ियो के लिए उपलब्ध सुविधाओ मे सुधार की दरकार है इसलिए ध्यान शहरो के साथ साथ ग्रामीण इलाको मे अकादमियां खोलने पर होना चाहिए। जर्मनी मे 1972 मे हुए पैरालंपिक खेलो मे मिली ऐतिहासिक जीत के 52 साल बाद पेटकर को अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होने इन खेलो मे पुरुषो की 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी मे स्वर्ण पदक जीता और तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए। इसके साथ ही वह पैरालंपिक मे व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले खिलाड़ी भी बने।महाराष्ट्र मे 1944 मे जन्मे पेटकर ने भाषा से बातचीत मे कहा, यह पुरस्कार पाकर बहुत खुश हूं। लेकिन गांवो मे अब भी खेलो के लिए उतनी सुविधाएं मौजूद नही है जैसे शहरो मे होती है, विशेषकर पैरा खिलाड़ियो के लिए। अस्सी साल के पेटकर कहा, मेरे जमाने मे देहात मे कुछ सुविधा नही होती थी। अब भी जो खेल अकादमियां बन रही है वो शहरो मे बन रही है। लेकिन गांवो मे भी अकादमियां बनाओ। मेरा यही कहना है कि गांव मे भी ऐसी उत्कृष्ट सुविधाएं हो। अपने जमाने से अबकी तुलना करते हुए उन्होंने कहा, पहले कोच अच्छा होता था तो खिलाड़ी अच्छा नही होता था। खिलाड़ी अच्छा होता था तो कोच अच्छा नही होता था। लेकिन अब कोच भी अच्छा होता है और खिलाड़ी भी। सभी पढ़े लिखे है, बड़े बड़े स्टेडियम है, जहां अच्छा कोच चाहिए, वहां अच्छा कोच मुहैया कराया जाता है, इसलिए बच्चे विश्व रिकॉर्ड बना रहे है।

# सिंधू और लक्ष्य करेंगे बैडमिंटन एशिया मिश्रित चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई

**नई दिल्ली।** (भाषा) दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता लक्ष्य सेन 11 से 16 फरवरी तक चीन के कुंगिदाओ में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए 14 सदस्ईय भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। भारत ने 2023 में दुबई में प्रतियोगिता के पिछले चरण में कांस्य पदक जीता था। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा, राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने टीम का चयन करते समय खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग और मौजूदा फॉर्म को अहमियत दी है। टीम में एचएस प्रणय और मालविका बंसोड़ क्रमश: दूसरे पुरुष और महिला एकल खिलाड़ी होंगे। मजबूत भारतीय टीम में स्टार युगल खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी होंगे। महिला युगल जोड़ी में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली या अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो में से कोई एक हो सकती है। तनीषा मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला के साथ जोड़ी बनाएंगी जबकि सतीश कुमार के और आद्या वरियाथ दूसरी जोड़ी होगी। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, हमने दो साल पहले कांस्य पदक जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन इस साल हमारा लक्ष्य फाइनल में पहुंचना है। फिर कुछ भी संभव है और हम पूरी कोशिश करेंगे।




**भारतीय टीम: पुरुष:** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, ध्रुव कपिला, एमआर अर्जुन, सतीश कुमार के।

**महिला:** पीवी सिंधू, मालविका बंसोड, गायत्री गोपीचंद, त्रीसा जॉली, अश्विनी पोनप्पा, तनीषा क्रास्टो, आद्या वरियाथ।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001